Page 11 खेल
Page 10 देश
हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2080
• औरंगाबाद • बुधवार • 06 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 86 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00






खेल
पेरिस ऑलंपिक्स : भारतीय पुरुष महिला टेबल टेनिस टीम को ऑलंपिक टिकट

देश
ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 के तहत अब तक हो चुकी है 71 हजार करोड़ की...

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹64,850 | ₹74,700 |



## आज का इतिहास

- 1961 : भारत का पहला वित्तीय डेली समाचार पत्र 'द इकोनोमिक टाइम्स' टाइम्स आफ इंडिया समूह द्वारा बॉम्बे में लॉन्च हुआ।
- 2009: भारतीय वायुसेना को तीन दशक तक अपनी सेवाएँ देने के बाद स्किंग-विंग लड़ाकू विमान मिग-23 ने अन्तिम उड़ान भरी।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार के 5 कलाकारों को कल राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी पुरस्कृत

**पटना (नि.सं.)।** संगीत, नृत्य और अभिनय की राष्ट्रीय अकादमी 'संगीत नाटक अकादमी' ने हाल ही में राष्ट्रीय पुरस्कारों और सम्मानों की घोषणा की है। साल 2022 और 2023 के लिए घोषित किए गए संगीत नाटक अकादमी अवार्ड के लिए बिहार के 9 कलाकारों का चयन किया गया है। इनमें से 5 कलाकारों को कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्हें संगीत नाटक अकादमी के मुख्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार पाने वाले पांच कलाकार गायक भरत शर्मा व्यास, मैथिली रंगमंच की अभिनेत्री प्रेमलता मिश्रा, लोकगायिका नीतू कुमारी नूतन, सुगम संगीत के लिए सीताराम सिंह और नाट्य लेखक आसिफ अलि हैदर हैं। इसके लिए सभी कलाकार रवाना हो चुके हैं। इसके अलावा 4 युवा कलाकारों का चयन बिस्मिल्लाह अवॉर्ड के लिए हुआ है।

### रक्षा मंत्रालय ने इंजन के उन्नत ईंधन के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली (ए.)।** रक्षा मंत्रालय ने भारी आकार वाले उपकरणों एवं वाहनों के इंजनों के लिए उन्नत ईंधन और नियंत्रण प्रणाली के देश में ही विकास के उद्देश्य से बीईएमएल लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानी) के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

### बीपीएससी ने उप प्राचार्य के 76 पदों पर निकाली वैकेंसी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से श्रम संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उप प्राचार्य के 76 पदों पर वैकेंसी निकली है। 25 मार्च 2024 से अभ्यर्थी इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वही ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल निर्धारित की गई है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.bpsc.nic.in पर जाकर जारी विज्ञापन को भी देख सकते हैं। इसमें अनारक्षित वर्ग के लिए 14 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 8 पद, अनुसूचित जाति के लिए 16 पद, अनुसूचित जनजाति के लिए 1 पद, अति पिछड़ा वर्ग 22, पिछड़ा वर्ग के लिए 15 पद शामिल है।

### हत्या मामले में वकील दामाद को उम्रकैद

**पटना (नि.सं.)।** पटना उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त सेक्शन ऑफिसर और उसकी पत्नी की हत्या तथा पुत्री पर जानलेवा हमला करने वाले दामाद वकील को बिहार में पटना की एक सत्र अदालत ने मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा के साथ 80 हजार रुपये का जुर्माना भी किया।

# मुख्यमंत्री ने शिक्षक और कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु 221.79 करोड़ रूपए किये जारी

**निज संवाददाता | पटना**

नीतीश कुमार ने होली से पहले विश्वविद्यालयों के शिक्षक और कर्मचारियों को 'स्पेशल गिफ्ट' दिया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों तथा उसके अधीनस्थ अंगीभूत, अल्पसंख्यक एवं अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु 221.79 करोड़ रुपये जारी किया गया है। इसमें सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मियों के सेवांत लाभ के भुगतान की राशि भी शामिल है।

शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को फरवरी के लिए 26.75 करोड़, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को नवंबर 2023 से फरवरी 2024 के लिए 59.37 करोड़, बीएन मंडल विश्वविद्यालय को जनवरी और फरवरी के लिए 27.56 करोड़, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को नवंबर 2023 से फरवरी 2024 के लिए 103 करोड़ से अधिक और मुंगेर विश्वविद्यालय को जनवरी और फरवरी के वेतन के लिए 4.43 करोड़ की राशि गैर वेतनादि मद में पेंशन के लिए दी गई है। वहीं स्वीकृत पदों पर विधिवत रूप से नियुक्त सभी शिक्षकेतर कर्मियों को वेतन सत्यापन कोषांग से संशोधित अद्यतन वेतन पुर्जा जारी होने तक 25 फीसदी राशि कटौती करके पेंशन का भुगतान किया जाएगा। इस राशि का व्यय वेतन पेंशन मद में ही किया जाएगा। जून 2023 फरवरी 2024 तक की राशि को माहवार बांट कर उपलब्ध बजटीय उपबंध के आधार पर राशि की गणना की गयी है।



### केंद्र ने दिए 93 करोड़

वित्तीय वर्ष 2023-24 में समग्र शिक्षा अभियान के तहत केंद्रांश मद में तृतीय किस्त के रूप में 93.93 करोड़ की राशि जारी की गयी है। इसके विरुद्ध राज्यांश के रूप में भी 62.62 करोड़ की राशि दी गयी है। उल्लेखनीय है कि चालू वित्तीय वर्ष में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कुल एक खरब दो अरब की राशि मंजूर की गयी थी।

## डॉक्टरों की पोस्टिंग का काम अब प्राथमिकता के आधार पर होगा

- इसके साथ ही विभाग में कई ऐसे डॉक्टर हैं, जो पदस्थापन की प्रतीक्षा में हैं, उन्हें भी तत्काल पदस्थापित करने के निर्देश विभाग को दिए गए हैं।

**निज संवाददाता | पटना**



प्रदेश के अस्पतालों में डॉक्टरों की पोस्टिंग का काम अब प्राथमिकता के आधार पर होगा। इस काम को लटका कर कतई नहीं रखा जाएगा। अस्पताल में जितने डॉक्टर की आवश्यकता होगी उतने डॉक्टर वहां तैनात किए जाएंगे। विधानमंडल में दिए गए आश्वासनों को प्राथमिकता मिलेगी। विधायक और विधान पार्षदों ने जिन अस्पताल में डाक्टरों के पदस्थापना की मांग की है, वहां पहले डॉक्टर तैनात होंगे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी ने विभाग को यह निर्देश दिए हैं। मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में डाक्टरों के पदस्थापन की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की मन पसंद पदस्थापन की मांग की जा रही है। इसको लेकर विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही विभाग में कई ऐसे डॉक्टर हैं, जो पदस्थापन की प्रतीक्षा में हैं, उन्हें भी तत्काल पदस्थापित करने के निर्देश विभाग को दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को सर्वसुलभ इलाज को लेकर काम किया जा रहा है। उस काम में किसी हाल में रुकावट नहीं आनी चाहिए। रोगी की मुफ्त जांच और इलाज सरकार की प्राथमिकता है।

# एमएलसी के लिए सीएम नीतीश कुमार ने चौथी बार किया नामांकन, 21 मार्च को वोटिंग और परिणाम

**निज संवाददाता | पटना**

सीएम नीतीश कुमार ने आज विधान परिषद के सदस्य के लिए नामांकन भरा है। एमएलसी के लिए उन्होंने चौथी बार पर्चा भरा है। उनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। नॉमिनेशन के दौरान एनडीए के बड़े नेता उनके साथ रहे। सीएम के साथ दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा भी पहुंचे। इस दौरान शिक्षा मंत्री विजय चौधरी समेत कई नेता भी मौजूद रहे। सीएम नीतीश कुमार, राबड़ी देवी समेत 11 सदस्यों का कार्यकाल मई के पहले सप्ताह में समाप्त हो रहा है। नोटिफिकेशन के मुताबिक खाली होनेवाली सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया 4 मार्च से शुरू हुई, जो 11 मार्च तक चलेगी। अगले दिन यानी 12 मार्च को नामांकन की जांच होगी। नामांकन वापस लेने की तारीख 14 मार्च है। संभावना है कि 21 मार्च को वोटिंग हो सकती है। इसी दिन नतीजे भी आएंगे। संख्या बल के हिसाब से जेडीयू के खाते में दो सीटें आई हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। साथ ही जदयू के दूसरे कैंडिडेट खालिद अनवर ने भी पर्चा भरा है। सीएम नीतीश कुमार के साथ ललन सिंह भी विधान परिषद पहुंचे थे। बिहार में नई एनडीए सरकार बनने के बाद विधानसभा की संख्या बल के आधार पर एनडीए के पांच उम्मीदवार का जीतना तय है। छठे सदस्य की जीत के लिए अतिरिक्त वोट जुटाने होंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, एक उम्मीदवार की जीत के लिए 22 विधायकों के समर्थन की जरूरत होगी। ऐसे में एनडीए के पास भाजपा के 78, जदयू के 45 और हम के चार एवं एक निर्दलीय विधायक के वोट हैं। इनमें तीन सीटें भाजपा आसानी से जीत लेगी और जदयू की दो सीटें निकल लेगी। एक सीट पर मुख्यमंत्री का चुनाव होगा। दूसरी सीट पर जदयू के ही किसी दिग्गज को भेजा जाएगा।



### विधान परिषद में कुल 75 सीटें

विधान परिषद में कुल 75 सीटें हैं। इसमें 27 जनप्रतिनिधियों का चुनाव विधानसभा के सदस्य करेंगे। विधान परिषद की एक-तिहाई सीटें हर दो साल के बाद रिक्त होती है, जिसपर मतदान कराया जाता है। विधान परिषद की 11 सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल छह मई को पूरा हो रहा है। इन सभी सदस्यों का चुनाव भी विधानसभा के सदस्य करेंगे। इसके लिए विधानसभा में ही बूथ का गठन किया जाएगा।

### इन सदस्यों का कार्यकाल हो रहा समाप्त

बिहार विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल छह मई 2024 को समाप्त हो रहा है उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, खालिद अनवर, प्रेमचंद्र मिश्रा, मंगल पांडेय, विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी, उप सभापति रामचंद्र पूर्वे, रामईश्वर महतो, संजय पासवान, सैयद शाहनवाज हुसैन, संजय कुमार झा और मंत्री संतोष कुमार सुमन के नाम शामिल हैं। इनमें संजय कुमार झा राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं।


## शिक्षक भर्ती : सात मार्च से डाउनलोड कर सकते हैं एडमिट कार्ड

**पटना (नि.सं.)।** बीपीएससी की ओर से आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण के लिए डेटशीट जारी पहले ही जारी कर दिया गया था। आयोग ने आज एडमिट कार्ड को लेकर एक अहम सूचना जारी किया है। 7 मार्च से अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर सकते हैं। वही 15 और 16 मार्च को 26 जिलों के परीक्षा केदो पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 15 मार्च को दो पाली और 16 मार्च को एक पाली में परीक्षा होगी। 15 मार्च को पहले पाली की परीक्षा सुबह 9:30 से शुरू होकर दोपहर 12:30 तक चलेगी। इसमें मध्य विद्यालय कक्षा 6-8 के लिए गणित और विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं उर्दू की परीक्षा होगी। दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शुरू होकर शाम 5:00 बजे तक चलेगी।

# राज्य में जजों एवं पदाधिकारियों का तबादला

- 7 आईएएस, 22 डीएसपी और 76 बीएएस अफसर का भी तबादला। इसके साथ ही 16 अनुमंडल में नए एसडीओ, 2 डीडीसी, 3 एडीएम बदले गए थे।

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार सरकार ने हाईकोर्ट के निर्देश पर न्यायाधीशों की पोस्टिंग की है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी की गई है। जारी अधिसूचना के मुताबिक जमुई के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धीरेंद्र बहादुर सिंह को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गोपालगंज भेजा गया है। पटना उच्च न्यायालय की अनुशंसा के बाद तीन उत्पाद न्यायालयों में पीठासीन पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। ये सभी पीठासीन पदाधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्तर के हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दरभंगा रवि शंकर कुमार को विशेष उत्पाद न्यायालय संख्या दो दरभंगा का पीठासीन पदाधिकारी बनाया गया है। कैमूर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार ठाकुर को विशेष उत्पाद न्यायालय संख्या-एक कैमूर का पीठासीन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जबकि नवादा के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष राय को विशेष उत्पाद न्यायालय संख्या- दो नवादा का पीठासीन पदाधिकारी बनाया गया है।

बिहार में बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला भी सोमवार को किया गया था। इसमें 7 आईएएस, 22 डीएसपी और 76 बीएएस अफसर शामिल थे। इसके साथ ही 16 अनुमंडल में नए एसडीओ, 2 डीडीसी, 3 एडीएम बदले गए थे। इसको लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी थी । नोटिफिकेशन के अनुसार डीएसपी, डीआईजी कार्यालय चंपारण क्षेत्र अजय कुमार को बारसोई का एसडीपीओ बनाया गया है। वहीं, मधेपुरा के डीएसपी सुरेंद्र कुमार को एसडीपीओ सुपौल की जिम्मेदारी दी गई थी।

## बिहार में 61787 लाभार्थियों के बीच वित्त मंत्री ने वितरित किया 1349.52 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जेपीयू परिसर में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में 1349.52 करोड़ रुपये के ऋण का वितरण किया है। इसके साथ ही सारण के चयनित 10 सरकारी विद्यालयों के 20 विद्यार्थियों को 'चंद्रयाण' भेट कर प्रोत्साहित किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जेपीयू परिसर में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में 1349।52 करोड़ रुपये के ऋण का वितरण किया है। इसके साथ ही सारण के चयनित 10 सरकारी विद्यालयों के 20 विद्यार्थियों को 'चंद्रयाण' भेट कर प्रोत्साहित किया।

# बिहार विधानसभा सुरक्षा प्रहरी भर्ती परीक्षा रद्द

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विधानसभा में सुरक्षा प्रहरी पदों पर भर्ती के लिए आयोजित हुई परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। अब इसके लिए नए सिरे से परीक्षा होगी। नई परीक्षा तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। सुरक्षा प्रहरी (मार्शल) के 69 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 10 सितंबर को प्रारंभिक परीक्षा हुई थी। इसमें 27 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसके बाद इसी साल 19 से 22 जनवरी तक अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच व दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी। दरअसल, विधानसभा सचिवालय को परीक्षा लेने में पारदर्शिता की कमी की शिकायत मिली थी। इस संबंध में सभा सचिवालय को प्रतिवेदन भी प्राप्त हुआ था। इसी के आधार पर पूरी तरह विचार करने के बाद सुरक्षा प्रहरी के लिये विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत ली गई परीक्षाओं को रद्द करने का निर्णय लिया गया। राज्य विधानसभा सचिवालय के उप सचिव राम कुमार यादव द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, प्राप्त रिपोर्टों पर विचार करने के बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। इसकी डिटेल्स बाद में बिहार विधानसभा की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष आनंद किशोर यादव ने कहा कि वह इस मामले को देख रहे हैं। परीक्षा कैंसिल किए जाने का निर्णय लिए जाने के बाद उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष को धन्यवाद दिया।

## आज बेतिया आ रहे हैं प्रधानमंत्री, दो लाख करोड़ योजनाओं की देंगे सौगात

**निज संवाददाता | बेतिया**



बेतिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम स्थल को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है। तमाम सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। बता दें कि आज दोपहर 1 बजे पीएम मोदी बेतिया के हवाई अड्डा मैदान में पहुंचेंगे। इस दौरान पीएम चंपारणवासियों को 2 लाख करोड़ के योजनाओं की सौगात देंगे।

इधर मंगलवार सुबह से पश्चिम चंपारण के सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल, जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी समेत कई अधिकारी पहुंच कर स्थल का इंजेक्शन कर रहे हैं और पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित कर रहे हैं। इस दौरान संजय जायसवाल ने बताया कि कल प्रधानमंत्री चंपारण की पावन धरती पर आ रहे हैं। उनके स्वागत के लिए पूरा चंपारण सज-धजकर तैयार हो चुका है। कल चंपारण वासियों को प्रधानमंत्री बड़ी सौगात देंगे। वो करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। पीएम के आगमन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। कल एनडीए के एक-एक कार्यकर्ता लाखों की संख्या में कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे, रोड, बिजली, पेट्रोलियम हर सेक्टर में काम हो रहा है। कोई क्षेत्र विकास से अछूता नहीं है। बिहार के विकास के लिए जितने पैसों की जरूरत है, भारत सरकार दे रही है। 2 लाख 78 हजार करोड़ के बजट में से 52 हजार करोड रुपए हम अपने संसाधन से लाते हैं। लगभग 2 लाख करोड़ रुपए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दे रहे हैं।

## भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सेनाओं का एकीकरण जरूरी : राजनाथ

**एजेंसी | नयी दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निरंतर बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच तीनों सेनाओं के एकीकरण और उनके बीच तालमेल बढ़ाने पर बल दिया है। श्री सिंह ने मंगलवार को शुरू हुए नौसेना के शीर्ष कमांडरों के तीन दिन के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया । उन्होंने समुद्र में नौसेना की 'ट्विन-कैरियर ऑपरेशन' संचालित करने की क्षमता को भी वहां जाकर देखा। इस दौरान नौसेना के दोनों विमानवाहक पोतों ने भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना की बढ़ती क्षमताओं का प्रदर्शन किया। रक्षा मंत्री ने नौसेना कमांडरों को संबोधित करते हुए हिंद महासागर क्षेत्र में बहुआयामी क्षमताओं को बढ़ाने और लगातार नेतृत्व की भूमिका में उभरने के लिए भारतीय नौसेना की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुसार क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) के अनुरूप, हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि की दिशा में काम करने के लिए नौसेना के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना के समुद्री डकैती विरोधी अभियानों की न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में सराहना की जा रही है। श्री सिंह ने वैश्विक प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के अलावा, समुद्री सुरक्षा और भारत की संप्रभुता बनाए रखने में नौसेना के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।

# सरकारी स्कूलों में बदला परीक्षा का पैटर्न, हर जिले में अलग होगा प्रश्न पत्र

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के प्राथमिक और मध्य विद्यालय में कक्षा एक से आठ की वार्षिक परीक्षा की तैयारी शुरू हो गयी है। 18 मार्च से शुरू होने वाली इस वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका की छपाई के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। हर जिले के लिए अलग-अलग टेंडर जारी किया गया है। खास बात यह है कि प्रत्येक जिले में अलग-अलग प्रश्न पत्र होगा। यह पहला मौका होगा जब विभाग के स्तर से ऐसा प्रयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को इस बार परीक्षा में अंक की जगह ग्रेड देने की तैयारी है। प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका के कागज की क्वालिटी और साइज का विवरण डीइओ कार्यालय की ओर से जारी किया गया है। प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका ए 3 साइज का होना चाहिए और काजग की क्वालिटी 70 जीएसएम की होनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को उत्तर लिखने में आसानी हो। प्रश्न पत्र की छपाई के बाद वर्गवार और विषयवार अलग-अलग 600-600 प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका का बंडल तैयार किया जायेगा।



### परीक्षा में कोई बच्चा नहीं होगा फेल

विभागीय निर्देश के अनुसार स्कूलों में कमजोर बच्चों के लिए मिशन दक्ष के तहत कक्षा एक आठ तक के लिए विशेष कक्षाएं प्रतिदिन आयोजित की जा रही हैं। निर्देश में कहा गया है कि यदि कोई बच्चा वार्षिक परीक्षा में असफल होता है, तो उक्त स्कूल के प्रधानाध्यापक और शिक्षक जिम्मेदार होंगे। इसको देखते हुए स्कूलों के शिक्षक प्रतिदिन कमजोर बच्चों को पढ़ाने में व्यस्त हैं। इसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विभाग को भेजी जा रही है।

### परीक्षा कार्यक्रम

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने इसके लिए परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसके तहत कक्षा पांच और आठ की परीक्षा 18 से 21 मार्च तक होगी। इसी तरह कक्षा एक से चार और कक्षा छह और सात की परीक्षा 21 से 28 मार्च तक चलेगी। सभी कक्षाओं की परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर एक से तीन बजे तक चलेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### ईंट भट्ठा पर से भारी मात्रा में जंगली लकड़ी जब्त,मुंशी समेत तीन लोग गिरफ्तार



**रजौली**। थाना क्षेत्र के मुरहेना पंचायत के पहवा गांव स्थित ईंट भट्ठा के परिसर से बीती रात्रि वन कर्मियों ने भारी मात्रा में जंगली लकड़ी को जब्त किया।वहीं ईंट भट्ठा के मुंशी एवं दो अन्य काम करने वाले लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।रेंजर मनोज कुमार ने कहा कि बीती रात्रि गुप्त सूचना मिली कि पहवा निवासी रामोतार यादव के पुत्र विनय यादव के ईंट-भट्ठा पर हरे भरे जंगल से लकड़ी काटकर उपयोग किया जा रहा है।सूचना के आलोक में वनकर्मियों की एक टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान ईंट-भट्ठा के परिसर में पड़े रहे लगभग एक ट्रैक्टर जंगली लकड़ी को जब्त किया गया।वहीं ईंट-भट्ठा के मुंशी परनाडावर थाना क्षेत्र के सुखनर गांव निवासी शुकर प्रसाद के पुत्र राजकुमार प्रसाद एवं कुम्हरुआ गांव निवासी मुंद्रिका प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार एवं विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया है।रेंजर ने कहा कि जब्त जंगली लकड़ी को वन कार्यालय परिसर में रखा गया है।वहीं गिरफ्तार लोगों एवं ईंट-भट्ठा मालिक के विरुद्ध वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार लोगों को मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई के मौके पर वनपाल,वनरक्षी एवं टेकर भी मौजूद रहे।

### डीएम व उपविकास आयुक्त ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन



**नवादा**। आशुतोष कुमार वर्मा जिलाधिकारी, नवादा एवं श्री दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा ने सदर प्रखंड नवादा स्थित वन स्टॉप सेंटर के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि भवन के बन जाने से उन महिलाओं को तात्कालिक रूप से आश्रय मिलेगा जो पीड़ित है। उन महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं भावनात्मक परामर्श के साथ-साथ पुलिस सुरक्षा भी मिलेगी, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मबल जागेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में इस केन्द्र के माध्यम से महिलाओं को कई स्तरों पर एक साथ न्याय मिल पाएगा। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की समस्या के समाधान के लिए यह योजना है। थाना स्तर पर महिला हेल्पलाइन में आने वाले घरेलू हिंसा समेत अन्य मामलों में वन स्टॉप सेंटर का काउंसलिंग के मामले में सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर श्री राजकुमार सिंहा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा सदर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, श्रीमती कुमारी रिता सिंहा डीपीओ आईसीडीएस, श्रीमती राजकुमारी केन्द्र प्रशासक महिला हेल्प लाईन नवादा, श्रीमती हिना तबसुम जिला समन्वयक मिशन शक्ति नवादा आदि उपस्थित थे।

### नौ मार्च को होगा एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन

**नवादा**। श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेषानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक-09.03.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पैसिफिक इंडिया प्रा0लि0 पटना की कम्पनी के द्वारा क्वालिटि प्रोडक्षन ऑपरेटर, के 20 पद के लिए योग्यता दसवीं, बारहवीं, आई0टी0आई0 एवं ग्रेजुएषन होना चाहिए, उम्र-18 से 35 वर्ष, वेतन-10000 से 20000 के साथ ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0सी0 की सुविधा। जॉबलोकेषन-नोएडा है। इच्छुक आवेदक/आवेदिकाएं अपने षैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छाया प्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं वही आवेदक रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक निबंधित नही हैं वो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, नियोजन के षर्तो के लिए वे जिम्मेदार होगें। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं में मोदी को पुनः पीएम बनाने की अपील

**नारदीगंज**। नारदीगंज भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में केन्द्र सरकार से लाभ लेनेवाले लाभार्थी से मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के तरफ से नमस्ते किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार ने किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पसई,ननौरा, परमा, खुशहाल बिगहा,सहजपुरा समेत अन्य गांव गये,और लाभार्थी के दरवाजा पर स्टिकर लगाया,उसके बाद उन्होंने लाभार्थी के नंबर केन्द्र सरकार के पोर्टल पर मिस्ड कॉल भी करवाया । सभी अभ्यर्थी मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की बात कही। मौके पर जयनन्दन सिंह, विपिन सिंह,सूरज पासवान,उपेन्द्र सिंह पोखन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### आठ महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों के आठ महिलाओं को बंध्याकरण कर परिवार नियोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने कार्यक्रम में आये आठ महिलाओं को बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया।कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में शामिल महिलाओं को खून जांच,मूत्र जांच,रक्त चाप व अन्य जांच किया।मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, परिचारी आशिक आलम के अलावा ममता कार्यकर्ता उषा कुमारी मौजूद रहे

### पेयजल संकट को दूर करने की मांग

**नारदीगंज**। प्रखंड के इचुआ करना पंचायत की जगदीश पुर गांव के अनुसूचित टोला में पेयजल संकट बना हुआ है। यह वार्ड संख्या बारह में है। इस टोला में 200 घर अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं। एक पहाड़ी चापाकल है,वह भी दम तोड़ दिया है,वही सात निश्चय योजना का हाल भी बुरा है।लोगों को कई माह से नलजल का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। निजी कुआं पर पानी लाकर ग्रामीण प्यास बुझाते है,जहां लोगों को कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है। ग्रामीण अक्षय कुमार, नीतिश मांझी,इंदल मांझी ,सनोज कुमार,सुधीर कुमार समेत अन्य लोगों ने डीएम को आवेदन देकर पेयजल समस्या को दूर करने की मांग किया है। इधर,पीएचईडी के कनीय अभियंता प्रिंस कुमार कहते हैं कि स्थलीय निरीक्षण कर जल्द पेयजल संकट दूर कर दिया जाएगा।

### अपहृत नाबालिग युवती बरामद, आरोपी युवक फरार

**खोदावंदपुर/बेगूसराय**। मेघौल गांव से एक अपहृत नाबालिग लड़की को पुलिस द्वारा बरामद किया लिया है, जबकि अपहरण का आरोपी युवक भागने में सफल रहा. बरामद लड़की को पुलिस द्वारा मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय ले जाया गया तथा इस केस के अनुसंधानकर्ता एसआइ दिलीप कुमार दिवाकर द्वारा अपहृत युवती का न्यायालय में 164 के तहत ब्यान भी दर्ज कराया गया है. इस मामले में युवती के परिजन ने बाड़ा पंचायत के तेतराही गांव स्थित वार्ड 11 निवासी रंजन यादव के 20 वर्षीय पुत्र ललन कुमार एवं उनके परिजनों के विरुद्ध नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपहरण कर लिये जाने का मामला खोदावन्दपुर थाना में दर्ज कराया था.पुलिस ने अपहरण के आरोपी युवक के पिता रंजन यादव को हिरासत में ले लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है. इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने दी है.

# गलत साइड से आ रहे हाइवा ने ट्रक में मारी टक्कर, चालक भर्ती

निज संवाददाता। **रजौली**



थाना क्षेत्र के हरदिया स्थित एनएच-20 पर गलत साइड से आ रहे एक हाइवा ने सामने से आ रही एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी।इस टक्कर से हाइवा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया।जिसे रात्रि में ही हाइवा मालिक द्वारा झारखण्ड के कोडरमा में किसी अस्पताल में इलाजरत है।वहीं सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच सड़क पर से वाहनों को किनारे करने में जुट गई।ताकि आवागमन बाधित न हो सके।बताया जाता है कि सोमवार की देर रात्रि लगभग दो बजे हरदिया सेक्टर ए के पास छोड़े गए कट से जांच चौकी के तरफ आ रही हाइवा संख्या जेएच10बीएल6724 गलत साइड से प्रवेश कर बांके मोड़ स्थित धर्मकांटा पर वजन कराने जा रहा था।वहीं दूसरी तरफ नवादा की ओर से एक ट्रक संख्या जेएच12जी9048 आ रही थी।इसी दौरान रात्रि में लाइट में स्पष्ट दिखाई नहीं देने से हाइवा और ट्रक में टक्कर हो गई।घटना के दौरान एक जोरदार आवाज भी हुई,जिससे सड़क किनारे स्थित घरों के लोग भी भयभीत हो गए।

**फोरलेन में यू टर्न नहीं रहने से सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी-** बीते कुछ दिनों पूर्व प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह बड़े ही बेहतर तरीके से मनाया गया।इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बिना हेलमेट के घूम रहे दोपहिया वाहन चालकों से जुर्माना की राशि भी वसूली गई एवं कड़ी हिदायत भी दिया गया।वहीं कई निजी कारों से भी सीट बेल्ट आदि का जुर्माना कर लोगों को सुरक्षित चलने की सलाह दी गई।वहीं बीते वर्ष 27 जून 2023 को तत्कालीन डीटीओ अनुराग कौशल के नेतृत्व में एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष,एसडीपीओ पंकज कुमार,एनएचएआइ के पदाधिकारियों एवं अनुमण्डल अंतर्गत सभी थानाध्यक्ष एवं सीओ के साथ मीटिंग कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र एवं मोड़ को चिन्हित कर दूर करने के उपाय आदि को लेकर प्रतिवेदन भी सुपुर्द करने को निर्देश दिए गए थे।अखबारों में खबरों के प्रकाशन के बाद फोरलेन के आसपास रहे घनी आबादी वाले ग्रामीणों को आशा थी कि अब कुछ निष्कर्ष निकलेगा किन्तु स्थिति पूर्ववत ही बनी रही।ऐसा लगता है मानों फिर जब सड़क सुरक्षा सप्ताह आदि अभियान आता है तो जिले से लेकर स्थानीय पदाधिकारी सक्रिय होतें है।फिर बाद में शिथिलता के कारण समस्याएं बनी रहती है।जबकि एनएच-20 व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्गों में से एक है।फोरलेन सड़कों में सुरक्षा के मानकों को दूर रखकर ग्रामीणों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है।जिसका भुगतान आये दिन किसी मां,पत्नी,बच्चे,भाई बहन आदि को अपना बेटा,पति,पिता व भाई खोकर चुकाना पड़ रहा है।

**पदाधिकारी से लेकर आमलोग शॉर्टकट हेतु गलत साइड से करते हैं आवागमन-** अनुमण्डल कार्यालय भी एनएच-20 के किनारे अवस्थित है। जहां प्रत्येक दिन एसडीओ, एसडीपीओ, डीसीएलआर, सब रजिस्ट्रार, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अलावे अन्य कर्मी एवं ग्रामीण भी प्रतिदिन रजौली से अनुमण्डल कार्यालय जाते हैं।किंतु लौटते वक्त लगभग सभी लोग अनुमण्डल कार्यालय से गलत साइड में चलकर बांके मोड़ तक पहुंचते हैं।उसके बाद डाकबंगला चौराहा होते हुए अपने-अपने सरकारी आवास एवं निजी आवास जाते हैं।आम लोग हों या पदाधिकारी वर्ग के लोग हों सभी को सुविधा की जरूरत है।यदि सभी लोग अनुमण्डल कार्यालय से महज 500 मीटर दूर गलत दिशा में नहीं चलेंगे तो उन्हें हरदिया सेक्टर ए के पास फोरलेन द्वारा छोड़े गए कट के पास से घूमना पड़ेगा जो लगभग 5 किलोमीटर का फासला होगा।अब सभी लोग पांच किलोमीटर बनाम 500 मीटर में उलझ कर रह जाते हैं।जिससे सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है।

## आसन्न लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डीएम ने वाहन कोषांग के अधिकारियों के साथ किया बैठक




निज संवाददाता। **नवादा**

आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन के अवसर पर लोक सभा आम निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निश्चित समय पर सम्पन्न कराने के लिए वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, लिपिक, कार्यपालक सहायक एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। वाहन कोषांग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने नोडल पदाधिकारी वाहन कोषांग सह जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा श्री अनिल कुमार दास से वाहनों की उपलब्धता एवं आकलन की जानकारी लेते हुए वाहन उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच कार्यो का आवंटन, कोषांग की कार्य योजना, दिवसवार टाईम प्लानर आदि के बारे में फिडबैक लिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी श्रेणी के वाहनों की सूची जल्द तैयार कर लें एवं वाहनों का ससमय अधिग्रहण सुनिश्चित करेंगे। वाहन अधिग्रहण संबंधी प्रपत्र, लॉग बुक, विपत्र प्रपत्र, पम्पलेट आदि के मुदण के लिए आकलन कर लेंगे। नियत समय पर आवश्यकतानुसार मतदान दल, जोनल, सेक्टर एवं अन्य दंडाधिकारियों/पदाधिकारियों को इंधन सहित वाहन उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेंगे। वाहन मालिकों, संघ, पड़ाव संचालकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सारी तैयारियां पूर्ण कर लें। आगामी चुनाव के संचालन को लेकर पूरी तैयारियों सहित सुरक्षा के साथ-साथ आवागमन के विभिन्न पहलुओं पर उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विस्तृत रूप से समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। आज की बैठक में श्री चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, श्री अनिल कुमार दास जिला परिवहन पदाधिकारी, श्री महेश कुमार पासवान उप निर्वाचन पदाधिकारी, वाहन कोषांग के सहायक नोडल पदाधिकारी, लिपिक, कार्यपालक सहायक एवं पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## अंधविश्वास जली महिला का सही इलाज नही हो सका

निज संवाददाता। **बखरी बेगूसराय**



बखरीमें एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है जिसमें की आग से एक महिला के जलने के बाद परिजनों ने अंधविश्वास की वजह से मौलवी एवं झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में महीना बिता दिया और जब महिला की हालत बिगड़ने लगी तब उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना बखरी थाना क्षेत्र के सोनवा प्राणपुर गांव की है। पीड़ित महिला की पहचान सोनमां निवासी मोहम्मद इसराफुल की पत्नी समीना खातून के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि 26 जनवरी को ही अलाव सेवन के दौरान समीना खातून आग से झुलस गई थी। लेकिन उसके बाद गांव के लोगों एवं परिजनों ने बताया कि महिला को भूत ने पकड़ लिया था और इसी वजह से उसे गांव के ही एक मौलवी के यहां ले जाया गया तथा उसे ताबीज दिलाया गया। बाद में गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर से उसका इलाज भी करवाया गया। और इस अंधविश्वास में जब एक महीना से अधिक बीत गया और महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ तब उसे बीती रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । मिली जानकारी के अनुसार महिला का पति इसराफुल बंगाल में रहकर मजदूरी का काम करता है और उक्त घटना के बाद जब वह घर पहुंचा था तब तक परिजनों के द्वारा उसे एक मौलवी के संरक्षण में रखा गया था। लेकिन अब महिला की हालत जब काफी बिगड़ गई तब उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर थाना प्रभारियों एवं सम्मानित अधिवक्ताओं के साथ किया गया बैठक

निज संवाददाता। **नवादा**



नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के मार्गदर्शन में पुरूषोत्तम मिश्र, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश के आलोक में दिनांक 09.03.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में आज को जिले के थाना अध्यक्षों/थाना प्रभारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित थाना अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत किये गये तामिला प्रतिवेदन का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिस थाना से कम नोटिसों का तामिला प्राप्त हुआ है उस थाना के थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत देते हुए शत प्रतिशत तामिला कराने का निर्देश दिया गया। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा उपस्थित थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक नोटिसों का तामिला करवायें एवं पक्षकारों को उपस्थित होने के लिए पंचायत एवं ग्राम स्तर पर पहल किया जाए क्योंकि निर्गत नोटिसों के तामिला के आधार पर ही लोक अदालत की सफलता निर्भर करती है। इसलिए निर्गत नोटिसों के शत्-प्रतिशत तामिला पर बल दें। बैठक के क्रम में संबंधित थानों में तामिला हेतु भेजे गए नोटिसों के अधिक से अधिक तामिला करवाने एवं तामिला प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन सुलह समझौते के आधार पर किया जा सके साथ ही नवादा न्यायमंडल में लंबित सभी प्रकार के सुलहनीय वादों के निष्पादन के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श के लिए नवादा न्यायमंडल के वरीय एवं सम्मानित अधिवक्ताओं एवं जिला अधिवक्ता, संघ नवादा के अध्यक्ष एवं महासचिव संतशरण शर्मा , श्री गौरी शंकर प्रसाद सिन्हे, प्रमोद कुमार वर्मा, संजय कुमार प्रियदर्शी, मो साजिद अयुब खान, तब्बसूम मेहर, अंजनी कुमार आदि गणमान्य अधिवक्तागण शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सम्मानित अधिवक्ताओं ने भी आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने स्तर से भरपूर सहयोग करने की बात कही। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के अतिरिक्त नवादा जिले के विभिन्न थाना यथा- नगर थाना, नवादा, सिरदला, काशीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, रोह, पकरीबरामा, गोविन्दपुर, कादिरगंज, सीतामढ़ी, थाली, नेमदारगंज, रूपौ, धमौल, शाहपुर, बुंदेलखंड के थाना के थाना अध्यक्ष/थाना प्रभारी उपस्थित हुए।

## मॉडर्न ग्रुप के निदेशक ने किया आवासीय प्रेरणा विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव का उद्घाटन

निज संवाददाता। **नवादा**




जिले के रोह प्रखंड के रुपौ बाजार स्थित आवासीय प्रेरणा विद्या मंदिर के वार्षिक उत्सव का उद्घाटन फीता काटकर मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल कुमार, समाजसेवी ए के गुरु, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के पूर्व प्राचार्य सुखदेव प्रसाद सिंह, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रधानाध्यापक अनूप यादव आदि अतिथि के रुपए उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव के अवसर पर आए हुए अभिभावक एवं बच्चों को संबोधित करते हुए म डॉ अनुज सिंह ने कहा कि अभिभावक बच्चों को पहचाने और उन्हें अच्छा बनाने में माता-पिता और परिवार जो प्रथम शिक्षक और घर प्रथम पाठशाला होता है उसकी बड़ी भूमिका होती है, इसलिए माता-पिता को अपने घर का वातावरण ठीक रखना चाहिए। रूपौ जैसे ग्रामीण इलाके में विद्यालय की स्थापना करने के लिए आवासीय प्रेरणा विद्या मंदिर के निदेशक मुकुंद कुमार को उन्होंने बधाई दी और उन्होंने कहा कि विद्यालय संचालन में जो भी सहायता की आवश्यकता होगी मैं भरपूर सहयोग करते रहूंगा। निदेशक मुकुंद ने अपने स्वागत भाषण में मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष सहनिदेशक अनुज सिंह को शिक्षा जगत में नवादा की धरती पर शानदार कार्य करने के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी। स्वागत करते हुए मुकुंद कुमार ने कहा कि डॉक्टर अनुज कुमार सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार सहित सभी शिक्षक और हजारों अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे।

## आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को लेकर विक्रमपुर पंचायत में लगा शिविर

निज संवाददाता। **चेरियाबरियारपुर :बेगुसराय**



प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है. इस योजना को भारत सरकार ने देश के गरीबों के जन कल्याणार्थ पूरे देश में लागू किया है. इसके तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए साल में पांच लाख रुपए का मुफ्त इलाज कराने का प्रावधान है. उक्त बातें मंगलवार को विक्रमपुर पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रदेश सचिव रमेश प्रसाद सिंह ने अपने पंचायत में आयोजित उक्त योजना के तहत शिविर को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्तियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराया जाना है. ताकि आम लोगों को बिना किसी परेशानी के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सके. उक्त कार्ड में आपका पूरा मेडिकल इतिहास एवं स्वास्थ्य रिकॉर्ड होता है. इसे भारत सरकार ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2018 को झारखंड की राजधानी रांची से प्रारंभ किया. तथा बाद में 23 सितंबर 2018 को पूरे देश के गरीबों के जन कल्याणार्थ इसे लागू कर दिया गया. मुखिया ने बताया इस योजना के तहत आयुष्मान भारत कार्ड 13 हजार पांच सौ 93 बीमारियों की इलाज 05 लाख रुपए तक मुफ्त में करवाने की गारंटी देती है. इस योजना का लाभ पाने के लिए खूद का स्थाई पता, मोबाइल नंबर, राशनकार्ड एवं स्वयं तथा परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड आवश्यक हैं. इन्हीं दस्तावेजों के साथ आनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया है. इस दौरान शिविर में पंचायत के दर्जनों पात्र लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया. आयुष्मान कार्ड बनाने के बाद लोगों में खूशी देखी गई.

# लोजपा सुप्रीमो के साथ निशिकांत सिन्हा की भेंट से नवादा लोकसभा सीट पर लोगों की नजर, चढ़ा सियासी पारा

निज संवाददाता। **नवादा**




लोजपा (रामविलास )के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जमुई सांसद चिराग पासवान से औपचारिक भेंट करने गए नवादा जिले के काशीचक प्रखंड के भट्टा गावं निवासी एवं गुजरात प्रदेश के बड़े कारोबारी रिच माइंड डिजिटल कम्पनी के निदेशक निशिकांत सिन्हा की भेंट कई राजनैतिक इशारे कर रहे हैं. आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नवादा लोकसभा क्षेत्र से विभिन्न राजनितिक दलों के संभावित चेहरों में निशिकांत सिन्हा का नाम भी जुड़ने लगा हैं.जानकारों की माने तो कुछ दिन पूर्व नवादा लोकसभा क्षेत्र से मॉडर्न ग्रुप के निदेशक डॉ अनुज कुमार ने चिराग पासवान के नवादा आगमन को लेकर व्यापक तैयारी एवं प्रचार प्रसार किया था लेकिन एन वक़्त चिराग का नवादा नहीं पहुंचना कई बात का इशारा कर रहा हैं. राजनैतिक हलकों में निशिकांत सिन्हा का नाम आने से नवादा की सियासत भी गर्म होती दिख रही है. नवादा का बेटा नवादा का सांसद बनाने की चर्चा भी चौक चौराहे पर होनी प्रारम्भ हो गयी है. लोजपा सुप्रीमो के फैसले पर लोगों की निगाहें भी टिकी हुई है.हालांकि नवादा सीट की दावेदारी को लेकर भाजपा एवं लोजपा में शीत युद्ध भी जारी है. अगर लोजपा के खाते में नवादा की सीट जाती है तो निशिकांत सिन्हा लोजपा के संभावित प्रत्याशी बनाये जा सकते है जैसा की चर्चा हो रही है. अब चेहरों की बात करें तो लोजपा के दावेदारो में पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार की भी चर्चा हो रही थी लेकिन उनकी राजनितिक छवि को लेकर सुप्रीमो कोई रिस्क लेना नहीं चाहते हैं. इधर निशिकांत सिन्हा से चिराग पासवान के भेंट करने के बाद निशिकांत सिन्हा का भी नाम सामने आ रहा है. लेकिन अगर नवादा का बेटा नवादा का सांसद की बात होंगी तो इसमें दो चेहरे बाहरी होने के कारण अन्य दो चेहरे की दावेदारी को बल मिल सकता है. पिछले तीन बर्षो के दौरान निशिकांत सिन्हा ने कोरोना काल में अपने कम्पनी के निजी मद से पांच लाख रूपये की राशि मास्क एवं सेनिटाइजर वितरण के लिए दिया था साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में यहां के सैकड़ों विधार्थियो को देश के नामचीन कोचिंग संस्थानों में पढ़ाने में मदद भी किया था.बीते वर्षो के दौरान अगर राजनितिक पृष्ठ भूमि की बात करें तो निशिकांत सिन्हा के दादा स्व बिन्दा महतो स्वतंत्रता सेनानी के साथ पकरीबरावा प्रखंड में 25बर्षो तक मुखिया एवं प्रमुख भी रहे थे.निशिकांत सिन्हा के द्वारा किये गए सामाजिक कार्य बीते कई बर्षो में काफ़ी चर्चा में रही हैं.ख़ासकर युवाओं में इनके प्रति काफ़ी उत्साह एवं भरोसा भी हैं. इन्होने सामाजिक कार्यों से सभी वर्गो के लोगों को प्रभावित भी किया हैं. इनके व्यक्तित्व और इनके कार्य से प्रभावित होकर लोजपा सुप्रीमो का निर्णय इन्हे काफ़ी हद तक लाभ पहुंचा सकता है. बहरहाल लोगों की निगाहें लोजपा सुप्रीमो के फैसले पर टिकी है. और ऐसा माना भी जा रहा है की लोजपा में प्रबल दावेदारों में सिर्फ निशिकांत सिन्हा ही हैं.

आक्रोशित परिजनों ने सड़क जामकर किया प्रदर्शन, हादसे के बाद चालक फरार

# तेज रफ्तार बालू लदे हाइवा ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के नासरीगंज थाना क्षेत्र के बाई पास चौक के पास मंगलवार को एक तेज रफ्तार बालू लदे हाइवा ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद उसकी अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई। मृतक की पहचान पडूरी निवासी पप्पू कुमार सिंह(33) के रूप में हुई है। घटना के विषय में बताया जा रहा है कि मृतक मंगलवार को अपने घर के किसी कार्य को लेकर एक अन्य सहयोगी के साथ बाइक से निकला था। तभी वह विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा की चपेट में आ गया। वहीं वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। जिसके बाद सूचना पर पहुंचे स्वजन उसे पीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सासाराम रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। मृतक के दो बच्चे थे। सूचना पर पहुंचे बीडीओ मो.जफर इमाम, प्रमुख योगेश कुमार, सीओ अंचला कुमारी, मुखिया रीता देवी, मुखिया पति वीरेंद्र चौधरी ने समझा बुझाकर सड़क जाम को खाली कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन से ऊक्त घटना घटी है। पुलिस अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

## बोलेरो की टक्कर से महिला की मौत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के कारावास थाना क्षेत्र के करूप गांव के पास सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के बेटे रमेश चौधरी ने बताया कि उसकी मां कालका देवी पति लक्ष्मण चौधरी बीती रात गांव में एक हल्दी कार्यक्रम में गई थी। वहां से लौट रही थी, तो करूप स्कूल के पास सड़क पार करते समय एक बोलेरो गाड़ी ने जबरदस्त टक्कर मार दी। इस घटना में महिला की मौके पर मौत हो गई।बताया कि घटना के समय महिला की गोद में एक बच्चा भी था, लेकिन वह बाल-बाल बच गया है।



धक्का लगने के बाद बच्चा दूर जा गिरा, उसे मामूली चोट आई है। धटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, शादी के माहौल गमगीन हो गया काराकाट थानाध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात वाहन के टक्कर से महिला की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नई ट्रैफिक व्यवस्था को देखने सड़क पर उतरे जिलाधिकारी और एसपी

**नो एंट्री और यू-टर्न व्यवस्था को पूरी तरह लागू करने का दिया गया निर्देश**

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** नई ट्रैफिक व्यवस्था को अच्छे से लागू कराने के लिए मंगलवार को डीएम नवीन कुमार और एसपी विनीत कुमार सड़क पर नजर आए। समाहरणालय से चल कर एसपी कालेज मोड़ पहुंचे और वहां मौजूद पुलिस कर्मियों को कई निर्देश दिए। वहीं डीएम ने व्यवस्था देखने के बाद कहा कि दिन में पूरी तरह से नो एंट्री लागू रहेगा। कोई भी वाहन अगर नो एंट्री में प्रवेश करती है तो फाइन के साथ अन्य कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जहां से वाहनों को यू-टर्न लेना है, उसका पालन भी होना चाहिए। बता दे कि नई व्यवस्था में पुरानी बस स्टैण्ड से अब सिर्फ छोटी वाली सिटी बसें ही खुलेगी। बक्सर, कोचस, करगहर, टाटा, कोलकत्ता, पटना, गया, डोभी, औरंगाबाद और डिहरी की ओर से आने-जाने वाली सभी बसों का परिचालन नए बस स्टैंड बेदा से किया जाएगा। पुराने बस स्टैंड से अब सासाराम से डेहरी जाने वाली सिटी राइड बसें और बिक्रमगंज, नोखा जाने वाली बसें चलेगी।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –19 /औरंगाबाद/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 02.03.2024
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 18.03.2024 से 09.04.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 18.03.2024 से 09.04.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
5. निविदा बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–25.03.2024 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय(तकनीकी बीड) :– दिनांक–10.04.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (OnWebsite www.eproc2.bihar.gov.in)
8 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
10. कार्य विवरणी:–

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसींग राशि+सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर (औरंगाबाद) परिसर में 03 अदद वॉच टावर निर्माण कार्य | 18.935 /– | 38,000 /– | 5000 /– | As Per Online Requirement | 3 माह |
| | कुल | 18.935 लाख | | | | |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद**

PR. No. 018871 (BCD) 2023-24

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


# रेलवे की जुगल फिश प्लेट की चोरी करते युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रेलवे की फिश प्लेट चोरी कर ले जा रहे युवक को आरपीएफ ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी संजीव कुमार ने मंगलवार को बताया कि उप निरीक्षक आर के राय साथ स्टाफ द्वारा गश्त,चेकिंग और आपराधिक गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी। इस दौरान निरीक्षक प्रभारी सासाराम संजीव कुमार के नेतृत्व में कुदरा खुरमाबाद के मध्य अप लाइन के दक्षिण तरफ बगल में रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग का 02 जुगल फिश प्लेट को चोरी कर ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार युवक की पहचान चेनारी थाना क्षेत्र के खुरमाबाद वार्ड 03 निवासी हिरामन चंद्रवंशी के बेटे प्रदीप कुमार (26) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उक्त रेल संपत्ति को कुदरा स्टेशन के पास रखे ढेर उसने चोरी की है। मौके पर ही बरामद रेल संपत्ति के साथ उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर सासाराम पोस्ट लाया गया।



## तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**मोहनियाँ (कैमूर) (नि.सं.)।** मोहनियाँ थाना क्षेत्र के मुठानी के पास बाइक और तेज रफ्तार कार के बीच टक्कर हो गई। इससे बाइक पर बैठा दोनों युवक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया और कार चालक को पकड़ कर थाना में दे दिया। इसके बाद दोनों घायलों को डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक पर दोनों युवक कुदरा की तरफ जा रहे थे।

सासाराम प्रखंड प्रमुख का चुनाव एसडीएम की देख-रेख में संपन्न

# रूपा चंद्रवंशी बनीं सासाराम प्रखंड प्रमुख, एसडीएम ने दिलाई शपथ

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले के सासाराम प्रखंड प्रमुख का चुनाव मंगलवार को निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम आशुतोष रंजन की देख-रेख में संपन्न हुआ। जिसमें रूपा चंद्रवंशी सासाराम प्रखण्ड प्रमुख निर्वाचित घोषित की गई। इसके तत्काल बाद निर्वाची पदाधिकारी द्वारा नए प्रमुख को अपने कार्यालय कक्ष में पद की शपथ दिलाई गई। मंगलवार की सुबह से ही चुनाव की गहमा गहमी थी। निर्वाची पदाधिकारी और प्रेक्षक की मौजूदगी में प्रमुख पद के लिए नामांकन हुआ। जिसमे दो लोगों ने नामांकन किया। इसके बाद वोटिंग हुई। वोटिंग में सभी 11 बीडीसी सदस्यों ने भाग लिया। वोटिंग में रूपा चंद्रवंशी को 7 और विपक्षी सलीम को 4 वोट प्राप्त हुए। जिसके बाद रूपा चंद्रवंशी को निर्वाचित घोषित किया गया। इसके बाद तत्काल शपथ भी दिलाई गई। कार्यालय से बाहर निकलने पर समर्थकों ने नए प्रमुख का जोरदार स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि सासाराम प्रखण्ड प्रमुख कौशल्या देवी की मौत अचानक फरवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में हो गई थी। जिसके बाद प्रमुख का पद रिक्त हो गया था। इसके बाद डीएम के निर्देश पर 5 मार्च 2024 को नए प्रखण्ड प्रमुख के चुनाव की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसकी सूचना सभी बीडीसी सदस्यों को दी गई थी।




**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 11/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as S/R Estimate for Repairing of 7.5 H.P. VT P/Set, 12.5 H.P. C/F Pump Set, Supplying & Fitting 63 Amp main switch etc work of Untari Road Add joining Village Rural Water Supply Scheme for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.03.2024 at 3.30 hrs. to 16.03.2024 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 18.03.2024 at 3.30 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

**Executive Engineer,**
**D.W. & S. Mechanical Division,**
**Medininagar (Palamau)**

PR 321512 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

शहर थाना कांड सं0–45/2022, दिनांक–16.02.2022 के प्रा0 अभियुक्त संजीत शर्मा उर्फ सोनू शर्मा, ग्राम शांतिनगर, थाना चैनपुर, जिला पलामू, झारखण्ड के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर :– 9431706239
थाना प्रभारी, शहर :– 7004498197

**पुलिस अधीक्षक,**
**पलामू**

**PR 321589 Police(23-24)#D**



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**
**(चोरी गयी सुपर स्पलेण्डर मोटर साईकिल, रंग–काला/सिल्वर)**

गढ़वा थाना कांड सं0–94/24 दिनांक–20.02.2024, धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी मोटर साईकिल सुपर स्पलेण्डर (रंग–काला/सिलवर) जिसका रजि0 न0–JH14J3861 का दिनांक– 20.02.2024 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

**निवेदक,**
**पुलिस अधीक्षक,**
**गढ़वा।**

PR 321568 (Police) 23-24 (D)



**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA**
निगमित मुख्यालय: राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-3

**सूचना**

**विषय: विज्ञापन सं. 1/2010 के अंतर्गत प्रबन्धक (इलेक्ट्रॉनिक्स) की सीधी भर्ती ।**

**संदर्भ: (ए) माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली के समक्ष (ए) डब्ल्यूपी (सी) संख्या 5767/2011 – विकास सिंह और अन्य बनाम एएआई और डब्ल्यूपी (सी) संख्या 3216/2012–महेंद्र कुमार आर्य और अन्य बनाम एएआई।**

**(बी) भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष 2016 की एसएलपी 8072/8073 ।**

उपरोक्त न्यायिक मामलों में न्यायालय के दिनांक 02.08.2013, 08.08.2013 और 02.03.2022 के आदेश के संदर्भ में, विज्ञापन सं. 1/2010 के अंतर्गत प्रबन्धक (इलेक्ट्रॉनिक्स) के पद हेतु नियुक्ति के प्रस्ताव को जारी करने से पूर्व 20 उम्मीदवारों को उनकी सम्मति जानने हेतु सूचना पत्र भेजे गए थे।

यद्यपि, उम्मीदवारों को भेजे गए कुछ सूचना पत्र/बिना डिलीवर हुए/बिना किसी प्रतिक्रिया के वापस प्राप्त हुए।

इच्छुक उम्मीदवार जो किसी भी कारणवश अपनी सम्मति प्रस्तुत नहीं कर सके और भाविप्रा में कार्यग्रहण के इच्छुक हैं, वे इस सूचना के 15 दिनों के भीतर **echrchq@aai.aero** पर निर्धारित प्रारूप में अपनी सम्मति भेज सकते हैं।

यदि उम्मीदवारों से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि उम्मीदवार नियुक्ति/नौकरी के प्रस्ताव को स्वीकार करने के इच्छुक नहीं हैं।

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी/चयनित उम्मीदवारों की सूची/निर्धारित प्रारूपों के लिए, भाविप्रा की वेबसाइट **www.aai.aero** (एएआई महत्वपूर्ण नोटिस सेक्शन के अंतर्गत) देखें।

CBC 03111/12/0015/2324 AAI/CC/N-07/2023-24



**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar**
**Website:** www.latehar.nic.in

**CORRIGENDUM**

**Office of the District Planning Office, Latehar,** decided to make following amendments/addendum in the **PR No. 320627 & NIB Ref No. 75, dated 28.02.2024.**

Bids are invited for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning of **20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SELSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery** on Turnkey basis at different places of Latehar. The details are as follows:

| SR.NO | DISCRIPTION | CORRIENDUM (Correction) |
|---|---|---|
| 4(b) | PAN card,TAN Card, UCAN, pollution Certificate and Factory License | PAN card,TAN Card,UCAN. For Manufacturer Factory License need to Submit. |
| 4(d) | Audited Balance sheet of last three year along with ITR with positive net worth 1 cr at least & 6cr combined For the following FY of 2020-21/2021-22/2022-23 | Audited Balance Sheet of Last three Year or from date of incorporation and 01cr. Positive Net worth certificate. |
| 6 | Work Experience of Govt. agency for minimum quantity 2000nos solar in 3 years for solar street lighting systems. Preference will be given if vender has work experience with JREDA | Work Experience of Govt. agency for minimum quantity 2000nos solar street light or 500Kw solar roof top in last 3 years .Preference will be given if Vendor has work experience with JREDA |
| **Technical Specification :** | | |
| Module | Only indigenous modules shall be used in the project.75 Wp under STC | 100 Watt Poly panel for 20 Watt Light and 150 Watt poly panel for 30 Watt light |
| Battery | Minimum 12.8 V, 30 AH capacity Lithium Ferro Phosphate battery. | Minimum 12.8 V 40AH (FOR 20 Watt Street Light) and 60 H (For 30 Watt Street Light) capacity Lithium Ferro Phosphet Battery |
| | Annexure-1 Price Bid | JREDA discovered L1 Price will be applicable as per JRED letter no. 145/2023 dated 27/01/2023 |

Rest all others conditions specified in the EOI will remains unchanged.

**District Planning Officer,**
**Latehar**

PR 321499 (District) 23-24 (D)



**समाहरणालय, लातेहार**
(कार्मिक कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि जो पदाधिकारी/कर्मी अपने गंभीर/ असाध्य/ जटिल बिमारियों के कारण अगामी लोकसभा चुनाव 2024 में निर्वाचन कार्य करने में असमर्थ हैं। वैसे पदाधिकारी/ कर्मी दिनांक–07.03.2024 तक अपना अभ्यावेदन साक्ष्य के साथ कार्मिक कोषांग(जिला स्थापना शाखा) लातेहार को देना सुनिश्चित करेंगे। उक्त तिथि के बाद आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। प्राप्त अभ्यावेदन के आलोक में जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा दिनांक 11.03.2024 को समाहरणालय, लातेहार में स्वास्थ्य संबंधित जांच किया जायेगा। संबंधित पदाधिकारी/ कर्मी निर्धारित तिथि को स्वयं उपस्थित होकर जांच कराना सुनिश्चित करेंगे।

मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच के क्रम में यदि उनके दावे गलत/ असत्य पाये जाते हैं तो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी**
**–सह–उपायुक्त, लातेहार**

PR 321497 Election(23-24)D



**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 08/2023-24(2nd Call)**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Supplying, Installation and Commissioning of VT Pump Set and allied works to Intake Well, urban water supply scheme at Chainpur for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.03.2024 at 4.00 hrs.to 16.03.2024. at 2.50 hrs. The quotation will be opened on 18.03.2024 at 4.00 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

**Executive Engineer,**
**D.W. & S. Mechanical Division,**
**Medininagar (Palamau)**

PR 321509 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### श्री बरनवाल सेवा सदन के अध्यक्ष बने प्रेम प्रकाश

**गया**। शहर के गोलपत्थर स्थित श्रीबरनवाल सेवा सदन में रविवार को गया नगर बरनवाल सेवा समिति के नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव की प्रक्रिया हुई। इसके तहत मुख्य चुनाव पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार एवं सह चुनाव पदाधिकारी कुंदन प्रकाश एवं संजय प्रकाश के नेतृत्व में नामांकन शुरू हुआ। अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए एक-एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया। किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन नहीं किए जाने पर सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसमें अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पवन, सचिव राकेश बरनवाल एवं कोषाध्यक्ष विक्की बरनवाल बने है। इसके निर्वाचित होने के बाद समाज के लोगों ने नए पदाधिकारी का माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष महेंद्र बरनवाल, जितेंद्र कुमार, निरंजन कुमार, उमाशंकर बरनवाल, अजय राज, पंकज कुमार, बिगन बरनवाल, जितेंद्र कुमार (साई), मनोज लाल, शंभू बरनवाल, समीर कुमार, प्रशांत कुमार, भारती प्रियदर्शिनी, रवि आर्या, शिव पूजन, उपेंद्र नारायण, संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

### ट्रैक्टर से दबकर मजदूर की मौत मामले में चालक पर केस

**फतेहपुर**। गुरपा थाना क्षेत्र के डोभाटांड़ गांव के पास ट्रैक्टर पलटने से उसमें दबकर मजदूर साजन कुमार की हुई मौत मामले में एफआईआर दर्ज की गई। मृतक के पिता चंद्रिका मांझी के लिखित बयान पर गुरपा थाना में यह एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें ट्रैक्टर चालक को दोषी बताते हुए उसे नामजद अभियुक्त बनाया गया है। थाना में दिए गए लिखित बयान में मृतक के पिता गुरपा थाना क्षेत्र के सर्वोदयपुरी गांव निवासी चंद्रिका मांझी ने कहा है कि उसका दो बेटे राजन मांझी और साजन कुमार पुरनीबथान गांव स्थित रामाशीष यादव के ईंट भट्ठा पर मजदूरी करता था। रविवार को बिना नंबर के ट्रैक्टर पर ईंट लादकर गुरपा ले जा रहा था। लेकिन चालक मुकेश मांझी ग्राम-सर्वोदयपुरी की लापरवाही एवं तेजी से ट्रैक्टर चलाने के कारण डोभाटांड़ गांव के पास सड़क के नीचे गड्ढा में पलट गया। इसमें ट्रैक्टर के इंजन से दोनों बेटा दब गया। इसमें एक बेटा साजन कुमार (16) की उसी समय मौत हो गई। जबकि दूसरा बीटा राजन मांझी भी गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका गया में निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी भी हालत चिंताजनक बनी है। थानाध्यक्ष राजेश पासवान ने बताया कि मृतक के पिता चंद्रिका मांझी द्वारा घटना के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया है।

### फतेहपुर में अपराधियों के हाथों लूटने से बच गया एसबीआई का एटीएम

**फतेहपुर**। फतेहपुर थाना मुख्यालय स्थित झंडाचौक-बस स्टैंड के बीच राम सहाय हाई स्कूल के सामने मार्केट में लगे एसबीआई के एटीएम को अपराधियों ने रविवार की रात गैस कटर से काटकर लूटने का प्रयास किया। हालांकि अपराधी अपनी इस मंसूबा में कामयाब नहीं हो पाए और एटीएम से रुपये लूटने से बच गया। घटना की जानकारी पुलिस को सोमवार को सुबह में मिली। पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई। पुलिस अपराधियों का पता लगाने में सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। फतेहपुर थाना मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के सामने झंडाचौक-बस स्टैंड के बीच मार्केट में एसबीआई का एटीएम लगा हुआ है। एटीएम में कोई गार्ड नहीं है। रात्रि के समय भी यह खुला रहता है। बताया गया है कि रविवार की रात में अपराधियों ने इस एटीएम को अपना निशाना बनाने की कोशिश की है। अपराधियों ने एटीएम को गैस कटर से काटने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। इस कारण एटीएम लूटने से बच गया। इधर, यह भी बताया गया है कि एटीएम में दो दिन से रुपये नहीं थे। अगर एटीएम कट भी जाता तो अपराधियों को कुछ हासिल नहीं होता। इस घटना की खबर सुबह में पुलिस को लगी। इसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों ने एटीएम के साथ छेड़छाड़ किया है। लेकिन वह रात में पुलिस गश्ती को देख भाग गया और घटना होने से बच गया। उन्होंने बताया कि अपराधियों का पता लगाने के लिए आसपास दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। साथ ही स्थानीय बैंक प्रबंधक से मिलकर प्रधान कार्यालय से भी सीसीटीवी फुटेज मंगवाने के लिए कहा गया है। सीसीटीवी फुटेज आने के बाद उससे अपराधियो को चिन्हित कर उसे गिरफ्तार करने की करवाई की जाएगी।

### कर्मों का फल अवश्य मिलता है : रत्नमणि जी महाराज



**टिकारी**। कर्मों का फल अवश्य मिलता है, जो जैसा कर्म करता है उसे उसी तरह का फल मिलता है। अच्छे कर्मों का फल सुखद तो बुरे कर्मों का फल बुरा मिलता है। उक्त बातें प्रखंड के मऊ बाजार शिवाला पर हो रहे नौ दिवसीय शत चंडी महायज्ञ में चल रहे कथा वाचन के दौरान कथावाचक रत्नमणि ने कही। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन रहते दूसरों के जीवन को स्वर्ग जैसा बना देता है। उसे निश्चित ही मृत्यु के बाद भी स्वर्ग ही मिलेगा। और जो व्यक्ति जीवन रहते अपने स्वार्थ को सिद्ध करने के लिए दूसरों को कष्ट देकर दूसरों का जीवन नर्क जैसा बना देता है, निश्चित ही ऐसे व्यक्ति को मृत्यु के बाद नर्क की प्राप्ति होगी। जिस प्रकार कुरूवंश की महापुरुषों से भरी सभा में एक नारी का अपमान सभी ने चुपचाप देखा, कोई भी द्रोपदी के मान की रक्षा करने नहीं उठा। जब द्रोपदी ने सबकी आस छोड़कर दोनों हाथ उठाकर विकल होकर भगवान को पुकारा तब श्रीकृष्ण ने आने में देर नहीं लगाई। इसी प्रकार से मनुष्य के जीवन में जब कष्ट आता है तो वह संसार के पास अपना दुख लेकर जाता है।

### भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष बने डॉ. मृत्युंजय सिंह



**गया**। भारत विकास परिषद, दक्षिण मगध बिहार प्रांत, पूर्व क्षेत्र की प्रांतीय परिषद् की बैठक सह चुनाव एवं होली मिलन समारोह 2024-25 का आयोजन शहर के सिजुआर भवन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह को प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। डॉ. सिंह को उनके बेहतर कार्य और समाज के प्रति समर्पण के लिए प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। वे पिछले 5 वर्षों से परिषद के साथ सक्रिय रुप से जुड़े हैं और उन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वहीं दूसरी ओर मुकेश कुमार को प्रांतीय महासचिव और बिहार शरीफ के प्रो. आशुतोष कुमार शरण को वित्त सचिव चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह, झारखंड से पर्यवेक्षक हरि रंजन सिंह क्षेत्रीय सचिव, प्रांतीय संरक्षक डॉ. रविंद्र कुमार, संगठन सचिव मुन्ना प्रसाद, उपाध्यक्ष डीके शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान परिषद के कार्यों और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। जानकारी हो कि भारत विकास परिषद एक राष्ट्रीय सामाजिक संगठन है। जो शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में काम करता है। इसकी स्थापना वर्ष 1952 में हुई थी। परिषद की पूरे देश में 2000 से अधिक शाखाएं हैं।

# खेत में करंट के संपर्क में आया युवक, मौत

## फसल पटवन को लेकर गया था खेत, खाना पहुंचाने गए परिवार को मिली लाश


निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मंगलवार को करंट के संपर्क में आने से एक युवक की मौत हो गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर गांव का है। मृतक की पहचान माधोपुर गांव निवासी स्व. बहादुर केवट के (25) वर्षीय बेटे सुनील केवट के रूप में की गई है। घटना के संदर्भ में मृतक के परिजन ने बताया कि युवक मंगलवार की सुबह फसल पटवन को लेकर खेत गया हुआ था। जहां पूर्व से गिरे विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब खाना देने के लिए घर के सदस्य खेत पहुंचे, जहां देखा कि बिजली तार के संपर्क में युवक आया हुआ है। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को बुलाया, बिजली तार के संपर्क से युवक को हटाया गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की माने तो रविवार की रात आई आंधी के कारण खलिहान में विद्युत प्रवाहित तार टूट कर गिर गया था। जिसके संपर्क में आने से युवक की मौत हो गई। युवक दोनों पैरों से दिव्यांग था, उसकी पत्नी भी दिव्यांग है। खेती-बाड़ी का काम कर युवक अपने घर परिवार को चला रहा था। वहीं इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार वालों के चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। चण्डी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि करंट से मौत की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर भेज दी है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई हैं।

## पुरानी रंजिश में पांच नामजद, तीन सगे भाई शामिल

निज संवाददाता। नालंदा





नालंदा के खुदागंज थाना क्षेत्र के वैरा गांव में शनिवार की शाम क्रिकेट खेलने के विवाद को लेकर बदमाशों ने एक किशोर की बल्ले से पीट कर हत्या कर दी थी, जबकि इस घटना में उसका भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। मृतक राजू साव का (13) वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार था। जबकि मारपीट में गुड्डू का भाई मंटू कुमार जख्मी हो गया है दोनों जुड़वा भाई थे। वहीं इस मामले में गुड्डू के भाई सुजीत कुमार ने कुल पांच लोगों को आरोपित कर खुदागंज थाना में मामला दर्ज कराया है। जिसमें उसने बताया है कि 2 फरवरी की शाम में वह अपने खेत की तरफ से घर लौट रहा था। जैसे ही गांव के बाहर वह बैरा पोखर के पास पहुंचा तभी वहां नागमणि यादव, संटू यादव, बिंदु यादव, तीनों सहोदर भाई समेत उदय यादव एवं आनंदी यादव मौजूद थे। जिन लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर लोहे की रड एवं बैट से उसके भाई गुड्डू और मंटू पर हमला कर दिया। इस घटना में गुड्डू की मौत हो गई, जबकि मंटू गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गांव वाले जब हो हल्ला सुन जुटने लगे तो सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। गुड्डू 6 भाइयों में सबसे छोटा था और मंटू का जुड़वा भाई था। मंटू के साथ मारपीट की घटना में एक पैर टूट गया है जिसका इलाज निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है। वहीं, इस मामले खुदागंज थाना अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है। गांव छोड़ सभी आरोपित फरार हैं। संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक दयानंद पांडेय भाजपा में हुए शामिल

### बोलें- अपने क्षेत्रों में पीएम मोदी की योजनाओं को जन-जन लोगों तक पहुंचाएंगे



निज संवाददाता। गया

गया में मंगलवार को फतेहपुर निवासी सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय भाजपा में शामिल हो गए। शहर के सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू ने पार्टी की सदस्यता दिलायी। उस दौरान इनके शामिल होने के बाद कार्यकर्ताओं ने शुभकामना के साथ बधाई भी दी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि फतेहपुर निवासी कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय भाजपा में शामिल हुए हैं। खुशी है भारती जनता पार्टी में बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हो रहे है। इनके आने से पार्टी की और मजबूती मिलेगी। पार्टी की ओर से स्वागत और अभिनन्दन किया गया है। वहीं 75 वर्षीय सेवानिवृत कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय ने बताया कि मोदी सरकार के योजनाओं से कृषि क्षेत्र में काफ़ी प्रगति हुई। इसके अलावा विकास कार्यों व जनहित से जुड़े कई योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि योजनाओं सहित अन्य विकास से जुड़े वो इन योजनाओं को बोधगया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फ़तेहपुर में लोगो को अवगत करायेंगे। विदित हो कि उनके पिता स्वर्गीय रामनुग्रह पांडेय ने भी अनुसूचित कल्याण के लिए गया ज़िले में काम किया था।

# हत्या के पीछे पैसे के लेनदेन और अफेयर की आशंका, युवक का मिला था शव

## अनुसंधान के 48 घंटे बाद भी ठोस सुराग नहीं लगे हाथ

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के चेरो ओपी अंतर्गत एक युवक की हत्या मामले में 48 घंटा बीतने के बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। जिसके कारण परिजनों में काफी नाराजगी है। घटना के बाद से परिवार वाले काफी दुःखी हैं। चेरो ओपी क्षेत्र के सेवदह गांव के तीन मुहानी खंधा के पास एक (35) वर्षीय युवक का शव रविवार को बरामद हुआ था। बदमाशों ने उसकी हत्या काफी बेरहमी से की थी। प्राइवेट पार्ट तक काट दिया गया था। घटना स्थल पर सदर डीएसपी नूरल हक भी पहुंचे थे। घटना को लेकर पुलिस कई एंगल से जांच में जुट चुकी है। पुलिस सूत्रों की माने तो परिजनों के मुताबिक घटना लेन-देन को लेकर बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि किसी खास व्यक्ति से उनका लेनदेन था। घटनास्थल से कांच की चूड़ी , कंडोम एवं अन्य सामान भी बरामद की गई थी। जिसके चलते कई लोग लव अफेयर को लेकर आशंका व्यक्त कर रहें हैं। हत्या के पूर्व युवक के साथ काफी मारपीट भी की गई थी। शरीर पर काफी जख्म के निशान थे।

**जल्द मामले का खुलासा होगा**: हरनौत थाना अध्यक्ष केस के अनुसंधानकर्ता अबू तालिब अंसारी ने बताया कि घटना को लेकर मानवीय और तकनीकी स्तर से अनुसंधान जारी है। मोबाइल टावर डंपिंग पर भी काम किया जा रहा है। एसएफएल और डॉग स्क्वायड टीम भी बुलाई गई थी। जल्द ही घटना का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# कुर्की आदेश, आरोपी का घर-ठिकाना नहीं, पुलिस बेबस, आरोपियों के घर निर्माणाधीन

निज संवाददाता। गया



गया में बीते दिनों कोतवाली पुलिस को 4 अपराधियों की अचल संपत्ति यानी घर को कुर्क करने का आदेश कोर्ट से मिला है। 4 में से दो आदेश का पालन तो कर दिया लेकिन शेष दो बदमाशों की अचल सम्पत्ति को कुर्क करने का आदेश धरातल पर नहीं उतर सका है। कारण जिन आरोपियों के घरों को कुर्क करने का आदेश दिया गया है उनका कोई ठिकाना ही नहीं है। जिस ठिकाने को कुर्क करने का आदेश दिया गया है। वहां पर उनका घर फिलहाल वजूद में नहीं है। मसलन उनका घर अभी निर्माणाधीन है। ऐसे में पुलिस उनके घरों को कुर्क नहीं कर सकी है। क्योंकि मौके पर ईंट की दीवार के अलावा कुछ भी नहीं है। वह भी आधे अधूरे। ऐसे में पुलिस के लिए अब यह नई चुनौती बन गई है। सभी अपराधी छोटकी नवादा के रहने वाले हैं।

**झड़प और गोलीबारी की घटना हुई थीः** दरअसल बीती 25 फरवरी को कोतवाली थाना क्षेत्र के वारिस नगर में बालू धंधेबाजों व आम लोगों के बीच झड़प और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना में 3 लोग जख्मी हो गए थे। सम्बन्धित मामले में आधा दर्जन से अधिक लोग नामजद किए गए थे। उसमें से 4 मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। चल संपत्ति की कुर्की का आदेश प्राप्त किया। बीते रविवार को पुलिस उन चार में से दो बदमाशों के घरों को कुर्क कर लिया। लेकिन दो राजन व साजन की अचल संपत्ति की कुर्की अब तक नहीं हो सकी है।

**दो आरोपियों की हो रही तलाशः** कोतवाली इंस्पेक्टर का कहना है कि राजन व साजन की अचल संपत्ति कुर्क नहीं कि जा सकी है। क्योंकि उनके घर निर्माणाधीन हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को पता चला है कि वे शहर में कहीं किराए के मकान में रह रहे हैं। ऐसे में पुलिस अब उनके किराए का ठिकाना ढूंढ रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निगरानी ने 14 हजार घूस लेते दारोगा को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा




**40 हजार रुपए की थी डिमांड, राशि की पहली किश्त लेते टीम ने पकड़ा**

नालंदा जिला में विशेष निगरानी इकाई पटना ने एससी/एसटी थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक अरुण पासवान को 14 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विशेष निगरानी विभाग ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया है कि एससी-एसटी थाना में तैनात अरुण पासवान 40 हजार घुस मांग रहे थे। जिसकी प्रथम किस्त 14,000 रुपए दी गई। नगद के साथ अधिकारी को टीम ने पकड़ लिया। निगरानी की टीम करीब 12 बजे थाने में पहुंची थी और 10 मिनट के अंदर दारोगा को गिरफ्तार कर ले गई।

**थाने में दोषी से पूछताछ कर रहे थेः** विशेष निगरानी इकाई की टीम ने 4 मार्च को मामला दर्ज किया और 5 मार्च को दारोगा अरुण पासवान को 14 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए 6 मार्च को विशेष निगरानी न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक केस एसी/एसटी में दर्ज था। जिसके दोषी से दारोगा अरूण पासवान थाना में पूछताछ कर रहें थे। इसी क्रम में विजलेंस की टीम पकड़ कर ले गई है।

# सेना के एयरक्राफ्ट में आई खराबी, खेत में गिरा

निज संवाददाता। गया





गया में मंगलवार की सुबह सेना का माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट क्रैश होकर गेहूं के खेत में गिर गया। एयरक्राफ्ट में बैठे दोनों पायलट (महिला-पुरुष) को गांव वालों ने बाहर निकाला। दोनों पायलट सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी की वजह से ये हादसा हुआ है। हादसा बोधगया थाना क्षेत्र के बगदाहा गांव के कंचनपुर में हुआ। गया ओटीए से रूटीन ट्रेनिंग के दौरान एयरक्राफ्ट उड़ा था, लेकिन अचानक एयरक्राफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई और वह अनियंत्रित होकर गेहूं के खेत में जा गिरा। इस घटना के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई है। ग्रामीणों ने दोनों पायलटों को एयरक्राफ्ट से बाहर निकाला।

**गांव में गिरता एयरक्राफ्ट तो बड़ी घटना हो सकती थीः** घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षण अकादमी के पदाधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एयरक्राफ्ट को सेना के अधिकारी ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल करते हैं। एयरक्राफ्ट की डिजाइन इस तरीके से की जाती है कि किसी तरह की अनहोनी की स्थिति में जान माल का नुकसान नहीं हो सके। माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट से बाहर निकलने के बाद दोनों पायलट ने इसकी सूचना ओटीए ऑफिस को भी दी। ग्रामीणों ने बताया गांव के अंदर हादसा होता तो बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। हादसे वाली जगह पर चार गांव की सीमा है। बोधगया थाना क्षेत्र के बगदाहा में एयरक्राफ्ट गिरने की यह दूसरी घटना है।

**किसी तरह का नुकसान नहींः** गया प्रशिक्षण अकादमी के ओटीए सेना के पदाधिकारी फुरकान माहिर ने कहा कि बोधगया के बगदाहा में माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट इमरजेंसी लैंडिंग की गई है। उसमें तकनीकी खराबी आ गई थी। जिस कारण अचानक खेत में उतरना पड़ा है। इसमें दो लोग सवार थे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

**टू सीटर और सिंगल इंजन वाला एयरक्राफ्टः** माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट दो सीटों और सिंगल इंजन वाला हल्का विमान होता है, जिसे ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल में लाया जाता है। बता दें कि गया में ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी है, जहां एयरक्राफ्ट से जुड़ी ट्रेनिंग आर्मी के जवानों को दी जाती है।

दोनों भाई थे प्रॉपर्टी डीलर, गोली के पांच खोखे मिले

# दो भाइयों पर ताबड़तोड़ फायरिंग, एक भाई की मौत, दूसरे की हालत गंभीर




निज संवाददाता

**पटना।** पटना के नौबतपुर में अपराधियों के एक गिरोह ने सोमवार की देर रात दो भाइयों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी में एक की मौत हो गई है। वहीं, दूसरा भाई का इलाज एम्स के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। दोनों प्रॉपर्टी डीलर थे। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से गोली के पांच खोखे बरामद किए हैं। शेखपुरा गांव के जमीन कारोबारी जैनेंद्र शर्मा और विपेन्द्र शर्मा गांव के ही एक भोज में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। घर से महज कुछ दूरी पर ही घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए। गोलीबारी की आवाज सुनते ही आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने दोनों भाइयों को इलाज के लिए पटना के एम्स में भर्ती कराया है। घटना के बाद लोगों ने इसकी सूचना नौबतपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही नौबतपुर थाना प्रभारी रजनीश कुमार केसरी मौके पर पहुंचे। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि मामला जमीन विवाद का लग रहा है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने गोली के 5 खोखे बरामद किए हैं। वहीं, ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि जटहा गैंग ने इस घटना को अंजाम दिया है। नौबतपुर और आसपास के इलाकों में जटहा गैंग का दबदबा रहा है। जटहा गैंग का काम व्यापारियों से रंगदारी वसूलता है और नहीं देने पर हत्या कर देता है। बताया जा रहा है कि लगभग 6 महीने पहले जटहा गैंग के मुख्य सरगना के मारे जाने के बाद गैंग कमजोर हो गया था। कुछ दिनों से गैंग के सदस्य फिर से नौबतपुर में सक्रिय हो गए हैं। नौबतपुर बाजार में 11 फरवरी की शाम मोटरसाइकिल से आए दो अपराधियों ने पूर्व मुखिया डॉक्टर बृजभान प्रसाद और इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी नवरत्न कुमार को गोलियों से भून डाला था। इलाज के दौरान पूर्व मुखिया ब्रजभान प्रसाद की मौत पटना एम्स में हो गई थी, जबकि व्यापारी नवरत्न कुमार अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। इस घटना में भी जटहा गैंग का नाम आया था। पुलिस ने गोलीबारी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस यह पूछताछ करने में जुटी थी कि गिरफ्तार दोनों युवक जटहा गैंग के सदस्य तो नहीं। सोमवार की देर रात शेखपुरा गांव में दो भाइयों पर गोलियां बरसाने के मामले में एक बार फिर से जटहा गैंग का नाम उभर कर सामने आ रहा है।

## सड़क हादसे में दो युवको की मौत

निज संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के अकबरनगर थाना क्षेत्र के चौक के समीप दो बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे कि उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने परिजनों को दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृत युवक का पहचान किया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों युवक बाइक पर सवार होकर भागलपुर के तरफ जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अकबरनगर चौक के समीप उसे रौंद दिया। जिससे कि दोनों युवक के सिर में गंभीर चोट लगी। रक्त ज्यादा वह जाने से दोनों युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के पिता सुबोध राय ने बताया कि एक बाइक पर सवार होकर मृतक मनोज और उसका दोस्त पल्लव के साथ मार्केट के तरफ जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया। जिससे कि उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया। मृतक मनोज कुमार फौज में है। जम्मू कश्मीर में उसकी पोस्टिंग है। हाल के दिनों में छुट्टी पर आया था। मार्केट जाने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। जिसमें उसकी मौके पर ही जान चली गई।।जबकि दोस्त पल्लव कुमार की भी इस हादसे में जान चली गई। पल्लव पढ़ाई करता था। मरने वाले पहचान सुबोध राय के 30 वर्ष के पुत्र आर्मी जवान मनोज कुमार एवं दूसरा उदय कुमार राय के पुत्र पल्लव कुमार (25) के रूप में की गई है।

## 20 साल से बंद पड़े गोदाम में आग लगने से 15 लाख की संपत्ति खाक



निज संवाददाता

मुंगेर। मंगलवार की अहले सुबह कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी चौक और नीलम चौक के बीच स्थित एचडीएफसी बैंक के बगल में लगभग 20 वर्ष से बंद पड़े गोदाम में आग लग गई। दमकल की दो चार छोटी बड़ी गाड़ियों ने 2 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बीच बाजार आग लगने से थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना के संबंध में अगल-बगल के दुकानदारों ने बताया कि रात 12:00 बजे हम लोग इस गोदाम के भिंडीलेटर से धुआं निकलते देखा।थोड़ी देर बाद ही अंदर आग लगने लगी। हमने इसकी सूचना मकान मालिक रवि शंकर प्रसाद को दी और फिर फायर ब्रिगेड को जानकारी दी।फायर ब्रिगेड की गाड़ी 25 मिनट के अंदर आ गई। वही मकान मालिक रविशंकर प्रसाद ने बताया कि यह हम लोगों का पुश्तैनी मकान है। बाजार में हम लोग प्रिंटिंग प्रेस लगाकर मैगजीन और किताब प्रिंट करते थे। इसमें 15 लख रुपए मूल्य की पुरानी प्रिंटिंग मशीन है। बगल के दूसरे कमरे में हमारे भाई का फ्रिज टीवी वाशिंग मशीन का शोरूम है। उसका भी गोदाम है। उन्होंने कहा कि लगभग 15 लख रुपए मूल्य का सामान जलकर खाक हो गया है। आग लगने के संबंध में मकान मालिक रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि आज से 5 वर्ष पूर्व भी गोदाम के पीछे से किसी ने आग लगाई थी। इस बार भी हमें आशंका है कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई है।क्योंकि कि बंद पड़े गोदाम में आग कैसे लग सकती है।

यहां तो बिजली भी हम लोगों ने कटवा दिया है। उन्होंने बताया कि आग से जहां अंदर रखे सामान जलकर खाक हो गए ।वहीं गेट और ग्रिल को भी तोड़कर हटाया गया है ।साथ ही आग लगने से पूरा मकान डैमेज हो गया ।कब गिर जाए पता नहीं। यह किसी की साजिश है। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड तो पहुंच गए लेकिन आग बुझाने में फायर ब्रिगेड को भी 2 घंटे की मशक्कत करनी पड़ी।

इस संबंध में अग्निशमन सहायक पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि लगभग 12:30 में हमें सूचना मिली। हम लोग एक बड़ी गाड़ी दमकल की लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। पहले इलाके की बिजली कटवाया और आग बुझाने शुरू कर दिया ।लेकिन एक गाड़ी से काम नहीं हुई ।दूसरी बड़ी गाड़ी बुलाई गई फिर दो छोटी गाड़ियां आई। अंदर वेंटीलेटर तोड़कर पानी के प्रेशर और फिर केमिकल युक्त पानी के प्रेशर से आग बुझाया गया। फिर गोदाम के ग्रिल और शटर को तोड़कर अंदर आग को बुझाया गया।

## चार दुकानों में चोरी, लाखों का नुकसान

निज संवाददाता



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अज्ञात बदमाशों ने चार दुकानों से लाखों के सामानों की चोरी कर ली। एक दुकान में लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हो गई। जिसके आधार पुलिस छापेमारी कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश स्थानीय ही है। सीसीटीवी में दो बदमाश दिखाई दे रहे है। मामला जिले के सकरा थाना क्षेत्र का है। सकरा थाना प्रभारी राजू पाल ने कहा कि थाना क्षेत्र के रूपन पट्टी चौक स्थित कई दुकानों में चोरी हुई थी। पीड़ित ने आवेदन दिया है। जांच में क्रम में एक बदमाश सीसीटीवी में दिख रहा है। जिसमें एक बदमाश का चेहरा ढका हुआ है। दूसरे का चेहरा दिख रहा है। जिसके आधार पर छापेमारी की जा रही है। मानवीय व तकनीकी तरीके से छानबीन की जा रही है। कुछ सुराग हाथ लगा है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रविवार की रात जिले के सकरा थाना क्षेत्र के रूपन पट्टी चौक स्थित कई दुकानों में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। बदमाशों ने ताला तोड़ कीमती सामान चुरा लिया। सुबह होने पर स्थानीय लोगों ने दुकान का ताला टूटा हुआ देखा। जिसके बाद दुकानदार को मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही सभी दुकानदार आनन-फानन में दुकान पहुंचे। सकरा थाना की पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की छानबीन शुरू कर दी। आस पास के लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। हालांकि अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। बता दें कि रूपन पट्टी चौक स्थित दो किराना दुकान, एक बिजली दुकान और एक पान की दुकान में चोरी हुई है। सभी ने थाना में लिखित आवेदन दे दिया है। जिसमें लाखों रुपए के सामान की चोरी की बात कही गई है। आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## एंबुलेंस और ट्रक से 1877 लीटर शराब

**बांका (नि. सं.)।** बांका में एंबुलेंस के अंदर रखें 477 लीटर एवं एक ट्रक से 1400 सौ लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। ट्रक के साथ 1 शराब तस्कर एवं एंबुलेंस के साथ 2 तस्कर को गिरफ्तार किया गया।कुल 1877 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार किया गया है। सोमवार की संध्या शराब की दो को खेप को बांका पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस बलों ने चंदन कटोरिया मुख्य मार्ग के तुर्की मोड़ के समीप एक एंबुलेंस से 477 लीटर विदेशी शराब समेत एम्बुलेंस को जब्त किया। साथ ही साथ एंबुलेंस चालक समेत दो कारोबारी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के साकिन गोविंदपुर निवासी सरवन कुमार पिता रामबरन राम, एवं सहारनपुर जिला के दिककला थाना सरैया निवासी विशाल कुमार पिता सुरेंद्र कुमार के रूप में की गई।

## जमुई में दो अलग-अलग हादसे में सात लोग घायल

निज संवाददाता



**जमुई।** जमुई के खैर-सोनो मुख्य मार्ग एन एच -333 ए पर कागेश्वर के पास मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दो छात्र को टक्कर मार दिया, जिसमें दोनों छात्र घायल हो गए। जबकि घटना के बाद स्कॉर्पियों सवार मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी के बाद परिजनों द्वारा दोनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घायल छात्र की पहचान कागेश्वर गांव निवासी राजो चौधरी का 15 वर्षीय पुत्र ललन चौधरी के रूप में की गई। वहीं दूसरे की पहचान सुभाष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों घायल एक ही परिवार का है। ललन चौधरी चाचा है तो वहीं दूसरा घायल सुभाष उसका भतीजा है। घायल छात्र ललन ने बताया कि दोनों छात्र मंगलवार की सुबह बाइक पर सवार होकर पेन की खरीदारी के लिए मांगों बंदर बाजार की ओर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे हैं एक तेज रफ्तार काले रंग का अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन ने दोनों छात्र को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां सुभाष के सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी हालत गंभीर होते देख इलाज कर रहे चिकित्सक डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद खैरा थाने की पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। खैरा थानाध्यक्ष शशिभूषण झा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो छात्र के घायल होने की जानकारी मिली थी। पूरे मामले की जांच की जा रही है। साथ ही कहा की आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है। जमुई के खैर -सोनो मुख्य मार्ग पर एनएच -333 ए हरदी मोड नरियाना के बीच बौधी के पास मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार ऑटो पलट गई। जिससे उसमें सवार दो शिक्षिका सहित कुल पांच लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए खैरा अस्पताल लाया गया, जहां सभी को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल में रेफर कर दिया है। घायलों की पहचान शिक्षिका प्रतिमा कुमारी पटना, शिक्षिका निर्मला कुमारी चरखरा झाझा के रूप में की गई। जबकि पार्वती कुमारी, इंदू देवी,मंजू देवी चरका पत्थर थाना क्षेत्र के थम्हन गांव निवासी के रूप में पहचान की गई है।

## सड़क दुर्घटना में पिता की मौत, पुत्र गंभीर रूप से घायल
## हादसे के बाद उग्र लोगों ने चार घंटे तक जाम लगाया

निज संवाददाता

कटिहार। बाइक से प्रखंड कार्यालय जा रहे पिता-पुत्र को सामने से आ रही अनियंत्रित मवेशी लदे तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिता पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए। कुछ ही देर में घायल पिता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पुत्र का घायल अवस्था में इलाज चल रहा है। घटना नगर पंचायत बरारी अंतर्गत सिवाना गांव की है। मृतक की पहचान रौनिया पंचायत के घुसकी गांव वार्ड संख्या 13 निवासी विमल चौहान (55) के रूप में हुई है। वहीं घटना को अंजाम देकर मौके से चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी मृतक के परिजन को दी। घटना की खबर सुनकर आसपास के सैकड़ों लोग और परिजन मौके पर जमा हो गए। मृतक का शव देख परिजन व स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। आक्रोशित लोगों ने पहले पिकअप से 8 मवेशी को उतार कर नीचे बांधा फिर पिकअप को पलट दिया। इसके बाद ग्रामीण और परिजन सड़क पर ही मृतक के शव के साथ धरने पर बैठ गए और सड़क को बांस बल्ला लगाकर जाम कर दिया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बरारी थाना की पुलिस के आलावा पोठिया और सेमापुर की पुलिस ने सड़क जाम कर रहे आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित नहीं माने। इस दौरान जाम की खबर सुनकर बीडीओ पुरण साह, सीओ मनीष कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को काफी समझाया लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। इस दौरान गुस्साए लोगों का कहना था कि जब तक जिला से वरीय पदाधिकारी घटनास्थल पर नहीं आते तब तक सड़क जाम रहेगा। करीब 4 घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक शशि शंकर कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर बातचीत की उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषी के ऊपर कारवाई की जाएगी और पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। आश्वासन के बाद आक्रोशित माने उसके बाद जाम हटाया। फिर बरारी पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के बड़े पुत्र हेमंत चौहान ने बताया कि घटना स्थल से सूचना मिली की सड़क हादसे में उनके पिता की मौत हो गई है।

## आपसी विवाद में घर में की फायरिंग, एक घायल

**गोपालगंज (नि. सं.)।** तुरकाहां गोसाई टोला गांव के एक घर में फायरिंग मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि सोमवार की रात करीब 12:45 बजे नगर थाना के तुरकाहां गोसाई टोला में रास्ते से साइड लेने के विवाद में गोलीबारी की सूचना मिली। इसमें गोली लगने से फैज अहमद नामक युवक के घायल होने की भी जानकारी मिली। इसके बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक सिवान जिला के पंचरूखी थाना क्षेत्र के सहलौर गांव निवासी स्व कृष्णा चौबे का बेटा सुरेन्द्र चौबे है। वहीं दूसरा नगर थाना क्षेत्र के गोसाई टोला वार्ड नंबर 3 का निवासी स्व श्याम नारायण सिंह का बेटा गजेन्द्र सिंह है।

## पार्टटाइम जॉब दिलाने के नाम पर चल रहा था सेक्स रैकेट, छापेमारी के दौरान चार गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोपालगंज।** गोपालगंज में सेक्स रैकेट का पुलिस ने खुलासा किया है। छापेमारी के दौरान छह लोग आपत्ति जनक स्थिति में पाए गए। पूछताछ के दौरान महिलाओं ने बताया कि पार्ट टाइम जॉब दिलाने के नाम पर लाया गया और इस धंधे में धकेल दिया गया। सेक्स रैकेट नगर थाना क्षेत्र के साधु चौक आईसक्रीम फैक्ट्री के पास एक घर में चलाया जा रहा था। घटनास्थल से कई आपत्तिजनक सामान के साथ 7210 रुपया नगद बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया है। सेक्स रैकेट का संचालक सेक्स रैकेट का संचालन पति और पत्नी मिल कर करते थे। भूली मियां ने पूछताछ में बताया कि उसके कई लोगों से संबंध है। जिसको वो लड़की सप्लाई करता है। सेक्स रैकेट के खुलासे के बाद इलाके के लोग हैरान हो गये। वहीं, पुलिस सभी से पूछताछ कर रहीं है। इसके साथ ही पूरे नेटवर्क को खंगाल रहीं है। पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई अधिकतर लड़कियां शहर में काम की तलाश में आई थी। इस रैकेट खुलासे के बाद यह जानकारी मिली है कि ग्राहकों के साथ व्हाट्सएप के जरिए डील होती थी। व्हाट्सएप पर उन्हें लड़कियों की तस्वीर भेजी जाती थी। उनके पसंद के अनुसार उन्हें लड़कियां उपलब्ध कराई जाती थी। उसी हिसाब से रेट भी तय होता था। वहीं, जिनकी डिमांड ज्यादा होती थी, उनके रेट भी अधिक होते थे।इसके साथ ही एक युवती ने पूछताछ में यह खुलासा किया है कि वे लोग शहर के कई से भी मिल चुकी हैं। उनके बारे में भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है। अब पूछताछ के बाद ही इस मामले में नए खुलासे होंगे। नारायणी टीम ने किया रेकी एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की नगर थाना क्षेत्र के साधु चौक आईसक्रीम फैक्ट्री के पास एक घर में देह व्यापार का धंधा किया जा रहा है। सूचना के बाद नगर थाना को भेजा गया। जहां पुष्टि होने के बाद छापेमारी की गई जहां से सभी को गिरफ्तार किया गया।

## 40 हजार पांच सौ के भारतीय जाली नोट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** भारत-नेपाल के सीमा पर बसा इंटरनेशनल शहर रक्सौल बार्डर से रोज तस्करी की सूचना मिल रही है। तस्कर पकड़े भी जा रहे हैं। खुला बार्डर होने का लाभ तस्कर उठा रहे हैं। ताजा मामले में 40 हजार पांच सौ के भारतीय जाली नोट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं, जिनसे पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि हरैया ओपी क्षेत्र से एक तस्कर जाली नोटों का खेप लेकर नेपाल से भारत में प्रवेश कर रहा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम बना कर हरैया ओपी क्षेत्र में नाकाबंदी कर सघन जांच अभियान शुरू किया। इस दौरान हरैया ओपी क्षेत्र से एक जाली नोट तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर से मिले जाली नोट के संबंध में पूछताछ करने पर दूसरे जाली नोट तस्कर के बारे में पता चला, जिसे गठित टीम के द्वारा तत्परतापूर्वक आदापुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

उक्त तस्कर का जाली नोट तस्करी से संबंध में पूर्व से रहा है। जब्त जाली नोट के संदर्भ में रक्सौल के हरैया ओपी थाना द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों में हरपुर थाना का जय आलम हवारी और दूसरा आदापुर थाना के आस महम्मद शामिल हैं। आस मोहमद पूर्व में भी तस्करी के मामले में कई बार जेल जा चुका है। गिरफ्तार तस्कर के पास से 500 रुपए के 81 पीस जाली नोट बरामद हुआ है, जो 40 हजार पांच सौ है। वहीं स्मैक (मादक पदार्थ) भी बरामद हुआ है। छापेमारी टीम में रक्सौल एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार, रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, पीएसआई प्रभात कुमार, रक्सौल थाना के उत्तम कुमार आदि शामिल थे।


## आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में भोला प्राथमिक-सह-मध्य संस्कृत विद्यालय, रहिकपुर, मधुबनी में 01 सहायक शिक्षक की आवश्यकता है। 01 सहायक शिक्षक कोटि-UR(F )योग्यता-मध्यमा / मैट्रिक का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।

**(2) उम्र सीमा:** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों को 21 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगी।

(3) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।

(4) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भता देय नहीं होगा।

(5) सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।

(6) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों की सेवा शर्त नियमावली-2015 को अनुरूप होगी।

**सचिव**
**भोला प्राथमिक-सह-मध्य संस्कृत विद्यालय, रहिकपुर, मधुबनी**



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
अल्पकालीन निविदा संख्या– 12/भ0प्र0 औरंगाबाद/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 02.03.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 14.03.2024 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 15.03.2024 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 15.03.2024 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
(घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणीः–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विधिक सेवा (व्यवहार न्यायालय परिसर) औरंगाबाद में Submersible Boring का कार्य | 2.148 | 5000 | 500.00 | 07 दिन |
| 2 | व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद परिसर में एक अदद वॉच टॉवर का निर्माण कार्य | 5.315 | 11000 | 1250.00 | 30 दिन |
| | कुल | 7.463 | | | |

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है। **कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

PR- 018823 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# 85 करोड़ युवा रचनात्मक शक्ति के बल पर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं

## गगनयान की कामयाबी

चंद्रयान और आदित्य एल-वन की कामयाबी के बाद निस्संदेह अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के हौसले बुलंद हैं। अब गगनयान मिशन को लेकर उत्साह नजर आने लगा है। प्रधानमंत्री ने इस मिशन पर जाने के लिए चार वैज्ञानिकों के नामों की घोषणा भी कर दी है। वैज्ञानिक इस मिशन को लेकर खासे सावधान हैं। गगनयान की बनावट कुछ इस तरह तैयार की गई है कि उसमें यात्रा करते हुए यात्रियों को पृथ्वी जैसे वातावरण का अनुभव हो और उन्हें सुरक्षित उतारा जा सके। फिलहाल एहतियात के तौर पर तीन मिशन भेजे जाएंगे, जिनमें से दो मानव रहित होंगे और एक में तीन यात्रियों को तीन दिन के लिए भेजा जाएगा। उन्हें समुद्र या पृथ्वी की सतह पर सुरक्षित उतार लिया जाएगा। इसके लिए तैयार किए गए गगनयान का परीक्षण सफल रहा है। यानी सब तरफ से इस मिशन की तैयारियां पूरी हैं, केवल इसके उड़ान का समय तय होना है। दरअसल, गगनयान मिशन को इसलिए महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है कि यह भारत का पहला मिशन होगा, जिसमें मानवयुक्त यान अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस यान को पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया है। इस तरह भारत अमेरिका, रूस, चीन जैसे देशों की श्रेणी में शुमार हो जाएगा, जो अभी तक मानवयुक्त अंतरिक्ष यान भेज चुके हैं। दूसरी उल्लेखनीय बात यह है कि भारत अगले दस वर्षों में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना चाहता है। उसमें गगनयान का योगदान महत्त्वपूर्ण होगा। अंतरिक्ष स्टेशन का मकसद दरअसल, वहां रह कर अंतरिक्ष के रहस्यों को सुलझाना है। अभी तक भेजे गए अंतरिक्ष यानों से प्राप्त जानकारियां बहुत सीमित हैं, जबकि अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है। दुनिया भर के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के जिज्ञासा का विषय है कि अंतरिक्ष में क्या कोई ऐसा भी ग्रह है, जिस पर मनुष्य जैसे प्राणी रहते हैं या जहां मनुष्य के रहने की संभावना हो सकती है। अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो जाने से अंतरिक्ष के कई अछूते पक्षों को भी जानने-समझने का मौका मिल सकता है। उसमें गगनयान वैज्ञानिकों के स्टेशन तक आवागमन का माध्यम बन सकता है। फिर, दुनिया की बदलती स्थितियों में अंतरिक्ष अनुसंधान केवल अंतरिक्ष के रहस्यों को खोलने तक सीमित नहीं है। यह एक विस्तृत कारोबार का रूप ले चुका है। पृथ्वी पर खनिजों की उपलब्धता सीमित है, जबकि मनुष्य की जरूरतें असीमित। ऐसे में दूसरे ग्रहों पर उपलब्ध खनिजों का दोहन भी भविष्य का एक सपना है। इसके लिए दुनिया की कई निजी कंपनियां भी अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अपने पांव पसार रही हैं।

## ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं में कभी कोई सेंध न लगा पाए

सरकारी नौकरियां लगातार कम हो रही हैं, मगर इनका आकर्षण बढ़ता जा रहा है और इसी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। एक सर्वे के अनुसार, बीते पांच वर्षों में 15 राज्यों में 41 बार प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं हुई हैं, जिनसे करीब 1.5 करोड़ युवा परीक्षार्थी प्रभावित हुए हैं। हाल में 17-18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस में 67,000 पदों के लिए 43 लाख युवाओं ने परीक्षा दी थी, पर पेपर लीक होने से परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ीं। क्या इन घटनाओं से यह जाहिर नहीं होता कि इन परीक्षाओं को आयोजित करने वाला तंत्र भ्रष्ट और निकम्मा हो चुका है? क्या करोड़ों युवाओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ नहीं हो रहा है? पेपर लीक की घटनाएं राष्ट्रीय स्तर पर इतनी बड़ी समस्या बन चुकी हैं कि पिछले दिनों केंद्र सरकार को संसद में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम) विधेयक, 2024 लाना पड़ा, जो दोनों सदनों द्वारा पारित हो चुका है। इसके अंतर्गत पेपर लीक करने और सार्वजनिक परीक्षाओं में किसी भी तरह के अनुचित साधनों का उपयोग करने वालों को दस साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा, पर सवाल पैदा होता है कि क्या सिर्फ कानून बनाने से इस बीमारी का इलाज हो सकेगा? हमें गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं क्या अभी हाल में पैदा हुई हैं? समाज में संपन्नता बढ़ रही है, तो आने वाले समय में ज्यादातर युवाओं को पैसे और नकल के बल पर ही नौकरी मिलेगी।

(प्रो. संजय द्विवेदी)

स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में, लोगों को प्रेरित करने में युवाओं ने प्रभावशाली योगदान दिया है। हमारे युवाओं में असीम प्रतिभा और ऊर्जा है। इस प्रतिभा और ऊर्जा का समुचित विकास और उपयोग किए जाने की जरूरत है। सनातन संस्कृति का यह स्वर्णिम दौर चल रहा है और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सनातन संस्कृति के महत्त्वपूर्ण विचारों 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अर्थात् पूरा विश्व एक परिवार है तथा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः' सभी प्रसन्न एवं सुखी रहे, के इन्हीं मूलमंत्रों के साथ सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में हम सभी के मार्गदर्शक बन रहे हैं और समस्त विश्व को सनातन के विचारों से अवगत करवा रहे हैं। एक आधुनिक राष्ट्र के रूप में हमारा इतिहास करीब साढ़े सात दशक पुराना है, लेकिन हमारी सभ्यता 5,000 वर्ष से भी अधिक प्राचीन है। कहने की आवश्यकता नहीं कि भारत के खाते में अनगिनत उपलब्धियां हैं। उनके स्मरण के लिए इससे बेहतर और क्या अवसर हो सकता है कि जब हम अपनी आजादी के अमृतकाल में हैं, तो केवल इस दिशा में ठोस और एकजुट प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। भारत अध्यात्म, ज्ञान, कर्म, सेवा, साधना और करुणा का देश रहा है। भारत, राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं की भूमिका का महत्व पहचानने वालों का देश रहा है। ऋषियों, शिक्षकों, कवियों, गुरुओं और वरिष्ठ-जनों ने युवा-शक्ति का यथेष्ट मार्गदर्शन करके उन्हें समाज, देश और दुनिया के कल्याण की ओर सदैव प्रेरित किया है। राष्ट्र-निर्माण के कार्य में युवाओं को प्रेरित करने मेंज्समाज की, मनीषियों और चिंतकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ये मनीषी और चिंतक युवा शक्ति के लिए सदैव प्रेरक होते हैं। उनके 'रोल मॉडल' होते हैं। सामान्य तौर पर, ये रोल मॉडल समय-समय पर, देश-काल और परिस्थिति के अनुसार, बदलते रहते हैं। लेकिन कुछ रोल मॉडल कभी नहीं बदलते। ऐसे ही एक कालजयी रोल मॉडल हैं- स्वामी विवेकाननंद। स्वामी विवेकानंद के विचार दुनियाभर के युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं। उन्हें युवाओं की ऊर्जा पर बहुत भरोसा था। वे कहते थे कि - 'युवा वो होता है जो बिना अतीत की चिंता किए अपने भविष्य के लक्ष्यों की दिशा में काम करता है'। स्वामी विवेकानंद भारत के युवा को अपने गौरवशाली अतीत और वैभवशाली भविष्य की एक मजबूत कड़ी के रूप में देखते थे। आप सभी को आज बस अपने अतीत को जानना है। क्योंकि अतीत को जानकर, उसे समझकर, आपको भविष्य के लक्ष्य तय करने हैं। अपने लिए, समाज के लिए, देश के लिए जो कुछ भी उत्तम और कल्याणकारी है, उसे प्राप्त करने के लिए काम करना है। आज का भारत, युवा शक्ति से भरपूर है। देश की 65 प्रतिशत जनसंख्या यानी लगभग 85 करोड़ युवा अपनी रचनात्मक शक्ति के बल पर हमारे देश को प्रगति की, मानव सभ्यता की नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। उदाहरण के तौर पर देखें तो आज से लगभग 9 वर्ष पहले शुरू किए गए 'स्वच्छ भारत अभियान' की सफलता में युवाओं का अभूतपूर्व योगदान रहा है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में, लोगों को प्रेरित करने में युवाओं ने प्रभावशाली योगदान दिया है। हमारे युवाओं में असीम प्रतिभा और ऊर्जा है। इस प्रतिभा और ऊर्जा का समुचित विकास और उपयोग किए जाने की जरूरत है। इस दिशा में प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं और इन प्रयासों के परिणाम भी सामने आने लगे हैं। ज्ञान-विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर, खेल के मैदान तक भारत के बेटे-बेटियां विश्व समुदाय पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। देश के कोने-कोने से नई-नई खेल प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। खेल-कूद से हमारे अंदर टीम भावना का संचार होता है। सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के लिए टीम भावना जगाने वाले ऐसे प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत है। आज भारत दुनिया में यूनिकॉर्न पैदा करने वाला, एक बिलियन डॉलर से ज्यादा की नई कंपनी बनाने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बना है, तो इसके पीछे किसकी ताकत है? इन सब सवालों का एक ही जवाब है, युवा। युवाओं की मेहनत और समर्पण के दम पर ही भारत आज नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। आज से 10 साल पहले हमारे देश में औसतन चार हजार पेटेंट प्रतिवर्ष होते थे। अब इसकी संख्या बढ़कर सालाना 15 हजार पेटेंट से ज्यादा हो गई है, यानि करीब-करीब चार गुना। ये किसकी मेहनत से हो रहा है। कौन है इसके पीछे? मैं फिर से दोहराता हूं। इसके पीछे युवा ही हैं, नौजवान साथी हैं, युवाओं की ताकत है। 26 हजार नए स्टार्टअप का खुलना दुनिया के किसी भी देश का सपना हो सकता है। ये सपना आज भारत में सच हुआ है। तो इसके पीछे भारत के नौजवानों की ही शक्ति है, उन्हीं के सपने हैं। भारत के नौजवानों ने अपने सपनों को देश की जरूरतों से जोड़ा है, देश की आशाओं और आकांक्षाओं से जोड़ा है। देश के निर्माण का काम मेरा है, मेरे लिए है और मुझे ही करना है। इस भावना से भारत का नौजवान आज भरा हुआ है। आज देश का युवा नए-नए ऐप्स बना रहा है, ताकि खुद की जिंदगी भी आसान हो जाए और देशवासियों की भी मदद हो जाए। आज देश का युवा हेकाथॉन के माध्यम से, तकनीक के माध्यम से, देश की हजारों समस्याओं का समाधान खोज रहा है। आज देश का युवा ये नहीं देख रहा कि ये योजना शुरू किसने की, वो आज खुद नेतृत्व करने के लिए आगे आ रहा है। विश्व स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करके भारत के युवा आज आर्थिक विकास और राष्ट्रीय अर्थव्यस्था के लिए मेरूदंड सिद्ध हो रहे है। ऐसा नहीं है की भारत ने अपनी वैश्विक शक्ति किसी से उधार में ली है। अतीत में भी भारत विश्व गुरु की उपाधि से विभूषित रहा है। भारतीय युवा शक्ति का लोहा अमेरिकी के भूतपूर्व राष्टपति बराक ओबामा भी मानते थे, तभी उन्होंने समय समय पर भोग में लिप्त अमेरिका के युवाओं को भारत से सीख लेने का परामर्श दिया था। भारत इस समय बहुत ही सुनहरे दौर से गुजर रहा है। हमारे देश में इस समय युवाओं की संख्या ज्यादा है। जिस देश में युवाओं की आबादी जितनी ज्यादा हो, वह उतनी ही तेजी से तरक्की करता है। इतिहास इसका गवाह है। ऐसे में यह सभी की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि युवाओं की ऊर्जा नष्ट न होने पाए। उन्हें सभी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा अवसर मुहैया कराए जाने चाहिए। हमारे ऋषियों ने उपनिषदों में 'तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मामृतं गमय' की प्रार्थना की है। यानी, हम अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ें। परेशानियों से अमृत की ओर बढ़ें। अमृत और अमरत्व का रास्ता बिना ज्ञान के प्रकाशित नहीं होता। इसलिए, अमृतकाल का ये समय हमारे ज्ञान, शोध और इनोवेशन का समय है।

*हमें एक ऐसा भारत बनाना है, जिसकी जड़ें प्राचीन परंपराओं और विरासत से जुड़ी होंगी और जिसका विस्तार आधुनिकता के आकाश में अनंत तक होगा। हमें अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता, अपने संस्कारों को जीवंत रखना है। अपनी आध्यात्मिकता को, अपनी विविधता को संरक्षित और संवर्धित करना है। और साथ ही, टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन, हेल्थ की व्यवस्थाओं को निरंतर आधुनिक भी बनाना है।*

## मोदी की भाजपा में जीत की भूख और हताश विपक्ष! नेहरू युग का सिंगल पार्टी सिस्टम वापस आ रहा?

(चन्द्र प्रकाश पाण्डेय)

राज्यसभा चुनाव के नतीजे इस बात का एक और संकेतक हैं कि बीजेपी के भीतर किस तरह जीत की भूख है। वह किस तरह जीत के लिए लड़ती है। और इसमें पार्टी को कांग्रेस की गलतियों से मदद मिल रही है। यूपी और हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में बीजेपी की अप्रत्याशित कामयाबी इस बात का एक और संकेत है कि बीजेपी में किस हद तक जीत की भूख है। वह कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। हालांकि, कर्नाटक में वह अपना घर नहीं संभाल पाई जहां उसके दो विधायकों ने या तो क्रॉसवोटिंग किया या फिर वोटिंग से नदारद रहा। यूपी और हिमाचल में पार्टी की रणनीनित इतनी तगड़ी थी कि उसे सपा और कांग्रेस के कई विधायकों का समर्थन हासिल हुआ। इस तरह उसकी झोली में राज्यसभा की 2 अतिरिक्त सीटें भी आ गईं। यूपी के नतीजे से कोई सियासी भूचाल तो नहीं आया लेकिन हिमाचल में राज्यसभा चुनाव के बाद निकट भविष्य में कांग्रेस सरकार के गिरने का खतरा पैदा हो गया है। पहला, भाजपा को अपनी पहले से मजबूत स्थिति को और भी मजबूत बनाने के प्रयास को देखते हुए भी विपक्ष एकजुट क्यों नहीं हो पा रहा है? दूसरा, क्या विपक्ष में महत्वाकांक्षा की कमी है जो मोदी की अति महत्वाकांक्षा का मुकाबला कर सके? और तीसरा, क्या केंद्र में भाजपा का बढ़ता वर्चस्व और उन राज्यों में उसकी सेंध जहां वह पहले कमजोर थी, हमें एक-दलीय राज्य की ओर ले जा रहा है? आखिरी सवाल का जवाब सबसे पहले। भारत 1947 से 1964 तक काफी हद तक एक-व्यक्ति, एक-दलीय राज्य था, जब नेहरू की कांग्रेस का शासन था। उन्होंने केंद्र और राज्यों दोनों में पार्टी और सरकार दोनों पर अपना वर्चस्व स्थापित किया था। भाजपा उस स्तर के वर्चस्व के आसपास भी नहीं है, लेकिन वह गैर-संघ परिवार के तत्वों को अपने दायरे में शामिल करके वहां पहुंचने की उम्मीद कर रही है, जबकि साथ ही दक्षिण जैसे अब तक कमजोर क्षेत्रों में विस्तार करने की कोशिश कर रही है। नेहरू और मोदी युग में कॉमन क्या है? दोनों का जनता से सीधा जुड़ाव रहा है, जिससे उनकी पार्टियों को वोट जुटाने में आसानी हुई। नेहरू ने सभी तरह के विचारों को समायोजित करने के लिए एक व्यापक मंच बनाया था। ठीक उसी तरह बीजेपी गैर-संघ परिवार के नेताओं को शामिल करके ऐसा करने का प्रयास कर रही है। क्या भारत एक-दलीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है? इसका सीधा जवाब यह है कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि 2024-29 के बीच बीजेपी राष्ट्रीय स्तर पर मोदी जैसा दूसरा नेता बनाने में सफल होती है या नहीं, और क्षेत्रीय विपक्ष की ताकत पर भी निर्भर करता है। बीजेपी उन राज्यों में विस्तार करने की उम्मीद कर रही है जहां कुछ क्षेत्रीय दल कमजोर हो रहे हैं (उदाहरण के लिए, तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ,बंगाल और त्रिपुरा में सीपीएम)। लेकिन जब तक क्षेत्रीय दल आपस में विकल्प प्रदान करते रहेंगे, तब तक बीजेपी राज्य की राजनीति पर उसी तरह हावी नहीं हो पाएगी, जैसा कि वह अभी दिल्ली में कर रही है। इसलिए, यह कहना मुश्किल है कि क्या हम एक-दलीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। असली सवाल यह है कि यदि बीजेपी इस मई में बड़ी जीत हासिल करती है तो विपक्ष अब से लेकर मोदी के कार्यकाल समाप्त होने तक (2029 के बाद कभी) के बीच क्या करता है? विपक्ष अपने कुछ क्षेत्रीय गढ़ों से आगे अपना आधार क्यों नहीं बढ़ा पा रहा है, जिनमें से कुछ अब कमजोर भी दिख रहे हैं? विपक्ष की अगर कोई सबसे कमजोर कड़ी है तो वह है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन संतोष और शान्ति का है। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी।

### वृष
आज जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। राशि का स्वामी मंगल-पापग्रहों की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष से निराशाजनक समाचार मिल सकता है। सायंकाल के समय कोई रुका काम बनने की संभावना है।

### मिथुन
आज आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

### तुला
आज मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। सांय काल में कोई रूका कार्य पूरा होगा। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आज स्वामी बुध सुख की वृद्धि कर रहा हैं। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्चा व कीर्ति की वृद्धि होगी।

### धनु
आज उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व शुभ समाचार मिलेगा।

### कर्क
आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### सिंह
आज स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है। अतः निर्मूल विवाद अकारण शत्रुपत्ति, अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशता कारक है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है, इससे आप पर अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा। सावधान रहें और झगड़े/विवाद से बचें।

### कन्या
आज दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

### मकर
आज कुछ आन्तरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त, जड़ जमा रहे हैं। आज का दिन इस सबकी जांच कराने और किसी अच्छे डॉक्टर इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें। इससे आपके खर्च बढ़ सकते हैं। रोग की अवस्था में भी आपका चलना-फिरना काफी ज्यादा हो गया है।

### कुंभ
आज विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सांयकाल से लेकर रात्रिपर्यन्त सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। बृहस्पति का त्रिकोण योग मूल्यवान वस्तुएं चोरी करा सकता है।

### मीन
आज सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का पराभव होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। प्रणय सम्बन्ध प्रगाढ़ता की ओर बढ़ेंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5301

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5300

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 5301

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | 10 | | ■ |
| 11 | | 12 | ■ | 13 | | | ■ |
| ■ | 14 | | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| 17 | ■ | 18 | | ■ | | ■ | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | ■ | 22 | |
| 23 | | ■ | 24 | | ■ | 25 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. अंग्रेजों द्वारा निहत्थी भीड़ पर यहां की गई अंधाधुंध गोलीबारी में चार सौ लोग मारे गए (7)
6. लालसा करना, प्रेम करना, इच्छा होना (3)
7. चाल, रफ्तार (2)
8. एक उपसर्ग जो शब्दों के आरंभ में लगता है (2)
10. पुराणानुसार पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, व्यक्ति (2)
11. दनु नामक स्त्री से उत्पन्न पुत्र, असुर, राक्षस (3)
13. लोभ, अनुचित इच्छा (3)
14. श्रवणेन्द्रिय, कर्ण (2)
15. एक प्रकार का मादक द्रव्य (3)
18. किसी वस्तु आदि को छूने की क्रिया (2)
19. पुराणानुसार चद्रवंश के पांचवें राजा (2)
22. मस्तक, ललाट, माथा (2)
23. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
24. कही हुई बात मानने का तैयार (2)
25. संबंध, रिश्ता (2)

**ऊपर से नीचे**
1. भारतीय हिंदी फिल्म की एक मशहूर अभिनेत्री (4)
2. याचना, अभ्यर्थना, अर्चना (2)
3. ले जाने वाला, परिवहनकर्ता, वहनकर्ता (3)
4. उपस्थित करना, ले आना (2)
5. नभगामी, नभचर (5)
9. तृण, खरीक (3)
10. वे प्राणी जो जल में विचरण करते है (4)
12. पादप जगत यह कहलाता है (4)
16. कामयाबी, मनोरथ, सिद्धि (4)
17. मौजूद, स्थिर, दीर्घकालीन (3)
20. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
21. 332 द्वीप वाले इस देश की राजधानी सुवा है (2)
22. पसंद आना, सुंदर लगना, शोभित होना (2)

### वर्ग पहेली 5300 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | रि | या | णा | ■ | मुं | ब | ई |
| म | हा | न | ■ | ■ | त | ला | श |
| म | ई | ■ | द | ■ | जि | ■ | दू |
| ज | ■ | स | मा | चा | र | ■ | त |
| ह | जा | र | ■ | ला | ■ | ख | ■ |
| ब | न | ना | ■ | क | म | ल | ज |
| ■ | का | मा | क्षी | ■ | खौ | ल | ना |
| पो | र | ■ | र | ह | ल | ■ | ब |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित

**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### 48 लोगों की जांच में 13 को सुनने में समस्या मिली



**धनबाद।** वर्ल्ड हियरिंग डे पर सोमवार को एसएनएमएमसीएच के ईएनटी विभाग में हियरिंग टेस्ट ( श्रवण शक्ति की जांच ) कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 48 लोगों की जांच ऑडियोमीटर से की गई। इसमें 13 ऐसे लोग मिले, जिनकी सुनने की क्षमता सामान्य से कम थी। इसमें भी अधिकांश लोगों को इसका पता ही नहीं था कि उन्हें कम सुनाई पड़ती है। सभी का इलाज किया गया। विभाग के ओपीडी में लगाए गए इस कैंप का उद्घाटन विभागध्यक्ष डॉ जयंत चक्रवर्ती ने किया। इसके बाद डॉ चक्रवर्ती समेत डॉ आशुतोष, डॉ अभिषेक समेत विभाग के अन्य चिकित्सकों ने ओपीडी में आए सभी 153 मरीजों के कानों की जांच भी की। इस जांच में 48 ऐसे लोग मिले, जिन्हें सुनने की समस्या थी। ऑडियोमीटर से इन लोगों की जांच ऑडियोलॉजिस्ट डॉ गणेश चक्रवर्ती और तकनीशियन दिनेश रवानी ने की। इसमें 13 लोगों के सुनने की शक्ति कम पाई गई। कैंप में आए लोगों का इलाज किया गया और दवाएं दी गईं।

### झारखंड में फिर तबादला, 8 आईएएस अफसरों का हुआ ट्रांसफर

**रांची, एजेंसी।** चंपई सोरेन की सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के आठ अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। इनमें दो जिलों के उपायुक्त भी सम्मिलित हैं। इसके तहत वित्त विभाग के संयुक्त सचिव घोलप रमेश गोरख को चतरा तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अपर सचिव कुमुद सहाय को जामताड़ा का उपायुक्त बनाया गया है। कार्मिक विभाग ने शनिवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। इसके तहत वन एवं पर्यावरण विभाग की सचिव वंदना दादेल को मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इनसे महिला एवं बाल विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार वापस ले ले लिया गया है। पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। चतरा के वर्तमान उपायुक्त अबु इमरान को स्थानांतरित करते हुए उन्हें झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कारपोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। उन्हें झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी के कार्यपालक निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जामताड़ा के उपायुक्त शशि भूषण मेहरा को स्थानांतरित करते हुए उन्हें वित्त विभाग में अपर सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसी तरह झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी को स्थानांतरित करते हुए उन्हें पशुपालन निदेशक बनाया गया है। वहीं, वर्तमान पशुपालन निदेशक आदित्य रंजन को स्थानांतरित करते हुए उन्हें झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद का निदेशक बनाया गया है। इनके पास झारखंड मध्याह्न भोजन प्राधिकरण तथा झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा।

### हिनू में दीवार गिरी, दो बच्चों की मौत, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू में बारिश से भींग कर कमजोर हो चुकी दीवार गिर गई। दीवार के पास खेल रहे दो बच्चों की उसी दीवार में दब कर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी डोरंडा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार जहां की दीवार गिरी है, उसी के बगल में अपार्टमेंट निर्माण को लेकर गड्ढा खोदा गया है। बीती रात बारिश होने की वजह से दीवार पूरी तरह भीगी हुई थी। वहीं दीवार से सट कर दो बच्चे खेल रहे थे। अचानक दीवार भरभराकर गिर गई। जिसमें दोनों बच्चे दब गए। जब तक बच्चों को निकाला जाता, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी ।जानकारी के अनुसार बच्चों की मां पास में ही काम कर रही थी। दीवार गिरने से कुछ देर पहले तक बच्चे मां के आसपास ही थे। खेलते-खेलते वे दीवार की ओर चले गए।

# बेनकाब हुआ सोरेन परिवार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बीजेपी नेता का आया रिएक्शन





**रांची, एजेंसी।** सीता सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ के निर्णय का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वागत किया है। प्रदेश कार्यालय में सोमवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का परिवार हमेशा से भ्रष्टाचार में लिप्त रहा है। इस केस के शिकायतकर्ता में वे स्वयं शामिल रहे हैं। फैसले से शिबू सोरेन परिवार की सच्चाई फिर उजागर हुई है।

झारखंड से जुड़ा यह मामला 2012 के राज्यसभा चुनाव से जुड़ा है, जिसमें झामुमो विधायक सीता सोरेन के ठिकानों से पैसे बरामद हुए थे। मरांडी ने कहा कि यह फैसला कई मिथक को तोड़ने वाला है। चाहे सदन हो या कहीं और यदि मामला आपराधिक है तो आपराधिक ही माना जायेगा। कोई पैसा लेकर सवाल पूछे या वोट दे सभी आपराधिक हैं। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार का राजनीतिक उद्देश्य है केवल पैसा कमाना।

इसे लेकर झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने1993 में 31 वर्ष पूर्व कांग्रेस की सरकार बचाने के लिए शिबू सोरेन व झामुमो के चार सांसदों ने वोट के लिए घूस लिया था। पैसा भी बरामद हुआ था। भ्रष्टाचार में कांग्रेस व झामुमो का पुराना रिश्ता है

कहा कि झामुमो या कांग्रेस दोनों पार्टियां एक साथ जब सत्तासीन होगी भ्रष्टाचार होगा ही होगा। दोनों की युगलबंदी है। लालू यादव के पीएम के परिवार नहीं होने के बयान पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाई व भतीजा हैं। जिस प्रकार ममता बनर्जी व मायावती अपने भतीजे के लिए कर रही है, वैसा प्रधानमंत्री भी कर सकते थे।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने पांच सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा 1998 में पीवी नरसिंह राव मामले ( झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत कांड) में दिए गए फैसले को पलट दिया है। अदालत ने अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा, रिश्वत लेकर सदन में मतदान करने या भाषण देने पर आपराधिक मुकदमे से छूट नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से अब झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन और उनकी विधायक बहू सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। शिबू सोरेन फिलहाल झामुमो के राज्यसभा सदस्य हैं और सीता सोरेन जामा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो की विधायक हैं। शिबू सोरेन समेत झामुमो के चार तत्कालीन सांसदों पर 1991 में नरसिंह राव की सरकार बचाने के लिए रिश्वत लेकर उनके पक्ष में वोट करने का आरोप है।

वहीं सीता सोरेन वर्ष 2012 के राज्यसभा चुनाव में रिश्वत लेकर वोट देने के मामले में आरोपित हैं। सीता सोरेन पर वर्ष 2012 में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी आरके अग्रवाल से डेढ़ करोड़ रुपये लेकर वोट देने का आरोप है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। उन्होंने सीबीआई कोर्ट में सरेंडर किया। उन्हें जेल भी जाना पड़ा। हाईकोर्ट में उन्होंने कार्रवाई को चुनौती दी, लेकिन याचिका खारिज हो गई।

इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन समेत चार तत्कालीन सांसदों को रिश्वत कांड में मिली राहत का हवाला देते हुए आपराधिक मुकदमे से छूट की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले को खंडपीठ को भेज दिया।

खंडपीठ ने पूर्व के फैसले पर दोबारा विचार करने का फैसला देते हुए कहा था कि क्या किसी सांसद अथवा विधायक को वोट के बदले नोट लेने की छूट दी जा सकती है क्या ऐसा कर कोई आपराधिक मुकदमे से बचने का दावा कर सकता है।

## होली में मुंबई से रांची जाने वाले ध्यान दें! इस ट्रेन में तेजी से हो रही बुकिंग




**रांची, एजेंसी।** होली इस बार 25 मार्च को मनाई जाएगी। इसके चलते होलिका दहन 24 मार्च रविवार के दिन किया जाएगा। त्योहार को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। देश के अलग-अलग शहरों में रहने वाले नौकरीपेशा और कामगार भी घर लौटने के दिन गिन रहे हैं ताकि रंगों के इस उत्सव को अपने परिवार के सदस्यों के साथ मना सके। चूंकि 23 मार्च को शनिवार है इसलिए ज्यादातार लोग शुक्रवार यानी कि 22 मार्च को ही अपने सफर की शुरुआत कर सकते हैं। ऐसे में आपकी सहूलियत के लिए हम आपको इस दिन मुंबई से रांची को जाने वाली ट्रेनों की वर्तमान स्थिति के बारे में बताने जा रहे हैं ताकि लोग अपने-अपने हिसाब से प्लानिंग कर सके।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से चलकर रांची को चलने वाली यह ट्रेन शाम के चार बजकर 35 मिनट पर रवाना होती है और 37 घंटे 50 मिनट की दूरी तय कर सुबह के लगभग साढ़े छह बजे अपना सफर पूरा करती है। यानी कि अगर आप शुक्रवार को चलेंगे तो रविवार यानी कि होलिका दहन वाले दिन आसानी से पहुंच जाएंगे। हालांकि, ट्रेन में त्योहारी सीजन को देखते हुए तेजी से बुकिंग चल रही है। ट्रेन के स्लीपर कोच में 225 वेटिंग लिस्ट है। इसी तरह से 3 टियर, 2 टियर और एसी फर्स्ट क्लास में क्रमशः 69, 17 और तीन वेटिंग चल रही है।

होली में दिल्ली, हावड़ा, बेंगलुरु और हावड़ा से रांची आने वाली ट्रेनों की सीटें फुल हैं। इन ट्रेनों में 21 मार्च से ही सीट नहीं मिल रही है। 21 मार्च के पहले से लंबी वेटिंग है। वहीं, यात्रियों की भीड़ को देखते हुए स्पेशल ट्रेन और अतिरिक्त कोच लगाने के लिए रेलवे की ओर से पहल की जाएगी। वर्तमान में जयनगर और गोरखपुर के लिए स्पेशल ट्रेन का चलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के खिलाफ सीबीआई आय से अधिक संपत्ति की जांच करेगी



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के खिलाफ सीबीआई आय से अधिक संपत्ति की जांच करेगी। लोकपाल इंडिया की तीन सदस्यीय कमेटी में शामिल जस्टिस अभिलाषा कुमारी, अर्चना रामसुंदरम और महेंद्र सिंह ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम की धाराओं के तहत सीबीआई को छह माह में जांच पूरी करने का आदेश दिया गया है।

लोकपाल ने आदेश जारी किया है कि प्रत्येक माह की प्रोग्रेस रिपोर्ट सीबीआई देगी, वहीं 30 अप्रैल तक पहली रिपोर्ट जमा करनी होगी।

सीबीआई को पीई में आए तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई का आदेश दिया गया है। सीबीआई की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर सकती है। लोकपाल ने आदेश दिया है कि पांच अगस्त 2020 की डेडलाइन से सात साल पहले अर्जित संपत्ति की जांच धारा 53 के प्रावधानों के तहत नहीं की जा सकती, लेकिन शिकायतकर्ता प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की जांच के क्रम में अपनी बात सीबीआई के समक्ष रख सकते हैं।

दो संपत्तियां जांच के दायरे में

लोकायुत ने अपने फैसले में लिखा है कि राज्यसभा सांसद ने कई संपत्तियों की खरीद सरकारी दर से भी कम पर की। वहीं अमित अग्रवाल के जरिए शेल कंपनियों में भारी निवेश किया गया। बोकारो के एक होटल व एक स्कूल का विवरण भी चुनावी हलफनामा में नहीं दिया गया। जेएमएम के द्वारा साल 2014 में ली गई दो संपत्तियां भी जांच के दायरे में हैं।5 अगस्त 2020 को सांसद निशिकांत दुबे ने शिकायत की थी कि राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन व उनके परिवारजनों ने भ्रष्टाचार के जरिए घोषित आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। यह संपत्ति रांची, धनबाद, दुमका में अर्जित की गई। शिकायत में 57 संपत्तियों का जिक्र था। तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अमित अग्रवाल के जरिए कई कंपनियों में बड़ा निवेश किया है।सीएनटी का उल्लंघन कर राज्यसभा सांसद व उनके परिजनों पर कई जिलों में संपत्ति लेने का आरोप भी लोकायुक्त को किया गया था।

## महाशिवरात्रि पर आदियोगी का बनेगा पंडाल, महाकाल सा श्रृंगार



**धनबाद।** तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित विश्वविख्यात आदिगुरु शिव प्रतिमा के आकार का पंडाल और उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर बाबा का दिव्य श्रृंगार। इस बार महाशिवरात्रि पर यह दृश्य धनबाद के लोग देख सकेंगे। महाशिवरात्रि पर इस वर्ष मटकुरिया रोड स्थित भूतनाथ मंदिर में विशेष तैयारी की गई है। मंदिर परिसर में ही आदियोगी की तर्ज पर विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। मंदिर कमेटी के सरोज प्रसाद ने बताया कि सात और आठ मार्च को लेजर शो होगा। विवाह से पूर्व महादेव का उज्जैन महाकाल की तर्ज पर भस्म श्रृंगार होगा।

**भोपाल से मुंडमाला और बनारस से तांडव झांकी :** बाबा की बारात जब निकलेगी तो यह देखने लायक होगी। कमेटी का दावा है कि यह अद्भुत और धनबाद के लिए अतुलनीय होगा। बताया कि इस बार भोपाल से तीन झांकियां, जिसमें मुड़माला के साथ नृत्य करते गण, बनारस से तांडव की झांकी, प्रयागराज से बाहुबली बजरंगबली, राम सीता, राधाकृष्ण व विष्णु महालक्ष्मी की झांकी, नंदी पर सवार भोलनाथ व मां पार्वती की झांकी, अयोध्या राम मंदिर की तर्ज पर धनुष बाण लिए सात फुट के रामलला झांकी हैं। इसके अलावा रामगढ़ की ताशा पार्टी, तक्षक नाग के साथ शिवलिंग और मटकुरिया से सुपर मार्केट तक लाइटिंग भी आकर्षण का केंद्र होगी।

**विशुनपुर में बाबा के बारात में पुरुलिया का छऊ नृत्य :** विशुनपुर बस्ती शिव मंदिर से भी प्रत्येक वर्ष धूमधाम से बाबा की बारात निकाली जाती है। कमेटी के सचिव निवास गोप ने बताया कि इस बार पुरुलिया के छऊ नृत्य करने वाली टीम बारात में शामिल होगी। रात्रि में मंदिर में विवाह होगा। इस दौरान बारातियों के लिए भक्ति जागरण का आयोजन रखा गया है। इसके साथ-साथ बिनोद नगर त्रिमूर्ति मंदिर, पुलिस लाइन से भी बारात निकलती है। शहर के भुईंफोड़ मंदिर, खंड़ेश्वरी मंदिर, शिव शक्ति मंदिर धैया धीरेंद्रपुरम, पॉलीटेक्निक रोड स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक होगा।

## झारखंडी युवाओं ने बढ़ाया मान : प्रधानमंत्री युवा कार्यक्रम 2.0 में कोल्हान के दो लेखकों का चयन



**चाईबासा, एजेंसी।** प्रधानमंत्री युवा कार्यक्रम 2.0 के अंतर्गत लोकतंत्र विषय पर अलग-अलग भाषाओं में किताब लिखने के लिए आयोजित प्रतियोगिता के तहत देश भर में 41 युवा लेखकों का चयन किया गया है। इनमें झारखंड के कोल्हान के भी दो युवा शामिल हैं। इनके नाम गोपाल हांसदा और अभिषेक कुमार सिंह हैं।

गोपाल हांसदा पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड के दामूडीहा गांव से हैं। वर्तमान में मुसाबनी प्रखंड में पंचायती राज विभाग में पंचायत सचिव हैं। अभिषेक कुमार सिंह जमशेदपुर के गोलमुरी में केबुल टाउन के रहने वाले हैं और वर्तमान में जवाहर नवोदय विद्यालय चाईबासा में हिन्दी के शिक्षक हैं।

गोपाल हांसदा को संथाली और अभिषेक कुमार सिंह को हिन्दी भाषा में पुस्तक लेखन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया है। बता दें कि लोकतंत्र की थीम पर पुस्तक लिखने हेतु देशभर में एक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

संविधान में अधिसूचित सभी 22 भाषाओं में से प्रतिभागी किसी भी भाषा में लिखने के लिए स्वतंत्र थे। इसमें 10 हजार शब्दों में पुस्तक की रूपरेखा तथा कुछ अध्याय लिखकर भेजना था।

लिखित सामग्री की तीन स्तरों पर जांच के बाद चयनित प्रतिभागियों को पर्सनल इंटरव्यू के लिए दिल्ली बुलाया गया, जिसमें अंततः 41 प्रतिभागियों का चयन हुआ। चयनित प्रतिभागियों को पुस्तक लेखन से संबंधित 6 महीने की ट्रेनिंग एनबीटी द्वारा दी जाएगी जिसमें 50 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से कुल 3 लाख रुपये की स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी।

पोटका गांव के किसान पिता जयसिंह हांसदा के 26 वर्षीय पुत्र गोपाल हांसदा संथाली लेखक हैं। भविष्य में संथाली के प्रोफेसर बनकर अपनी भाषा का प्रचार-प्रसार करना चाहते हैं। दिसंबर 2022 में इनकी संथाली भाषा में लो सारेज तिरयो नामक किताब का प्रकाशन हुआ। लो सारेज तिरयो का हिन्दी में अर्थ होता है अर्धजला बांसुरी।

युवा लेखकर गोपाल हांसदा कहते हैं, देश भर के 41 युवाओं में संथाली भाषा में मेरा चयन हुआ है। मेरा विषय लोकतंत्र मे आदिवासियों की भूमिका था। यह मेरे लिए बड़े ही गर्व की बात हैं। मैं दी जा रही जिम्मेदारी के लिए काफी उत्साहित हूं। फिलहाल, पश्चिमी बंगाल के शांति निकेतन से पीएचडी कर रहा हूं। आगे प्रोफेसर बनना है।

गोलमुरी निवासी जवाहर नवोदय विद्यालय, चाईबासा में टीजीटी हिन्दी शिक्षक अभिषेक कुमार सिंह अपने चयन पर हर्ष जताते हुए कहते हैं, 10 फरवरी को विश्व पुस्तक मेला के उद्घाटन में चयनित प्रतिभागियों को शामिल होने का मौका मिला। मैं भी उन युवा लेखकों में शामिल था। हम सभी को 11 फरवरी को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात करने एवं ग्रुप फोटो का अवसर प्राप्त हुआ।

यह मेरे लिए अविस्मरणीय पल रहा। अभिषेक बोले, हिन्दी भाषा में मैंने वयं राष्ट्रे जागृयाम-राष्ट्रीयता के आलोक में भारत की लोकतांत्रिक यात्रा शीर्षक से पुस्तक लिखने का प्रस्ताव तैयार किया है जिसमें नौ अध्याय में इस पुस्तक को विभाजित किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है। इस पुस्तक यात्रा में एक राष्ट्र के रूप में भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सभी आवश्यक पहलुओं को शामिल करने का प्रयास किया गया है।

# हिंदुओं से बात की तो... शरिया कानून के नाम पर जुल्म ढा रही आदम सेना, घर में घुसकर मुस्लिम युवतियों संग कर रहे छेड़खानी



**रामगढ़, एजेंसी।** रामगढ़ जिले के विभिन्न गावों में मुस्लिम समुदाय से जुड़े कुछ युवकों ने आदम सेना के नाम से संगठन बनाया है। आदम सेना में शामिल युवक मुस्लिम युवतियों पर जबरन शरिया कानून थोप रहे। आदम सेना का उद्देश्य शरिया कानून का प्रचार करना व इसे लागू है। संगठन महिलाओं-युवतियों को हिंदुओं से बात करने या बुर्का नहीं पहनने पर फौरी कार्रवाई कर रही है।

कार्रवाई के नाम पर आदिम सेना से जुड़े युवक उनके घरों में ताला जड़ दे रहे हैं। शरिया कानून का पालन नहीं करने पर युवतियों को गांव से बाहर करने की भी धमकी दे रहे हैं। शरिया कानून के नाम पर मुस्लिम युवतियों को प्रताड़ित करने का एक मामला सामने आया है।

मामला जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिकनी गांव का है। सिकनी मुस्लिम बहुल गांव है। यहां की एक युवती निकहत नजमा ने कथित रूप से आदम सेना से जुड़े मुस्लिम युवकों पर शरिया कानून थोपने की शिकायत रामगढ़ डीसी व एसपी से की है। निकहत ने बताया कि वे लोग तीन बहन हैं। एक भाई माता-पिता के साथ सिंगरौली (मध्य प्रदेश) में रह रहे थे। पिता एनसीएल में नौकरी करते थे। पिता की मौत के बाद सपरिवार अपने पैतृक गांव सिकनी आ गए। यहां पुश्तैनी जमीन आदि को लेकर परिवार में विवाद होने लगा।मामले में दोनों ओर से रजरप्पा थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई। इसके बाद समझौता कराने के नाम पर अपने आपको आदिम सेना का सदर बताकर गांव के युवक पूरे परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं। कौम में शरिया कानून का हवाला देकर पर्दा में रहने व दूसरे कौम के लोगों से बातचीत नहीं करने बात कही।स्वयं को आदिम सेना का सदर व सदस्य बताने वाले सलमान व अहमद ने घर में घुसकर मुझसे व मेरी बहन के साथ छेड़खानी की। संगठन के युवकों ने यह भी कहा कि हमलोगों में शरिया कानून चलता है। हमलोग प्रशासनिक कार्रवाई को नहीं मानते हैं। कहीं भी शिकायत करो, कोई कुछ नहीं कर सकता है।निकहत ने कहा कि शरिया कानून बताकर मेरे परिवार को परेशान व प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस-प्रशासन से न्याय नहीं मिल रहा है।

## शिबू सोरेन के नक्शेकदम पर बहू, जहां से ससुर ने फूंका था सियासी बिगुल; वहीं पहुंचीं कल्पना सोरेन



**रांची, एजेंसी।** राजनीति में संकेतों और संदेशों का काफी महत्व है। पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद रिक्त हुए स्थान को भरने के लिए कल्पना सोरेन ने जब सार्वजनिक जीवन में उतरने का निर्णय किया तो कुछ ऐसा ही नजर आया। पहले उन्होंने अपने जन्मदिन के मौके पर तीन मार्च को जेल जाकर पति से मुलाकात की।

इसके बाद झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के यहां पहुंचकर आशीर्वाद लिया। सोमवार को वह गिरिडीह के पीरटांड में उसी इलाके में थीं, जहां से शिबू सोरेन ने महाजनी प्रथा के विरुद्ध शंखनाद किया था। आदिवासी महिलाओं की पारंपरिक साड़ी पहने कल्पना सोरेन ने जाहेरथान में विधिवत पूजा-अर्चना की।गिरिडीह में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह में भावुकता भरा उनका भाषण समर्थकों ने गंभीरता से सुना। इस दौरान उनकी आंखों से आंसू भी छलके तो खुद को संभालवा और मुट्ठी भींचकर राजनीतिक विरोधियों पर प्रहार किया।दरअसल, कल्पना सोरेन के लिए राजनीतिक मैदान खुला है। लोकसभा चुनाव में राज्य में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा का मिशन भाजपा को उसकी मौजूदा सीटों से पीछे धकेलना है। हालांकि, यह आसान काम नहीं है, लेकिन कल्पना सोरेन का उपयोग मोर्चा के रणनीतिकार बड़े पैमाने पर करेंगे, इतना तय हो चुका है।गिरिडीह के बाद उनका साहिबगंज के बरहेट जाने का कार्यक्रम है। बरहेट विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व हेमंत सोरेन करते हैं। ऐसे में उनका दौरा महत्वपूर्ण होगा। उनकी राजनीतिक कवायद विधानसभा चुनाव का पूर्वाभ्यास है, जो इस वर्ष के अंतिम महीने में प्रस्तावित है।

पिछले विधानसभा चुनाव में सारे आकलन को ध्वस्त करते हुए झामुमो सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक ने मारी टक्कर, बैलगाड़ी पलटने से युवक की मौत

**अलीगढ़, एजेंसी।** अलीगढ़-पलवल हाईवे पर 4 मार्च को तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बैलगाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पराली से भरी बैलगाड़ी सडक किनारे गड्ढे में पलट गई। जिसके नीचे नीचे दबकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव करसुआ निवासी 38 वर्षीय नरेंद्र सिंह पुत्र डिप्टी सिंह के परिजनों ने बताया कि बैलगाड़ी में पराली भर कर शहर बेचने जा रहा था। बैलगाड़ी जैसे ही आईटीएम कालेज के पास पहुंची, तभी खैर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बैलगाड़ी में टक्कर मार दी। बैलगाड़ी के नीचे दबकर नरेंद्र की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे चार बच्चे और पत्नी व परिवार के लोगो को रोते बिलखते छोड़ा है। मृतक के भतीजे रिंकू सिंह पुत्र रमेश सिंह ने लोधा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बाइक सहित नहर में गिरा युवक, बुझा घर का चिराग, सात दिन बाद मिला शव

**अलीगढ़ , एजेंसी।** पिसावा के गांव जलोखरी निवासी युवक की बुलंदशहर के जहांगीरपुर थाने की कपना नहर में डूबने से मौत हो गई। युवक का शव सात दिन बाद 4 मार्च को मिला। इकलौते बेटे की मौत से पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव जलोखरी के भोलाराम का 22 वर्षीय बेटा सलमान नोएडा में दांतों के डाक्टर के साथ काम करता था। गांव से ही प्रतिदिन बाइक से आवागमन करता था। 26 फरवरी की शाम नोएडा के निकट झाझर में अपने दोस्त से मिलने के बाद वापस गांव आ रहा था। रात 10.30 बजे वह जहांगीरपुर थाने के गांव कपना नहर के पुल के पास पहुंचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। युवक नहर में डूब गया। जब वह घर नहीं पहुंचा तो तड़के से ही परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला। परिजनों ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। एनडीआरएफ की टीम नहर में युवक की तलाश में जुट गई। सात दिन बाद 4 मार्च की सुबह करीब सात बजे सलमान का शव कपना पुल के समीप मिल गया।

### नहर में मिला बराती का शव, परिवार में छाया मातम

**अलीगढ़ , एजेंसी।** फतेहगढ़ी नहर के निकट मिले शव की पहचान चौंढेरा निवासी कैलाश के रूप में हुई है। सूचना पर तलाश करते हुए परिजन भी खैर पहुंच गये। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि चौंढेरा निवासी 40 वर्षीय कैलाश पुत्र करतार सिंह 3 मार्च की दोपहर बुलंदशहर के शेरपुर-ककोड़ स्थित रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गये थे। कार से रिश्तेदारों के साथ गभाना तहसील के कस्बा पिसावा जा रहे थे। शाम कार जहांगीरपुर के निकट नहर में गिर गई थी। जिसमें कार सवार सभी आठ लोग नहर में डूब गये थे। तीन लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई थी तथा पांच वर्षीय बालिका व 16 वर्षीय किशोर सहित दो लोग लापता थे। 4 मार्च की दोपहर फतेहगढी पश्चिमी गांव के निकट नहर में शव होने की सूचना पर इंस्पेक्टर खैर प्रवीन कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा शव को निकलवाकर शिनाख्त के प्रयास किए। इसी बीच पीछे से नहर किनारे तलाश करते आ रहे परिजनों को ग्रामीणों ने शव की सूचना दी। सूचना पर परिजन खैर सीएचसी पहुंचे तथा शव की शिनाख्त की। मृतक के पत्नी व दो बेटी है। वह दिल्ली में मजदूरी करता था। इंस्पेक्टर खैर प्रवीन कुमार सिंह के पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### दीक्षांत समारोहः कुलाधिपति बोलीं-शिक्षा में बढ़ रहा राजनीतिक हस्तक्षेप

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 89वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल कुल 77 विद्यार्थियों को 120 मेडल प्रदान किया। इसमें 51.67 फीसदी यानी 62 मेडल तो सिर्फ 19 विद्यार्थियों के ही नाम रहे। बाकी 58 विद्यार्थियों को एक-एक मेडल मिले। इस दौरान कुलाधिपति ने अपना संबोंधन भी दिया। उन्होंने कहा कि 2023-24 सत्र में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सबसे बाद में हो रहा है।

# प्रधानाचार्य की हत्या से आक्रोश, शव रखकर धरने पर बैठे परिजन, छात्र-छात्राओं ने निकाला मार्च

**गोंडा, एजेंसी।** गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र के फूलपुर निवासी व श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव की हत्या के बाद मंगलवार की सुबह परिजनों और क्षेत्रीय लोगों ने आक्रोश जताया। बभनान-मसकनवा मार्ग स्थित फूलपुर चौराहे पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। आक्रोशित परिजन धरने पर बैठ गये। इससे पूर्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बैनर पोस्टर हाथ में लेकर मार्च निकाला। परिजन हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी करने, दो अन्य लोगों का मुकदमे में नाम बढ़ाने, आरोपियों के घर बुलडोजर चलाने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग पर अड़े हुए हैं। सूचना पर सीओ मनकापुर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस तैनात है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी परिजनों को मनाने में जुटे हुए हैं।

रविवार की रात में छपिया थाना क्षेत्र के सिसहनी गांव में श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव की सिसहनी में ही स्थित मामा के घर पर गोली मारकर दी गई थी। इस मामले में विद्यालय प्रबंधक और मकतूल के मामा आज्ञाराम यादव की तहरीर पर पुलिस ने अजय वर्मा व राज सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। रात भर परिजन शव के साथ बैठे रहे। सुबह होते ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बैनर पोस्टर लेकर पैदल मार्च किया और न्याय की मांग की।




विद्यार्थियों ने सवाल उठाया कि दिनेश सर को क्यूं मारा, प्रिंसिपल मर्डर हैसटैग के साथ अभियान चलाया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने शव को मसकनवा-बभनान मार्ग पर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोग मुकदमे में दो आरोपियों का नाम बढ़ाने, सभी हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी करने, आरोपियों का घर बुलडोर से ढहाए जाने और परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की। सुबह नौ बजे से लोगों का धरना प्रदर्शन चल रहा है। सूचना पाकर एसडीएम मनकापुर, सीओ राजेश कुमार सिंह सहित छपिया, खोड़ारे व मनकापुर की पुलिस भी मौके पर पहुंची। अफसर लोगों को मनाने में जुटे हुए हैं। जबकि परिजन व ग्रामीण मांगें पूरी करने की मांग पर अड़े हैं।

**प्रिंसिपल को क्यूं मारा? :** श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने हाथों में जस्टिस फॉर प्रिंसिपल दिनेश सर लिखा बैनर लेकर बैठे रहे। प्रिंसिपल को क्यूं मारा, क्या बेटियों की सुरक्षा करना अपराध है? प्रिंसिपल मर्डर हैशटैग के साथ कई सवाल उठाए। कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे थे। इसी बीच सिसहनी निवासी अजय वर्मा ने पहुंचकर हूटिंग शुरू कर दी थी। इस पर प्रधानाचार्य ने विरोध किया तो वह उनसे भिड़ गया। जिस पर दिनेश ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने आरोपी अजय का शांतिभंग में चालान कर दिया था।

विद्यार्थियों ने कहा कि इसी खुन्नश में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके प्रधानाचार्य की हत्या की है। सवाल उठाया कि सरकार बेटियों की सुरक्षा के लिए अभियान चला रही है। बावजूद इसके बेटियों की सुरक्षा करने वाले उनके प्रधानाचार्य की हत्या कर दी जाती है। वह सब न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।

**कई चक्र में हुई वार्ता विफलः** सुबह शव रखकर सड़क जाम करने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसने लोगों को समझाया, लेकिन आक्रोशित लोग कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद सूचना सीओ मनकापुर को दी गई। उन्होंने भी पहुंचकर परिजनों व क्षेत्रीय लोगों को मनाने का प्रयास किया लेकिन नतीजा नहीं निकला। इसके बाद एसडीएम मनकापुर यशवंत राव भी मौके पर पहुंचे और मान मनौवल में जुट गए। हालांकि, दोपहर साढ़े 11 बजे तक मामला शांत नहीं हो सका।

### मजदूर के घर में लगी आग, तीन बकरियां व अन्य सामान जला



**अलीगढ़ , एजेंसी।** थाना क्षेत्र के गांव शाहगढ़ में 3 मार्च की रात एक मजदूर के घर में अचानक आग लग गई। आग में जल कर मजदूर की तीन बकरियों सहित हजारों रुपए की नकदी व अन्य सामान राख हो गया। गांव शाहगढ़ निवासी पीड़ित मुन्ना लाल पुत्र हुकमसिंह ने बताया है कि वह गांव में मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों की गुजर बसर करता है। 3 मार्च की रात समय करीब साढ़े आठ बजे वह परिजनों के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात कारण से उसके घर में अचानक आग लग गई। जिससे अफरातफरी मच गई। परिवार के सभी लोगों शोर मचाते हुए घर से बाहर निकल आए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयत्न किया पर काबू नहीं पा सके। इसी बीच घर में रखे पंद्रह हजार रुपए व तीन बकरी समेत अन्य घरेलू सामान जलाकर राख हो गये।

### इश्क में रोड़ा बने घरवाले तो प्रेमी युगल ने उठाया खौफनाक कदम, पहुंचे यमुना नदी के पुल; लगा दी छलांग

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में सोमवार दोपहर को पुल से प्रेमी युगल ने छलांग लगा दी। गनीमत रही कि किनारे पर युवक मौजूद थे। वो तैरना जानते थे। युवक-युवती को देखकर युवक पानी में कूद गए। प्रेमी युगल को बचाकर बाहर निकालकर ले आए। पुलिस ने पहुंचकर दोनों को एसएन मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी में भर्ती कराया। पूछताछ में पता चला कि परिवालों के शादी के लिए राजी नहीं होने से आत्महत्या करना चाहते थे। घटना सिकंदरा थाना क्षेत्र के कैलाश घाट की है। युवक-युवती शाहदरा क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनके बीच काफी समय से प्रेम संबंध चल रहा है। इस बात की जानकारी घरवालों को हो गई। इस पर बंदिश लगा दी। दोनों शादी करना चाहते थे। मगर, घरवालों के राजी नहीं होने से परेशान थे। सोमवार की सुबह दोनों घर से निकले। सबसे पहले झरना नाला पहुंचे। यहां ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने दोनों को भगा दिया। इस पर युवक-युवती कैलाश घाट पहुंच गए। बल्देव जाने वाले मार्ग पर यमुना के पुल से छलांग लगा दी। यह देखकर घाट पर मौजूद तैराक युवक उनको बचाने के लिए यमुना में कूद गए।

### चैत्रा वी संभालेंगी कमिश्नर का चार्ज, हाथरस में रह चुकी हैं डीएम

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ मंडलायुक्त से विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर स्थानांतरित हुए रविंद्र ने 4 मार्च को कार्यभार छोड़ दिया। 2007 बैच की आईएएस अधिकारी चैत्रा वी को अलीगढ़ का नया मंडलायुक्त बनाया है। वह देर शाम सर्किट हाउस पहुंच गईं। 5 मार्च सुबह कार्यभार संभालेंगी।



1999 बैच के आईएएस रविंद्र की अलीगढ़ में मंडलायुक्त के रूप में 28 अगस्त 2023 को तैनाती हुई थी। उनका अलीगढ़ में करीब छह माह का कार्यकाल रहा। कमिश्नरी सभागार में आयोजित समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी।

शासन ने 19 वें मंडलायुक्त के रूप में मेरठ में तैनात एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के पद पर तैनात रहीं 2007 बैच की आईएएस अधिकारी चैत्रा वी को अलीगढ़ का नया मंडलायुक्त बनाया है। वे हाथरस, कासगंज और हापुड़ में डीएम रह चुकी हैं। वह अच्छी शूटर हैं। कई शूटिंग चैंपियनशिप में पुरस्कार भी जीते हैं।

### योगी सरकार की डेढ़ करोड़ किसानों को सौगात, निजी नलकूप पर मिलेगा फ्री बिजली कनेक्शन

**लखनऊ , एजेंसी।** हाइड्रोजन नीति को मंजूरी दे दी गई है। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न शहरों में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, हाइड्रोजन बस सहित अन्य वाहन चलाने की योजना साकार हो सकेगी।

बैठक में किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने निजी नलकूप पर मुफ्त बिजली कनेक्शन देने के फैसले पर सहमति दे दी। इससे प्रदेश के डेढ़ करोड़ किसानों को मुफ्त कनेक्शन का लाभ मिलेगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 से लागू होगी। जिसके बाद से बकाया निजी नलकूप का बिल नहीं जमा करना होगा।

प्रदेश में यूपीनेडा की ओर से ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी बनाई गई है। अब इसे लागू करने की तैयारी है। इस पालिसी को मंजूरी मिलने के बाद अन्य वाहनों के साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस में मिलाकर प्रयोग किया जा सकेगा। मालूम हो कि केंद्र सरकार की ओर से नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया है। अब इसे राज्यों को लागू करना है।



- अंतरा में 800 मेगावाट की दो यूनिट एनटीपीसी के सहयोग से स्थापित की जाएगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इस निर्णय से हम प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहे हैं।

### एसपी दफ्तर में युवक ने खुद को लगाई आग

#### चौकी से गायब हुई गाड़ी, पुलिस ने नहीं की सुनवाई तो उठाया खौफनाक कदम



**शाहजहांपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में आत्मदाह की कोशिश करने का मामला सामने आया है। कांट थाना क्षेत्र के गांव सिहरान निवासी ताहिर अली ने मंगलवार सुबह करीब 11.45 बजे पुलिस के सुनवाई नहीं करने से परेशान होकर एसपी दफ्तर में खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। सिपाहियों ने कंबल डाल कर आग पर काबू पाया है। तब तक ताहिर अली गंभीर रूप से झुलस गया। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

युवक जब खुद को आग लगा रहा था, तभी कुछ लोग उसका वीडियो बना रहे थे। किसी ने उसे रोकने का प्रयास किया। जब वह पूरी तरह आग की लपटों से घिर गया, तो भागता हुआ एसपी दफ्तर पहुंचा। लपटों से घिरे युवक को देखकर अफरातफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह आग बुझाई। गंभीर रूप से झुलसे ताहिर को आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक एक युवक ने ताहिर अली की दो गाड़ियां किराये पर ली थीं। कुछ समय बाद उसने किराया देने से मना कर दिया था। मामला पुलिस तक गया तो पुलिस ने गाड़ी को चौकी में खड़ा करवा दिया था। अब उसकी गाड़ी पुलिस चौकी से गायब हो गई। ताहिर अली अपनी गाड़ी का पता लगाने के लिए चक्कर काट रहे थे। आरोप है कि पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही थी। इससे आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। ताहिर को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### फतेहपुर सीकरी सीट से भाजपा ने राजकुमार चाहर पर फिर खेला दांव, किसानों को साधने का मिला इनाम

**आगरा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सूबे की 80 में से 51 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने फतेहपुर सीकरी सीट से राजकुमार चाहर को दोबारा मौका दिया है। चाहर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। किसानों के बीच उनकी अच्छी पकड़ बताई जाती है। पार्टी ने चाहर को कई जिम्मेदारियां सौंपी। जिन्हें उन्होंने बखूबी निभाया। हाल में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों के लिए उन राज्यों में पसीना बहाया था। राजकुमार चाहर को किसान आंदोलन के दौरान किसानों को साधने का इनाम मिला है।



फतेहपुर सीकरी की जाट लैंड में राजकुमार चाहर ने 2019 में प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सिने अभिनेता राजबब्बर को 4.95 लाख वोट से हराया था। इसके बाद भाजपा ने राजकुमार को किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। कृषि कानूनों को लेकर आंदोलित किसानों को साधने का इनाम मिला। वहीं राजकुमार ने देशभर में नमो खेल प्रतियोगिताएं, सांसद खेल स्पर्धा जैसे आयोजन करके ग्रामीण खिलाड़ियों के लिए लगातार काम किया। उन्हें पार्टी ने दूसरे राज्यों में प्रचार को भी भेजा। दूसरी बार राजकुमार चाहर पर फतेहपुर सीकरी से भाजपा ने दांव लगाया है।

### घर के नीचे खड़ी कार में पेट्रोल डाल लगा दी आग, आगजनी कर स्कूटी सवार साथी संग भाग निकला युवक

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में चकेरी के श्यामनगर में रविवार देर रात स्कूटी सवार युवक ने एक रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार पर पेट्रोल डाल आग लगा दी। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। चौकी प्रभारी 16 घंटे बाद भी जानकारी से इन्कार करते रहे। वहीं, पुलिस एक माह पूर्व श्यामनगर में हुई आगजनी के प्रयास की घटना का भी अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। श्यामनगर डबल रोड रामपुरम हाउसिंग सोसायटी में अनूप कुमार शुक्ला परिवार के साथ रहते हैं। प्रथम तल में उनका दीपक स्टूडियो है, उसके नीचे भतीजा रेस्टोरेंट का संचालन करता है। रेस्टोरेंट के बाहर उन्होंने प्लास्टिक का शेड लगवा रखा है, जिसमें कार खड़ी होती है। बताया कि रविवार रात करीब 11¬45 बजे वह कार खड़ी कर ऊपर चले गए। थोड़ी देर बाद कार में आग लगने से तेज रोशनी हुई। यह देख खाना खा रहे रेस्टोरेंट के कर्मचारी बाहर की ओर भागे। आनन फानन सबमर्सिबल, अग्निरोधी यंत्र आदि की मदद से कार में लगी आग पर काबू पाया गया। बाद में पुलिस को सूचना देने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि स्कूटी से उतरकर एक युवक ग्रिल से बने गेट को खोलकर रात 12¬18 बजे घुसा। प्लॉस्टिक की बोतल से कार पर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी।

### बरेली कॉलेज का आईडी-पासवर्ड लीक, जालसाजों ने हड़पा प्रवेश शुल्क, एक छात्र पकड़ा गया

**बरेली , एजेंसी।** बरेली कॉलेज का आईडी-पासवर्ड लीक होने का मामला सामने आया है। इसके जरिये प्रवेश शुल्क जमा करने के नाम पर फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। बीएससी का छात्र साथियों से प्रवेश फॉर्म जमा करने के लिए निर्धारित शुल्क ले लेता था, लेकिन कॉलेज में जमा नहीं करता था। यही नहीं कॉलेज की लॉगिन-आईडी का इस्तेमाल कर कैफे से विश्वविद्यालय को फॉर्म अग्रसारित भी कर देता था। शुल्क जमा होने की फर्जी रसीद भी वह छात्रों को देता था। घपले में कॉलेज के लोगों की मिलीभगत की भी आशंका जताई जा रही है। मामले का खुलासा सोमवार को शुल्क की फर्जी रसीद में लगा क्यूआर कोड स्कैन न होने की दो छात्रों की शिकायत पर हुआ। चीफ प्रॉक्टर प्रो.आलोक खरे के अनुसार प्राचार्य कार्यालय पहुंचे दोनों छात्रों ने बताया कि उन्होंने बीएससी तीसरे सेमेस्टर के छात्र नितिन को स्नातक का प्रवेश फॉर्म जमा करने के लिए निर्धारित 525 रुपये शुल्क दिया था। इसके बाद नितिन ने उनका फॉर्म जमा करवाकर रसीद दी थी। इस पर प्राचार्य ने विश्वविद्यालय से जानकारी की तो पता चला कि फॉर्म वहां पहुंच चुका है, जबकि कॉलेज में इसे जमा ही नहीं किया गया था। पीड़ित छात्र आरोपी नितिन को बिना बताए अपने साथ प्राचार्य कार्यालय तक लाए थे और वह बाहर खड़ा था। मामला खुलने पर नितिन को पकड़ लिया गया। नितिन ने बताया कि उसने विश्वविद्यालय के बाहर स्थित एक कैफे के संचालक से फॉर्म भरवाया है। रसीद भी वहां से मिली है। नितिन को प्रति फॉर्म कमीशन दिया जाता था। अब तक उसने 10 फॉर्म भरवाए हैं। चीफ प्रॉक्टर प्रो.आलोक खरे की शिकायत पर कॉलेज से छात्र को पुलिस ले गई। नितिन और कैफे संचालक एक छात्र संगठन के सक्रिय सदस्य भी बताए जा रहे हैं।



**बड़ा सवाल... कैसे लीक हुआ डाटाः** स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद कॉलेज में उस फॉर्म का प्रिंट व निर्धारित शुल्क जमा किया जाता है। इसके बाद कॉलेज इसे अपनी लॉगिन आईडी से वेरिफाई करके विश्वविद्यालय को फॉरवर्ड करता है। कॉलेज की लॉगिन आईडी का ही घपले में इस्तेमाल किया गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि लॉगिन आईडी व पासवर्ड किसी बाहरी को कैसे मिला? माना जा रहा है, कॉलेज का स्टाफ भी इसमें शामिल है। जालसाजों ने फार्मों को विश्वविद्यालय फारवर्ड करके फीस अपने पास रख ली। आरोपी छात्र के पकड़े जाने के बाद प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने विश्वविद्यालय को जानकारी दी। गंभीर प्रकरण होने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कॉलेज का आईडी पासवर्ड बदल दिया है।

### बिजली की छापेमारी पर अब होगी तीसरी आंख की नजर, बॉडी वार्न कैमरे से लैस होगी जांच टीमें

**प्रयागराज , एजेंसी।** बिजली चोरी रोकने या पकड़ने के लिए विजलेंस टीम की छापेमारी पर अब तीसरी आंख की नजर होगी। टीम की छापेमारी की पूरी गतिविधियां अब कैमरे में रिकॉर्ड होंगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन ने इस संबंध में बड़ा निर्णय लेते हुए जांच टीमों को बॉडी वार्न कैमरे से लैस करने का निर्णय लिया है। अब जांच दल की छापेमारी की पूरी कार्रवाई पर कंट्रोल रूम से निगाह रखी जा सकेगी। इससे उपभोक्ताओं की ओर से लगाए जा रहे आरोपों से विजलेंस की टीम को राहत तो मिलेगी ही, साथ ही प्रवर्तन दल के साथ हो रही मारपीट व विवादों की घटनाएं भी कैमरे में साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड हो जाएंगी।

प्रयागराज में प्रवर्तन दल की दो टीमें अलग-अलग छापेमारी की कार्रवाई करती हैं। पिछले एक सालों में दर्जनों बार विजलेंस की टीम के साथ मारपीट की घटनाएं हुई हैं। वहीं, कई बार उपभोक्ताओं के घर चेकिंग करने पहुंची टीम कटियामारी या बिजली चोरी के अन्य तरीकों को साक्ष्य के रूप में पूरी तरह रिकॉर्ड नहीं कर पाती हैं। बाद में विवेचना के दौरान इसका फायदा बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को मिलता है। जानकारी के मुताबिक बॉडी वार्न कैमरे में जीपीएस लोकेशन से लेकर ऑडियो-वीडियो सब स्वतः रिकॉर्ड होंगे।

इस रिकॉर्डिंग से छापेमारी के दौरान विजलेंस टीम के साथ हो रही सभी घटनाओं के साक्ष्य एकत्रित हो जाएंगे। कैमरे की नजर में हो रही छापेमारी से उपभोक्ताओं के मन में तो भय पैदा ही होगा, साथ ही भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। जानकारी के मुताबिक विजलेंस की टीम को जल्द ही यह बॉडी वार्न कैमरे मिल जाएगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से जल्द ही यह कैमरे भेजे जाएंगे।

कहा जा रहा है कि कैमरे पूरी तरह से आधूनिक होंगे। यह आठ घंटे का बैटरी बैकअप देगा, ताकि रिकॉर्डिंग में किसी तरह की समस्या न आए। छापेमारी की पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी को रिकार्ड के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा। ताकि जरूरत पड़ने पर इसे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। मुख्य अभियंता पीके सिंह ने बताया कि साक्ष्यों के रहने से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो सकेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार

### म्यांमार, बांग्लादेशी शरणार्थियों और मणिपुर से आए लोगों की सहायता जारी रखेगा मिजोरम



**आइजोल।** मिजोरम सरकार राज्य में शरण लेने वाले म्यांमार, बांग्लादेश और मणिपुर के 42000 लोगों को सहायता उपलब्ध कराती रहेगी। गृह मंत्री के सप्तांगा ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि म्यांमार और बांग्लादेश से शरण मांगने वालों और मणिपुर से आने वालों की संख्या में बदलाव जारी है। ऐसे में रोजाना उनका रिकार्ड बनाए रखना कठिन है। गृह विभाग के रिकार्ड के अनुसार, राज्य में मणिपुर से 9,248, म्यांमार से 32,161 और बांग्लादेश से 1,167 लोग आए हुए हैं। एमएनएफ विधायक के लालदवंगलिंगा के प्रश्न का उत्तर देते हुए सप्तांगा ने कहा कि इन लोगों की जितना संभव है उतनी सहायता जारी रखी जाएगी। सप्तांगा ने कहा कि केंद्र ने पूर्ववर्ती मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) सरकार को सहायता के लिए तीन करोड़ रुपये उपलब्ध कराए थे।

### लोकसभा चुनाव के लिए बीआरएस ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची



**हैदराबाद।** बीआरएस प्रमुख के.चंद्रशेखर राव ने आगामी संसदीय चुनावों के लिए पार्टी की पहली सूची में चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। घोषित नामों में से बी विनोद कुमार (करीमनगर लोकसभा सीट), नामा नागेश्वर राव (खम्मम लोकसभा सीट), मलोथ कविता (महबूबाबाद लोकसभा सीट) और कोप्पुला ईश्वर (पेद्दापल्ली लोकसभा सीट) को टिकट दिया गया है।

### बिस्तर पर खून से सनी पड़ी बीवी-बच्चों की लाशें, किराये के घर पर लटकी मिली पति की लाश

**कोट्टायम (केरल)।** केरल के पाला से बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मंगलवार को एक ही परिवार के पांच सदस्य किराए के घर में मृत पाए गए। मृतकों की पहचान 44 वर्षीय जैसन थॉमस, उनकी पत्नी और 10 साल से कम उम्र के तीन बच्चों के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, जैसन को लटका हुआ पाया गया। वहीं, उसकी पत्नी और बच्चों के शव खून के निशान के साथ बिस्तर पर पड़े पाए गए। जैसन नजंडुपारा, अकलाकुन्नम के मूल निवासी थे। वे पूवारानी कोचुकोट्टारम इलाके में एक किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस को संदेह है कि जैसन ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या की होगी।

### बीजीपी नेता को आम आदमी पार्टी नेता ने मारी गोली

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के एक नेता को आम आदमी के नेता गोली मार दी है। यह घटना छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया की बताई जा रही है। घायल भाजपा नेता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं गोलीकांड का आरोपी आप नेता मौके से फरार हो गया है। बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना आपसी विवाद के कारण हुई है।
बतादे कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में आम आदमी पार्टी के नेता अमर अग्रवाल और भाजपा नेता गोपाल गिरी का किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आम आदमी पार्टी के नेता अमर अग्रवाल ने भाजपा के नेता गोपाल के ऊपर गोली चला दी है। जैसे ही गोली की आवाज आसपास के लोगों को सुनाई दी।

ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में मुख्यमंत्री ने किया 11 परियोजनाओं का शिलान्यास

# ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 के तहत अब तक हो चुकी है 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग : मुख्यमंत्री धामी

**बोले सीएम :**
- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने हो रहे हैं साकार
- उत्तराखण्ड में बना है व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण
- उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

सुनील तिवारी




**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजपुर रोड स्थित होटल में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 11 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के साथ ही उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उद्योग जगत से आये हुये उद्योगपतियों तथा प्रतिनिधियों का स्वागत, करते हुये कहा कि आज ग्राउंडिंग सेरेमनी के तहत 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा रही है, इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा चुकी है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप हमारे ब्राण्ड अम्बेस्डर ही नहीं, बल्कि उससे भी बढ़कर की भूमिका आप लोगों ने निभाई है। हमने दिल्ली, लन्दन, दुबई, अहमदाबाद, मुम्बई, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, देहरादून आदि स्थानों पर निवेश हेतु जितने प्रयास किये, उसे आगे बढ़ाने का कार्य आप लोगों ने किया तथा विकास के हर क्षेत्र में आपने योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने साकार हो रहे हैं तथा व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ग्राउण्डिंग हमारे द्वारा सम्पादित एमओयू का 20 प्रतिशत है, जो हमने महज 3 माह में प्राप्त किया है। इसे हम शत-प्रतिशत करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने इन्वेस्टर समिट के दौरान जो सपने देखे थे, वे सपने अब धीरे धीरे धरातल पर उतरने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अवस्थापना के क्षेत्र में आज निरन्तर प्रगति हो रही है। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में चाहे रेल हो, सड़क हो या हवाई इसमें लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ के लिये 42 सीटर हवाई जहाज संचालन की अनुमति मिल चुकी है तथा पन्तनगर को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। प्रधानमंत्री का इस राज्य से विशेष लगाव के साथ उनका उत्तराखण्ड से कर्म व मर्म का रिश्ता है और पिछले 10 सालों में उनके मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी क्षेत्रों में अनेक विकास कार्य हुये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव के कारण उत्तराखण्ड को जहां एक नई पहचान मिली है, वहीं लोगों का विश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हम उनके मार्गदर्शन में विकसित भारत व विकसित उत्तराखंड के निर्माण के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं तथा लाखों-करोड़ों रुपए का निवेश उत्तराखंड की धरती पर उतर रहा है, इसी का प्रतिफल है कि उत्तराखंड में "व्यापार, विकास और विश्वास" का आज नया माहौल बना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत हुए 3.56 लाख करोड़ के एमओयू को इसी तरह समय समय पर धरातल पर उतारने का काम आप सभी के सहयोग से किया जाएगा। हमारा प्रयास उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के साथ ही एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित करने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर स्टार्टप उत्तराखण्ड ग्राण्ड चेंलेज 2022-23 के विजेताओं-साक्षी एण्ड गुरप, अंकुश गर्ग, सौम्यदीप एण्ड अभि, लव शर्मा, मयंक बिष्ट, अरूण शर्मा, तेजस एण्ड वंश, समृद्धि एण्ड गुरप, समृद्धि एण्ड शिव साक्षी तथा कुलदीप बिष्ट को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम को कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तराखण्ड नित नये-नये प्रतीयमान स्थापित कर रहा है तथा यहां उद्योगों के अनुकूल वातावरण होने के साथ ही सभी प्रकार की अवस्थापना सुविधायें मौजूद हैं और मुख्यमंत्री के मंत्र-सरलीकरण, निस्तारण, समाधान के तहत कार्य करते हुये राज्य निरन्तर प्रगति कर रहा है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिये हमने 30 नई नीतियां बनाई है तथा हमारा उद्योग जगत से निरन्तर संवाद बना हुआ है उद्योगों से सम्बन्धित जो भी समस्या होगी, उनका त्वरित निस्तारण किया जायेगा ताकि उत्तराखण्ड इन्वेस्टमेंट में भी अग्रणी राज्य बन सके।

कार्यक्रम को अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डेय ने भी संबोधित करते हुए अब तक हुए निवेश के सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह को उद्योग जगत से जुड़े हुये पवन अग्रवाल नैनी पेपर तथा आर0एस0 यादव इण्डिया ग्लाइको ने भी सरकार की उद्योग नीति की सराहना करते हुये अपने विचार रखे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, सचिव आर0 मीनाक्षी सुन्दरम, विशेष सचिव डॉ0 पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, उद्योग समूहों के प्रतिनिधि, उद्योगपतिगण, विभिन्न एसोसिएशनों के पदाधिकारीगण सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बेटे का बर्थडे मनाया, रात में सबसे की बात; ड्रीमलैंड के मालिक पवन भड़ाना ने किया सुसाइड

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ड्रीमलैंड प्रमोटर एंड कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक और प्रमोटर पवन भड़ाना ने सेक्टर-93 की पार्श्वनाथ सोसाइटी स्थित फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर रविवार रात आत्महत्या कर ली। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। बिल्डर के कर्ज से परेशान होने और मानसिक तनाव में होने की बात सामने आ रही।

एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि ड्रीमलैंड के मालिक पवन भड़ाना सोसाइटी में तीन बच्चों और पत्नी के साथ रह रहे थे। सोमवार सुबह परिवार वालों ने उनके आत्महत्या करने की सूचना दी। सुबह छोटे बेटे ने खिड़की से बिल्डर का शव फंदे से लटका हुआ देखा। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। कंपनी का कारोबार 500 करोड़ रुपये के आसपास बताया जा रहा है। पवन भड़ाना के खिलाफ अलग-अलग थाने में कई केस दर्ज हैं। कुछ समय पहले ही वह जेल से छूटकर जमानत पर बाहर आए थे। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। शव को फंदे से परिजनों ने ही उतारा था। ऐसे में पुलिस मृतक के घर वालों से भी जल्द पूछताछ करेगी। परिजन अभी यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे कि खुदकुशी का कारण क्या है।

करीबियों के मुताबिक पवन हंसमुख स्वभाव के थे। बीते शनिवार को उनके छोटे बेटे शौर्य का जन्मदिन था। उस दिन घर में उत्सव का माहौल था और पवन काफी खुश थे। रविवार रात पवन ने पत्नी और छोटे बेटे से रात 11 बजे बात की और फिर दूसरे कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। पवन ने बेटे को जल्द ही टूर पर ले जाने का वादा भी जन्मदिन पर किया था।

## पहली नजर का प्यार, दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर काला जठेड़ी 12 मार्च को शादी करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर काला जठेड़ी 12 मार्च को शादी करने वाला है। उसकी शादी मैडम मिंज उर्फ अनुराधा से होगी। इसके लिए उसे छह घंटे की पैरोल दी जाएगी। संदीप उर्फ काला जठेड़ी और अनुराधा उर्फ मैडम मिंज के लिए यह पहली नजर का प्यार था। दोनों की मुलाकात 2020 के वसंत के मौसम में हुई थी जब देश में कोरोना महामारी फैली हुई थी। हालांकि यह उनकी परेशानी का इकलौता कारण नहीं था क्योंकि दोनों दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा पुलिस की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल हैं।





पुलिस फाइलों में अनुराधा मैडम मिंज और संदीप गैंगस्टर काला जठेड़ी है, जिसके सिर पर उस समय 7 लाख रुपये का इनाम था। दोनों को 2021 में पकड़ा गया था। जठेड़ी तब से सलाखों के पीछे है। हालांकि, अनुराधा को जमानत मिल गई और दोनों ने कानूनी चैनलों के जरिए नियमित मुलाकातों के माध्यम से अपने रोमांस को बनाए रखा। सोमवार को, द्वारका की एक कोर्ट ने अनुराधा से शादी करने के लिए जठेड़ी को छह घंटे की कस्टडी पैरोल दे दी। जिससे उसकी पांच साल पुरानी मुराद पूरी होने वाली है।

फूलों की घाटी की यात्रा के दौरान दोनों के बीच प्यार पनपा, जब दोनों भाग रहे थे। अगले नौ महीनों तक, दोनों मसूरी से देहरादून, रानीखेत और अन्य स्थानों पर घूमते हुए पुलिस के साथ चूहे-बिल्ली का खेल खेलते रहे। उन्हें आखिरकार जुलाई 2021 में सहारनपुर के पास पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हालांकि, अलग-अलग जेलों में बंद होने के बावजूद दोनों का प्यार जिंदा रहा। लॉरेंस विश्नोई ने उनके बीच ग्रेपवाइन (कम्युनिकेशन का अनौपचारिक तरीका) की भूमिका निभाई। कई महीनों बाद अनुराधा को जमानत मिल गई और फिर उनकी लगातार मुलाकात होने लगीं।जठेड़ी और मैडम मिंज की प्रेम कहानी से परिचित लोगों का कहना है कि अनुराधा जिस सहजता से धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलती थी और कलाशिनकोव से गोलियां दागती थी, उससे जठेड़ी उसपर लट्टू हो गया। एक वरिष्ठ पुलिसकर्मी जिसकी टीम ने 2021 में जठेड़ी और अनुराधा का पता लगाया था, उन्होंने कहा, अनुराधा के लिए, जीवन उसके पूर्व मित्र - खूंखार गैंगस्टर आनंदपाल की मौत के साथ खत्म हो गया था। वह 2017 में एक पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। अनुराधा तब आनंदपाल के प्रतिद्वंद्वी, राजू बसोदी के रडार पर आ गई थी। यह तब था जब गैंगस्टर बलबीर बानूदा ने उसे सपोर्ट दिया था। 2019 तक, वह बिश्नोई के संपर्क में आ गई और अंततः जठेड़ी से उसकी दोस्ती हुई। अनुराधा राजस्थान के सीकर के अल्फासर गांव के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती है। पुलिस अधिकारी ने कहा, जब वह बहुत छोटी थी तभी उसकी मां की मौत हो गई। उसके पिता, जो एक सरकारी विभाग में काम करते थे, ने उनका पालन-पोषण किया। उसके पालतू जानवर का नाम मिंटू था, जिससे शायद बाद में उसे मैडम मिंज की उपाधि मिली।

## प्रॉपर्टी के लिए पति बना हैवान, सरकारी टीचर पत्नी को घर में जिंदा जलाकर मारा



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के बेगमपुर में सोमवार को डीटीसी एक कंडक्टर ने संपत्ति नाम नहीं करने पर अपनी पत्नी को केरोसिन छिड़ककर जिंदा जला दिया। मृतक महिला एमसीडी स्कूल में शिक्षिका थी। आरोपी ने गैस लाइन में रिसाव बताकर हत्या को हादसे का रूप देना चाहा, लेकिन दंपती की 12 साल की बेटी की गवाही से घटनाक्रम का खुलासा हो गया।

कंझावला निवासी ज्योति की शादी वर्ष 2009 में झज्जर निवासी राजवीर से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ज्योति एमसीडी के स्कूल में शिक्षिका के तौर पर चयनित हो गई। परिवार जैन नगर स्थित मकान में रहता था। ज्योति के भाई आशीष ने बताया कि वह पोलियोग्रस्त थी। दंपती को 12 साल और डेढ़ साल की दो बेटियां हैं। आशीष के अनुसार, राजवीर शादी के समय डीटीसी में कंडक्टर था, लेकिन वह शायद ही कभी काम पर जाता था। उसने ज्योति का एटीएम कार्ड आदि भी अपने पास रख लिया था।

अक्सर पत्नी और बच्चों की पिटाई करता था = पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजवीर अक्सर पत्नी और बच्चों की पिटाई करता था। वह चाहता था कि ज्योति ने जो संपत्ति अपने नाम पर खरीदी है, वह उसके नाम पर कर दे। उसने गुरुवार को ज्योति को उसके मायके वालों के सामने ही जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 7 बजे राजवीर ने ज्योति पर केरोसिन छिड़क कर आग लगा दी। पोलियोग्रस्त होने की वजह से वह भाग भी नहीं पाई। आग की लपटों में घिरने के बाद वह शोर मचाने लगी तो दोनों बच्चे भी उठ गए। मां को बचाने के दौरान 12 वर्षीय बेटी अविका और डेढ़ साल की अंशु भी झुलस गई।

## बेटे की कातिल स्टार्टअप कंपनी की सीईओ की होगी मानसिक जांच, सूचना सेठ को जनवरी में किया गया था गिरफ्तार

**पणजी।**
गोवा की अदालत ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) स्टार्टअप कंपनी की सीईओ सूचना सेठ (39) के पिता को चिकित्सकों के बोर्ड से बेटी के मानसिक स्वास्थ्य की जांच कराने के आवेदन को अनुमति दे दी।



पति के साथ तलाक विवाद में फंसी सूचना सेठ पर गोवा की यात्रा के दौरान कैंडोलिम स्थित सर्विस अपार्टमेंट में अपने चार वर्षीय पुत्र की हत्या करने का आरोप है। उसे गत आठ जनवरी को कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले से बैग में बेटे के शव के साथ गिरफ्तार किया गया था।

सूचना सेठ के पिता ने मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम के तहत चिकित्सकों के बोर्ड द्वारा उसकी मानसिक स्थिति की जांच कराने के लिए बाल अदालत के समक्ष आवेदन दिया था। सुनवाई के दौरान पुलिस ने याचिका का विरोध किया था और कहा कि हिरासत में मानसिक स्वास्थ्य आकलन के दौरान उसमें मानसिक बीमारी का कोई लक्षण नजर नहीं आया।

सूचना सेठ के पिता की ओर से पेश अधिवक्ता ने कोर्ट में कहा कि उसकी मानसिक स्थिति की नए सिरे से जांच के लिए मेडिकल बोर्ड के समक्ष पेश करना होगा।

## कर्नाटक विधानसभा परिसर में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने पर तीन गिरफ्तार, भाजपा ने कहा-डीजीपी तीन दिन में एफएसएल रिपोर्ट करें जारी

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक में विधानसभा परिसर में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक आरोपित बेंगलुरु, दूसरा हावेरी और तीसरा दिल्ली का रहने वाला है। राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस नेता सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों ने कथित तौर पर 27 फरवरी को यह नारा लगाया था।

सोमवार को कर्नाटक भाजपा ने निजी फोरेंसिक लैब (एफएसएल) की रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें संकेत है कि पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया गया था। इसके बाद से ही विवाद शुरू हो गया है। कर्नाटक के गृहमंत्री ने कहा है कि निजी रिपोर्ट पर विचार



नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट पर सवाल उठाए जाने के बाद भाजपा का प्रतिनिधिमंडल डीजीपी आलोक मोहन से मिला और उनसे एफएसएल रिपोर्ट जारी करने की मांग की है। भाजपा विधायक धीरज मुनिराजू ने कहा कि डीजीपी ने टीम को आश्वासन दिया है कि एफएसएल रिपोर्ट तीन दिनों में सार्वजनिक कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करेगी।

दरअसल, भाजपा ने एक निजी कंपनी की रिपोर्ट को एक्स पर पोस्ट किया है। इसमें दावा किया गया है कि वीडियो से छेड़छाड़ नहीं की गई है। इसमें नासिर साहब जिंदाबाद या पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया गया था के विश्लेषण पर संकेत मिले हैं कि यह पाकिस्तान जिंदाबाद होने की अत्यधिक संभावना है। पार्टी ने मंत्री प्रियांक खरगे को राष्ट्र-विरोधी और फर्जी समाचार फैक्ट्री का प्रमुख करार दिया और कहा कि उन्हें लोगों से माफी मांगनी चाहिए। प्रियांक खरगे ने कहा कि यह सामान्य मामला नहीं है, क्योंकि दावा देश-विरोधी नारा लगाने का है।कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि निजी संस्था की एफएसएल रिपोर्ट पर विचार नहीं किया जाएगा। अगर सरकारी एफएसएल रिपोर्ट और गृह मंत्रालय की फोरेंसिक रिपोर्ट में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने की पुष्टि होती है, तो आरोपित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा था कि आवाज के नमूने एफएसएल को भेजे गए हैं। अगर यह सच है कि किसी ने ऐसा नारा लगाया है, तो उस व्यक्ति को गंभीर सजा दी जाएगी।

## छग में कांग्रेस नेताओं ने थामा भाजपा का हाथ, बीजेपी बोली कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस नेताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता और अंतागढ़ पूर्व विधायक मंतूराम पवार ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। इसके अलावा बिलासपुर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान के साथ मस्तूरी जिला पंचायत के दो सदस्यों ने भी भाजपा में प्रवेश ले लिया है। भारतीय जनता पार्टी में इन नेताओं के शामिल होने से कांग्रेस पार्टी को प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। कहीं ना कहीं लोकसभा के चुनाव में बिलासपुर सीट से भाजपा को फायदा मिल सकता है। अरुण सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए यह कहा कि पार्टी में रहकर हमेशा उन्हें अपमान का सामना करना पड़ा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



पेरिस ओलम्पिक्स

# भारतीय पुरुष-महिला टेबल टेनिस टीम को ओलंपिक टिकट

## पहली बार रैंकिंग के आधार पर किया क्वालिफाई



**पेरिस , एजेंसी।** महिला वर्ग में भारत ने विश्व रैंकिंग में 13वें और पुरुष वर्ग में 15वें स्थान पर रहते हुए ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। महिला वर्ग में भारत के अलावा पोलैंड, स्वीडन और थाईलैंड को और पुरुष वर्ग में क्रोएशिया और स्लोवानिया को पेरिस का टिकट मिला है।

भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीम ने इतिहास रचते हुए पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल कर लिया। अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) की ओर से जारी रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला टीम को पेरिस का टिकट मिला है। यह पहली बार है जब रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीम ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है।

### 15वें, 13वें स्थान पर रहीं पुरुष, महिला टीमें

बीते माह बुसान में हुई विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल्स के बाद ओलंपिक के लिए टीम इवेंट के सात स्थान बचे थे, जिन्हें उनकी विश्व रैंकिंग के आधार पर दिया जाना था। आईटीटीएफ की ओर से कहा गया कि नवीनतम विश्व टीम रैंकिंग में अभी तक ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं करने वाली शीर्ष रैंकिंग की टीमों ने पेरिस का टिकट हासिल कर लिया है।

महिला वर्ग में भारत ने विश्व रैंकिंग में 13वें और पुरुष वर्ग में 15वें स्थान पर रहते हुए ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। महिला वर्ग में भारत के अलावा पोलैंड, स्वीडन और थाईलैंड को और पुरुष वर्ग में क्रोएशिया और स्लोवानिया को पेरिस का टिकट मिला है। वरिष्ठ टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने कहा कि आखिरकार, भारत ने ओलंपिक की टीम इवेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया, जिसका मुझे बहुत लंबे समय से इंतजार था। मेरा पांचवां ओलंपिक होने के बावजूद यह मेरे लिए विशेष क्षण है। खासतौर पर हमारी महिला टीम ऐतिहासिक ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए बधाई।

### विश्व टीम चैंपियनशिप के अंतिम-16 में बनाई थी जगह

भारतीय टेबल टेनिस के इतिहास में यह महत्वपूर्ण सफलता है। 2008 के बीजिंग ओलंपिक में पहली बार टीम स्पर्धा को शामिल किया गया था, उसके बाद से यह पहली बार है जब भारत टेबल टेनिस की टीम इवेंट में खेलेगा। भारतीय पुरुष और महिला टीम ओलंपिक क्वालिफाइंग विश्व टीम चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। जहां पुरुष टीम को कोरिया के हाथों 0-3 और महिला टीम को ताईवान के हाथों 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इस चैंपियनशिप में अहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने चीन की विश्व नंबर एक और दो को पराजित किया था।

### विदेशी प्रशिक्षक के बिना सफलता

भारतीय टीम की यह सफलता इस वजह से भी खास है कि उसके पास कोई भी विदेशी कोच नहीं है। भारतीय टीम ने देश के ही टेबल टेनिस प्रशिक्षकों के दम पर विश्व टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया।

## क्वालिफायर के पहले दौर में हारीं जैस्मिन, अभी भी छह मुक्केबाज कोटा हासिल करने की दौड़ में

**बस्टो अरसीजिओ (इटली), एजेंसी।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मिन को जापान की आयका तागुशी के हाथों 0-5 से हार मिली। अभी भी छह भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हैं।

विश्व ओलंपिक क्वालिफायर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन का क्रम जारी है। दीपक बोरिया और नरेंदर कुमार की हार के बाद रविवार की देर रात राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया भी 60 भार वर्ग में पहले दौर में हार गईं।



बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मिन को जापान की आयका तागुशी के हाथों 0-5 से हार मिली। अभी भी छह भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हैं।

सोमवार की देर रात लक्ष्य चाहर 2021 की एशियाई चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले ईरान के मेयसाम घेशलाघी से भिड़ेंगे। इस टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा से वंचित रहने वाले मुक्केबाज 23 मई से 3 जून तक बैंकाक (थाईलैंड) में होने वाले दूसरे और अंतिम विश्व ओलंपिक क्वालिफायर टूर्नामेंट में खेलेंगे। भारत की ओर से अब तक निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन, प्रीति पवार, परवीन हुड्डा ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया है।

वेटलिफ्टिंग

## भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ की नई पहल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेटलिफ्टिंग महासंघ ने प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए विदेशी प्रशिक्षक अविनाश पांडु को पहले भी अनुबंधित किया था, लेकिन वह कुछ माह तक ही रुके। इसके बाद से यह योजना बंद हो गई थी।

अब तक भारतीय खिलाड़ियों की ओलंपिक, एशियाई खेलों की तैयारियां के लिए विदेशी प्रशिक्षक अनुबंधित किए जाते रहे हैं, लेकिन भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ अपने प्रशिक्षकों को विदेशी कोच से तैयार कराने की परंपरा आगे बढ़ाना जा रहा है। वेटलिफ्टिंग महासंघ ने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक भारतीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए मिस्र के जाने वेटलिफ्टिंग कोच और एजुकेटर अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया है।

हसन के इस सप्ताह भारत आने की उम्मीद है। वेटलिफ्टिंग महासंघ ने प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए विदेशी प्रशिक्षक अविनाश पांडु को पहले भी अनुबंधित किया था, लेकिन वह कुछ माह तक ही रुके। इसके बाद से यह योजना बंद हो गई थी।

अब इसे सिरे चढ़ाने के लिए अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया जा रहा है। अहमद एनआईएस, पटियाला में रहेंगे। हालांकि उनका सीनियर टीम की तैयारियों से कोई मतलब नहीं होगा। महासंघ की पहल पर वह देश के विभिन्न राज्यों में जाकर लेवल-1, 2, 3 के कोर्स आयोजित करेंगे। भारतीय प्रशिक्षकों को वह वेटलिफ्टिंग की नई तकनीकि और चोट से बचाव के तरीकों के बारे में बताएंगे।



रणजी ट्रॉफी में बवाल

# कोच ने कप्तान पर फोड़ा हार का ठीकरा

## आमने-सामने थे मुंबई-तमिलनाडु

**मुंबई, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई के हाथों मिली करारी हार के बाद तमिलनाडु टीम में अफरा-तफरी का माहौल है। टीम का माहौल पूरी तरह बिगड़ चुका है। एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ा जा रहा है। तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने हार के पीछे अजीबोगरीब तर्क देते हुए टॉस को दोषी ठहराया है।

तमिलनाडु के कोच की माने तो कप्तान आर. साई किशोर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जबकि हमें गेंदबाजी करनी चाहिए थी। इस बयान के बाद अब क्रिकेट जगत में भूचाल आ गया है। टीम इंडिया के सीनियर विकेटकीपर और तमिलनाडु के खिलाड़ी दिनेश कार्तिक ने कोच सुलक्षण कुलकर्णी के बयान को गैरजिम्मेदाराना और बेकार बताया।

### आखिर क्या है पूरा मामला?

तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी का मानना है कि टीम रणजी ट्रॉफी 2023-24 का सेमीफाइनल शुरू होते ही हार गई थी।

कप्तान आर. साई किशोर के गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद पहले बल्लेबाजी करने के फैसले की कोच कुलकर्णी ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वे विपक्षी टीम के पहले गेंदबाजी करने के लिए मानसिक रूप से तैयार थे और कप्तान के फैसले ने उन्हें चौंका दिया।

कुलकर्णी ने बताया कि उन्हें बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों की जानकारी थी और उन्होंने सुझाव दिया था कि पहले गेंदबाजी करनी चाहिए।

फ्रेंच ओपन

# सिंधू चार महीने बाद सुपर सीरीज टूर्नामेंट में उतरेंगी



## देश के सभी शीर्ष शटलर पेश करेंगे दावेदारी

**पेरिस, एजेंसी।** चोट के चलते कोर्ट से दूर रहने वाली सिंधू ने भारत को एशियाई टीम चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस टूर्नामेंट में तीन एकल मुकाबले खेले, जिसमें उन्हें दो में जीत मिली और एक में हार का सामना करना पड़ा है।

एशियाई टीम चैंपियनशिप के जरिए बीते माह कोर्ट पर वापसी करने वाली पीवी सिंधू चार माह बाद किसी सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरने जा रही हैं। मंगलवार से शुरू होने जा रहे फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंधू ही नहीं बल्कि देश के सभी शीर्ष शटलर अपनी दावेदारी पेश करने जा रहे हैं। सभी की निगाहें पेरिस ओलंपिक के टिकट के लिए इस टूर्नामेंट के जरिए अपनी रैंकिंग सुधारने पर होंगी। खासतौर पर विश्व नंबर 19, 24 लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत कठिन ड्रॉ के बावजूद अपना प्रभाव छोडने की पूरी कोशिश करेंगे। पिछले तीन टूर्नामेंट में उपविजेता के साथ संतोष करने वाली विश्व नंबर एक जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर सभी की निगाहें होंगी।

चोट के चलते कोर्ट से दूर रहने वाली सिंधू ने भारत को एशियाई टीम चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस टूर्नामेंट में तीन एकल मुकाबले खेले, जिसमें उन्हें दो में जीत मिली और एक में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन यह टूर्नामेंट विश्व नंबर 11 सिंधू के लिए अहम होगा। यहां उनका पहले दौर में मुकाबला कनाडा की मिचेल ली से होगा। दूसरे दौर में उनका सामना पुरानी प्रतिद्वंद्वी स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। बीते वर्ष डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में हुई कहासुनी के बाद दोनों के बीच यह पहला मुकाबला होगा।

सात्विक-चिराग को नवंबर में बीते वर्ष चाइना ओपन मास्टर्स, मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में हार मिली। यहां उनके पास खिताब जीतने का मौका होगा। उनका सामना पहले दौर में मलयेशियाई जोड़ी ओंग ये सिन और तेओ एई यी से होगा। सात्विक का कहना है कि हमने तीन टूर्नामेंट के फाइनल खेले और तीनों हारे। हमें अहम मौकों पर शांत रहना होगा। विश्व नंबर सात और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एचएस प्रणय पहले दौर में चीन का लू गुआंग जू से टकराएंगे। लक्ष्य के सामने जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती होगी, जबकि श्रीकांत के सामने ताइवान के चोउ तिएन चेन होंगे।



## आईपीएल से पहले धोनी ने दिए नए रोल के संकेत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के मौजूदा सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चेपॉक स्टेडियम में शनिवार को फ्रेंचाइजी का ट्रेनिंग कैंप शुरू हो गया है। तेज गेंदबाज दीपक चाहर सहित आधा दर्जन प्लेयर्स इस कैंप का हिस्सा हैं, जबकि ऋतुराज गायकवाड चेन्नई पहुंच चुके हैं।

हालांकि, धोनी के पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी है। धोनी कुछ दिन पहले जामनगर में साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में देखा गया था। आईपीएल का मौजूदा सीजन 22 मार्च से शुरू होगा। बीसीसीआई ने लीग के पहले फेज का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस सीजन का ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई में खेला जाएगा।

धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल 2023 के पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे। गुजरात की पारी के 19वें ओवर में दीपक चाहर की गेंद को रोकने के लिए धोनी ने डाइव लगाई, जिसके बाद धोनी कराहते नजर आए। उन्होंने तुरंत ही अपना पैर पकड़ लिया था। वह किसी तरह खड़े हो गए। कुछ देर धोनी परेशान नजर आए। उसके बाद उन्होंने विकेट कीपिंग जारी रखी। धोनी की यह फोटो गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के पहले मैच की है। जब गुजरात की पारी के आखिरी ओवर में धोनी डाइव लगाने के दौरान चोटिल हो गए थे।

31 की उम्र में खत्म किया शानदार करियर

# शटलर बी साई प्रणीत ने किया संन्यास का एलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 31 वर्षीय बी साई प्रणीत ने अपने शानदार करियर को समाप्त करने का एलान सोमवार को इंस्टा के जरिए किया। भावुक पोस्ट के जरिए स्टार शटलर ने नई पारी की शुरुआत की भी जानकारी दी। भारतीय बैडमिंटन स्टार बी साई प्रणीत ने रविवार को संन्यास का एलान कर दिया।

31 वर्ष की उम्र में स्टार शटलर ने अपने करियर को समाप्त कर दिया। प्रणीत ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप के दौरान कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। 36 साल बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बने। इससे पहले 1983 में प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीता था। हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर को खत्म करने की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर एक पोस्ट किया। इसमें प्रणीत ने लिखा, भावनाओं के मिश्रण के साथ, मैं विदाई देने और उस खेल से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करने के लिए इन शब्दों को लिख रहा हूं जो 24 वर्षों से अधिक समय से मेरी जीवनधारा रहा है।

अगले महीने प्रणीत एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। वह अमेरिका में ट्रायंगल बैडमिंटन अकादमी के मुख्य कोच के रूप में अपनी सेवाएं देते नजर आएंगे। इसके उन्होंने आगे लिखा, आज, जब मैं एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहा हूं, मैं खुद को उस यात्रा के लिए कृतज्ञता से अभिभूत पाता हूं जो मुझे यहां तक लाई है।

बैडमिंटन, आप मेरा पहला प्यार रहे हैं, मेरे निरंतर साथी रहे हैं, मेरे चरित्र को आकार दिया है और मेरे अस्तित्व को उद्देश्य दिया है। जो यादें हमने साझा की हैं, जो चुनौतियाँ हमने पार की हैं, वे हमेशा मेरे दिल में अंकित रहेंगी।

महिला प्रीमियर लीग 2024

## मंधाना, पेरी के अर्धशतकों ने आरसीबी को यूपी वॉरियर्स पर जीत दिलाई



**बेंगलुरु, एजेंसी।** यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम में सोमवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के सीजन 2 के मैच में कप्तान स्मृति मंधाना और एलिसे पेरी के अर्धशतकों और उनके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यूपी वारियर्स को 23 रनों से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरीं स्मृति मंधाना ने 50 गेंदों में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 80 रन बनाए, जबकि पेरी ने 37 गेंदों में चार चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 58 रन बनाए, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 20 ओवरों में 198/3 रन बनाए।

जवाब में यूपी वारियर्स ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन, 7×4, 3×6) के अर्धशतक, दीप्ति शर्मा की 22 गेंद में 33 रन और पूनम खेमनार की 24 गेंद में 31 रन की पारी के बावजूद टीम 175/8 रन ही बना सकी। 20 ओवर में स्कोर 23 रन रहा।इस जीत के साथ, आरसीबी के दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के समान छह अंक हो गए, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर वह तालिका में तीसरे स्थान पर रही। यूपी वारियर्स की पांच मैचों में तीसरी हार है।वारियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा।

आरसीबी ने शानदार शुरुआत की। स्मृति मंधाना और सब्बिनेनी मेघना ने छठे ओवर में शुरुआती विकेट के लिए 51 रन बनाए। इससे पहले मेघना 28 रन बनाकर अंजलि सरवानी की गेंद पर चमारी अथापथु को कैच दे बैठीं। 29 रन पर अथापथु ने उनका विकेट गिरा दिया और एक स्टंपिंग मौका भी बच गया।



## क्वालिफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन से शीर्ष पर रहीं शीतल

**दुबई, एजेंसी।** अब नॉकआउट में वह शीर्ष तीरंदाज के तौर पर खेलेंगी। शीतल ने गर्म तेज हवाओं के बावजूद विपरीत परिस्थितियों में इतना अच्छा स्कोर किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। बिना बाजुओं की तीरंदाज शीतल देवी आठवें फजा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के क्वालिफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर रहीं। यह पेरिस पैरालंपिक का क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट है। शीतल ने महिला कंपाउंड के ओपन वर्ग में 360 में से 348 का स्कोर किया। अब नॉकआउट में वह शीर्ष तीरंदाज के तौर पर खेलेंगी। शीतल ने गर्म तेज हवाओं के बावजूद विपरीत परिस्थितियों में इतना अच्छा स्कोर किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ा।

## एक नजर

### आगजनी से बचने के लिए चार माह तक बरतें सावधानी

**पटना (नि.सं.)।** आगजनी को लेकर अगले चार माह तक सावधानी बरतने की जरूरत है। जिला प्रशासन ने आग की रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि लोगों को इन चार माह में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। प्रशासन ने कहा है कि अग्निकांड के पीड़ितों को 24 घंटे के अंदर आर्थिक मदद उपलब्ध करायी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस अवधि में पछुआ का प्रवाह भी तीव्र गति से होता है। ग्रीष्मकाल में विभिन्न क्षेत्रों में अग्निकांड की संभावना बढ़ जाती है। गांव में अगलगी की घटना होने पर खेत, खलिहान, खड़ी फसल आदि में जानमाल की क्षति होती है। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने ऐसी स्थिति में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक उपाय का निर्देश दिया है। जिला अग्निशामक पदाधिकारी ने बताया गया कि पटना जिले में अग्निशमन विभाग की 98 गाड़ियां हैं, जिसमें 36 गाड़ियां 400 लीटर तथा 44 गाड़ियां 5 हजार लीटर से अधिक क्षमता की हैं। 3 हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म, 2 फोम टेंडर तथा 13 वाटर वाउजर हैं। जिले में 10 फायर स्टेशन हैं, जिसमें 6 शहरी क्षेत्रों में तथा 4 ग्रामीण क्षेत्रों में है। 10 अनुमडंल स्तरीय अग्निशामालय पदाधिकारी कार्यरत हैं। डीएम ने पटना जिले के सभी सरकारी (अग्निशाम, पीएचईडी एवं अन्य) तथा निजी हाइड्रेंट एवं जलश्रोतों को क्रियाशील रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अग्निशामालयों तथा थानों में तैनात सभी अग्निशामक वाहनों को ड्राइवर एवं अन्य संसाधनों सहित 24 घंटे मुस्तैद रखने को कहा है।

### नये आरक्षण कानून पर सुनवाई जारी

**पटना (नि.सं.)।** सरकारी नौकरी एवं शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण सीमा पचास फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी किये जाने के मामले में पटना हाईकोर्ट में मंगलवार को भी सुनवाई हुई। आवेदकों की ओर से दलील पेश की गई। बुधवार को भी सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चन्द्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने गौरव कुमार सहित 9 मामलों पर एकसाथ सुनवाई की।

### वंशावली बनाने के लिए अंचलों में शिविर शुरू

**पटना (नि.सं.)।** भूमि के दाखिल खारिज और निबंधन में हो रही परेशानी को कम करने के लिए मंगलवार को जिला प्रशासन ने वंशावली बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया। इसके लिए नौ डीसीएलआर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नये नियमावली के अनुसार भूमि की रजिस्ट्री तभी संभव है जब विक्रेता के नाम से दाखिल खारिज हो। अधिकांश मामलों में लोगों के नाम से वंशावली के अभाव में दाखिल खारिज नहीं हो पा रहा है। पटना सदर, फुलवारीशरीफ और संपतचक अंचल में डीसीएलआर जितेंद्र पांडेय, खुसरूपुर, दनियावां और फतुहां अंचल में डीसीएलआर संजीव कुमार सिंह, मसौढी धनरूआ और पुनपुन में डीसीएलआर मृत्युंजय कुमार, पालीगंज, बिक्रम और दुल्हिनबाजार अंचल के लिए डीसीएलआर संतोष कुमार सिंह, नौबतपुर और बिहटा अंचल के लिए डीसीएलआर विजेंद्र कुमार, दानापुर और मनेर के लिए डीसीएलआर अमृत राज बंधु, बख्तियारपुर, अथमलगोला और बाढ़ अंचल के लिए डीसीएलआर दिनेश कुमार सिंह तथा पंडारक, घोसवरी, मोकामा और बेलछी के लिए डीसीएलआर ज्ञानानंद को डीएम ने जिम्मेदारी सौंपी है।

### छज्जूबाग के पास मंदिर से 2.5 लाख के गहने की हुई चोरी

**पटना (नि.सं.)।** गांधी मैदान थाना इलाके के छज्जूबाग स्थित नागमणि ब्रह्म स्थान मंदिर से सोमवार की रात बदमाशों ने मां दुर्गा के ढाई लाख के आभूषणों की चोरी कर ली। इसकी जानकारी मंगलवार की सुबह छह बजे हुई। मंदिर में हुई चोरी के विरोध में लोगों छज्जूबाग इलाके में हंगामा भी किया। पुजारी की लिखित शिकायत पर थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दरअसल, प्रतिदिन की तरह मंदिर के पुजारी आदित्य कुमार तिवारी सोमवार की रात दस बजे मंदिर को बंदकर चले गए। सुबह जब मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंचे तो मंदिर के शीशे के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। उन्होंने पर्दा हटाकर देखा तो मां दुर्गा की मूर्ति से स्वर्ण आभूषण गायब थे, जिसमें मुकुट, मंगटीका, नथिया, हार, कान की बाली आदि शामिल है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि बदमाश मंदिर से सटी दीवार से होकर छत पर चढ़े और पेड़ के सहारे अंदर उतर कर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार गये।

# सड़क हादसे में प्रखंड उद्यान पदाधिकारी की मौत, एक उद्यान पदाधिकारी घायल



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र में जसोइया मोड़ के पास मंगलवार को अज्ञात ट्रक द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से ओबरा प्रखंड के प्रखंड उद्यान पदाधिकारी की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक और उद्यान पदाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान ओबरा के प्रखंड के उद्यान पदाधिकारी 50 वर्षीय राकेश प्रजापति के रूप में की गई है। वह मूल रूप से कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिसौड़ा गांव के रहने वाले हैं।

वही घायल उद्यान पदाधिकारी की पहचान नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र के मई परवलपुर निवासी राजेश्वर प्रसाद के रूप में की गई है, जो औरंगाबाद प्रखंड के उद्यान पदाधिकारी है। बताया जाता है कि दोनो उद्यान पदाधिकारी ओबरा में किसानों के बीच पपीते के पौधे का वितरण कर बाइक से औरंगाबाद उद्यान कार्यालय आ रहे थे। इसी दौरान जसोईया मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों उद्यान पदाधिकारियों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राकेश प्रजापति को मृत घोषित किया गया। उद्यान पदाधिकारी की मौत के बाद सदर अस्पताल मृतक के परिजनों के चीत्कार से गूंज उठा। मृतक अपने पीछे दो पुत्र चांद(16) और प्रिंस(10) तथा एक बेटी यास्मीन(13) वर्ष छोड़कर गए हैं।

## गांव में घुसे तेंदुए ने मचाया आतंक महिला घायल, दहशत में ग्रमीण

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के एक गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सदर प्रखंड के जोकहरी गांव में मंगलवार को अचानक एक तेंदुआ घुस आया। तेंदुआ घरों ने घुस गया और कई लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान तेंदुएं ने छलांग मारकर एक महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला सुनैना देवी गांव को स्थानीय सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए बेहतर इलाज के लिए रोहतास जिले के जमुहार स्थित एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही गांव में घुसे तेंदुए ने काफी देर तक आतंक मचाए रखा। पूरे गांव के लोग दहशत में आ गए। ग्रामीणो द्वारा खदेड़े जाने के बाद तेदुआ जोकहरी गांव से पूरब चितरगोपी की ओर भाग निकला। तेंदुआ के आने से इलाके में दहशत है। जोकहरी, पटनवा, चितरगोपी, देवहरा एवं राजा बिगहा समेत आसपास के दर्जन भर गांव के लोग दहशत में है। हालांकि इस इलाके में पहली बार किसी तेंदुए ने दस्तक दी है। मंगलवार को जब तेंदुआ गांव में घुसा तो घरों में घुसकर हमला कर दिया। इस घटना के बाद सभी गांव वाले एक जगह पर जमा हो गए और वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। टीम ने तेंदुआ को पकड़ने का प्रयास शुरू कर दिया है। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम पिंजरा और जाल लेकर आई है। टीम तेंदुए को खोजने और पकड़ने के प्रयास में जुटी है। वन रेंजर मनोज कुमार मिश्रा का कहना है कि टीम लगातार निगरानी कर रही है। वही डीएफओ रुचि सिंह ने कहा कि अभी जानवर के पंजो के स्पष्ट निशान नही मिले है। इस कारण अभी यह पक्के तौर पर नही कहा जा सकता है कि हमला करने वाला जानवर तेंदुआ ही है। हालांकि वन विभाग की टीम जानवर को ढूंढने और पकड़ने के प्रयास में जुटी है। वही ग्रामीण तेंहुए के हमले का दावा कर रहे हैं। फिलहाल ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है।

#### बीआरबीसीएल ने मनाया 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

# सुरक्षा स्वयं एवं अपने परिवार के लिए जरूरी : बीजेसी शास्त्री





निज संवाददाता

**नवीनगर(औरंगाबाद)।** नवीनगर स्थित भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) की बिजली परियोजना में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) बीजेसी शास्त्री ने ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान, संविदा कर्मचारी को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि सुरक्षा स्वयं एवं अपने परिवार के लिए जरूरी है क्योंकि परिवार का दायित्व स्वयं के ऊपर निर्भर है। जीवन अमूल्य है। कार्य करने से पहले उससे जुडे खतरे के बारे में जानकारी प्राप्त करे व असुरक्षित स्थितियां दूर करे। उसके पश्चात ही कार्य करे। हर एक दुर्घटनाओं का विश्लेषन किया जाए तथा उन्हे रोकने का प्रयास किया जाए। उपस्थित कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए सभी को सुरक्षा के प्रति सचेत होने एवं इसको अपनाने का आग्रह किया, तकनीकी सुधार एवं प्रशिक्षण द्वारा दुर्घटना को नियंत्रित करने का आग्रह किया । साथ ही कहा कि सुरक्षा जिन्दगी के सभी पहलू में महत्वपूर्ण है और किसी भी कीमत में सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करना चाहिए तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग सुनिश्चत करते हुए सुरक्षा को दिल से अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक(अनुबंध और सामग्री) सुधांशु शेखर साहू, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) मैथ्यू ईपे कोवूर, महाप्रबंधक (परियोजना) संदीप कुमार दास, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) अहमद कौनैन रज़ा, महाप्रबंधक (प्रचालन) बिमल कुमार साहा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अनिरुद्ध सिंह, मुख्य वित्तीय अधिकारी विजयश्री रंगनाथन एवं उप समादेष्टा (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) अनिल गौड़ भी उपस्थित थे। सुरक्षा दिवस के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का समन्वय अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) अशोक कुमार झा के द्वारा किया गया एवं वार्षिक सुरक्षा सम्बन्धित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। सप्ताह के दौरान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों, बच्चों, महिलाओं, संविदा कर्मियों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी विवरण दिया। वही धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक(सुरक्षा) शैलेंद्र कुमार ने किया।

## 11 मार्च को धूमधाम से मनाई जाएगी पृथ्वीराज चौहान की पुण्यतिथि



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के पिछले बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में आगामी 11 मार्च को पृथ्वीराज चौहान पुण्यतिथि समारोह मनाने वास्ते गठित उपसमिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के संयोजक जगदीश सिंह ने किया जबकि संचालन मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं 11 मार्च को वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान जी की पुण्यतिथि समारोह भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। पुण्यतिथि समारोह में 11 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। शिक्षा, चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया जाएगा। पृथ्वीराज के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात, उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित विचार गोष्ठी भी आयोजन किया गया है। आज के महत्वपूर्ण बैठक में उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह एवं डॉ संजीव रंजन, वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह, राम भजन सिंह, मनोज कुमार सिंह, गोरखनाथ सिंह चंद्र प्रकाश विकास, भीम सिंह,कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा सिन्हा कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो गया, के द्वारा 11 मार्च से 13 मार्च 2024 तक लगातार 3 दिनों तक कार्यक्रम आयोजित करेगा। प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित होने जा रहा है। केंद्रीय संचार ब्यूरो गया के कार्यक्रम अधिकारी बी इकबाल से बात करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि तीन दिनों तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान करेंगे। राज्य स्तर से आने वाले अतिथि कलाकारों के



साथ हमारे महाविद्यालय के छात्रों को अपनी कला समृद्ध करने का मौका मिलेगा। हमारा संकल्प विकसित भारत, विषय में कई गतिविधियां आयोजित होंगे। बी इकबाल ने कहा कि इस महाविद्यालय की ख्याति पूरे बिहार में जग जाहिर है। पीटीआई डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 9 मार्च 2024 को इस कार्यक्रम के आलोक में आयोजित होने वाले खेल से एकता के भाव विकसित होंगे। कार्यक्रम समन्वयक बहादुर भीम कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की माध्यम से छात्र बहुआयामी बनेंगे जो उनके करियर उन्नति में मदद करेगा। लेखपाल मनोज कुमार इस कार्यक्रम के प्रति उत्साह व्यक्त किया है। प्रधान सहायक सौरभ सुमन इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुड़ चुके हैं। कार्यालय सहायक राहुल कुमार सिंह छात्र-छात्राओं की प्रतिभागीता सुनिश्चित कराने में जुड़ चुके हैं। प्राचार्य कार्यालय से निर्गत सूचना के माध्यम से एनसीसी पदाधिकारी मनजीत कुमार, एनएसएस ऑफिसर निहारिका कुमारी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के समन्वयक नीतू सिंह को सूचित किया गया है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम विभिन्न सत्रों में होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति आकाशवाणी के कलाकारों के द्वारा एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी, गोष्टी, कवि सम्मेलन, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, खेलकूद, हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर फोटो प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम में मंचीय कार्यक्रम द्वारा चंद्रयान 3 का परीक्षण, अंतरराष्ट्रीय मिलेटस वर्ष, स्वतंत्रता के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देश एवं राज्य के महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं गुमनाम नायकों को विशेष फोटो प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्मरण कराना तथा उन्हें श्रद्धांजलि देना इत्यादि है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन होगा। एक बार पुनः महाविद्यालय अपनी गरिमा को शिखर पर स्थापित करने का अवसर प्राप्त कर रहा है।

## बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**नवीनगर (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** नवीनगर कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा राजा कुमार ने नवीनगर थाना में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है जिसमें बताया है कि बिजली चोरी को लेकर कनीय सारणी विनोद कुमार यादव मानव बल सोनू कुमार मानव बल नकुल कुमार सिंह के साथ छापेमारी किया गया तो शनिचर बाजार निवासी जितेंद्र कुमार पर 19670 रुपए और महीप बिगहा निवासी राणा संग्राम सिंह पर 79182 रुपए तथा जनकपुर पोखरा निवासी प्रतिमा देवी पर 51513 रूपए जुर्माना और प्राथमिकी दर्ज कराया है बताया है की उक्त लोगो के घर पर बिजली चोरी को लेकर छापेमारी किया गया तो जांच के क्रम में पाया गया कि विद्युत विभाग के बगैर कोई वैध विद्युत संबंध लिए विद्युत ऊर्जा का अवैध ढंग से उपयोग किया जा रहा है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई किया जा रहा है।

## नौ सूत्री मांगों को लेकर एएनएम संघर्ष समिति ने एक दिवसीय धरने का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले बिहार राज्य संविदागत एएनएम संघर्ष समिति के जिला शाखा के द्वारा सदर अस्पताल में अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस धरने प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। क्योंकि लगातार उन लोगों के द्वारा सरकार से अपने अधिकार की मांग की जा रही है और इसको लेकर कई बैठकें भी हुई है। मगर सरकार के द्वारा उनकी 9 सूत्री मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। यदि सरकार इस विषय पर संज्ञान नहीं लेती है तो आने वाले दिनों में यह धरना बड़े आंदोलन का रूप लेगा। संविदगत एएनएम संघर्ष समिति की 9 सूत्री मांगों में संविदा पर कार्यरत एएनएम को बिना परीक्षा के नियुक्त करना, न्यूनतम मानदेय 26000 करना, राज्य स्वास्थ्य समिति के तर्ज पर निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं बिहार पटना द्वारा नियुक्त एएनएम को 35 प्रतिशत वेतन में इजाफा करना, निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं बिहार पटना द्वारा नियुक्त संविदागत एएनएम के प्रत्येक वर्ष वेतन वृद्धि का लाभ देना, अन्य महिला कर्मियों की भांति संविदागत एएनएम को दो दिनों का विशेष अवकाश देना, शहरी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत एएनएम से सर्वे का कार्य करने पर रोक लगाना, बायोमेट्रिक प्रणाली से हाजिरी बनाने पर रोक लगाना, चिकित्सा अवकाश का लाभ देना तथा संविदागत एएनएम को अपने गृह जिला में पदस्थापन एवं स्थानांतरण करना शामिल है।

## महिला शराब तस्कर गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** पटना के करबिगहिया इलाके से पुलिस ने एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से 36 लीटर शराब बरामद हुआ है। महिला दो बोरों में भरकर शराब ले जा रही थी। गुप्त सूचना पर पुलिस वहां पहुंची थी। पुलिस को देखते महिला वहां से भागने लगी। महिला पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर महिला को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जक्कनपुर थाने में इसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जक्कनपुर थाना के एएसआई एकराम सिंह के बयान पर मामला दर्ज कराया है। एकराम सिंह से बताया कि गुप्त सूचना मिली की एक महिला दो बोर में रख कर शराब लेकर स्टेशन पहुंचने वाली है। इसके बाद गस्ती पार्टी को इसकी सूचना दी गई, जैसे ही महिला वहां हाथ में थैला लेकर वहां पहुंची।

# एटीएम कार्ड बदलकर फ्रॉड करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से पैसे निकालने वाले एक गिरोह का नगर पुलिस ने उद्भेदन किया है, साथ ही मामले में गिरोह एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित गया ज़िले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के उतरावां गांव निवासी सुधांशु भारद्वाज उर्फ टमाटर हैं। जबकि गिरोह के दो अन्य सदस्यों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही हैं। इसके पास से अलग-अलग बैंकों के पांच एटीएम कार्ड, एक एल्युमीनियम का पत्तर एवं सैमसंग का एक कीपैड वाला फोन बरामद किया गया है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई अनित कुमार एवं अन्य सशस्त्र बलों के द्वारा की गई। जानकारी देते हुये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां ने बताया कि शहर के रमेश चौक के स्थित एचडीएफसी बैंक के समीप पुलिस वाहन को देख अपाची बाइक पर बैठे दो युवक एवं एक युवक एटीएम से रॉ निकालकर अचानक भागने लगे जिन्हें संदेह के आधार पर पिछा किया गया और घेराबंदी कर एक को पकड़ा गया। जबकि दो अन्य बाइक सवार मौके से फरार हो गए। इसके पास से पांच एटीएम कार्ड, एक एल्युमीनियम पत्तर एवं कीपैड वाला मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने एटीएम फ्रॉड की बात स्वीकार किया है। उसने बताया कि अपने गिरोह के अन्य साथियों के सहयोग से एटीएम का कैस निकालने वाले जगह पर एल्युमीनियम का पत्तर चिपकाकर धोखाधड़ी पूर्वक पैसा निकाल लेते हैं। एसडीपीओ ने बताया कि इसके पहले यह पटना ज़िले के नौबतपुर थाना से फ्रॉड के मामले में जेल जा चुका हैं। इधर संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड से जुड़े घटनाओं पर अंकुश लगाने के पुलिस निरंतर प्रयास कर रही है। आगे भी अभियान के फलस्वरुप जारी रहेगा।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

## पटना में खुला एशिया का पहला डॉल्फिन रिसर्च सेंटर

**पटना (नि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन हो गया है। पटना में गंगा नदी के तट पर बना यह अनुसंधान केंद्र भारत का पहला और एकमात्र राष्ट्रीय स्तर का डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र है। इसके साथ ही पूरे एशिया में डॉल्फिन पर यह अपनी तरह का एकमात्र शोध केंद्र है। इस अनुसंधान केंद्र के भवन की नींव 2020 में रखी गई थी। इस रिसर्च सेंटर में डॉल्फिन के साथ-साथ अन्य जलीय जीवों पर भी शोध किया जाएगा। देश में पाई जाने वाली आधे से ज्यादा डॉल्फिन बिहार में हैं। गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता भी डॉल्फिन के माध्यम से मापी जाती है। एनडीआरसी (नेशनल डॉल्फिन रिसर्च सेंटर) गंगा में डॉल्फिन के अध्ययन में वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए बहुत मददगार साबित होगा।

## लोजपा (आर) जिलाध्यक्ष ने देव, कुटुंबा और वारुण में प्रखंड अध्यक्ष का किया मनोनयन





कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी के औरंगाबाद जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह ने पार्टी की विचारधाराओं एवं बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के विजन के तहत कार्य करने के लिए देव, कुटुंबा एवं बारुण प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष का मनोनयन किया है।

इस मौके पर अपने आवासीय कार्यालय में अध्यक्ष ने सबसे पहले सभी नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्षों का स्वागत किया और उन्हे पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को अपने अपने क्षेत्र में जन जन तक पहुंचाने के प्रति दृढसंकल्पित किया।

श्री सिंह ने बताया कि बारुण में विजय प्रसाद, देव में रवि कुमार तथा कुटुंबा में सुरेंद्र सिंह को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। श्री सिंह ने बताया कि नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष का चयन उनकी कर्मठता, कार्य कुशलता एवं पार्टी के प्रति समर्पण को देखकर किया गया है और इनके अध्यक्ष बनने से न सिर्फ पार्टी को मजबूती मिलेगी बल्कि लोकसभा चुनाव में हमारी सशक्त भूमिका रहेगी।